

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कोलकाता में लोकसभा चुनाव से संबंधित एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए।

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# एक्शन इंडिया

वर्षः 13 अंकः 115 पृष्ठः 12

RNI : HPHIN/2012/48072

actionindiauna@gmail.com

हिमाचल संस्करण

दिल्ली - हरियाणा - हिमाचल प्रदेश - उत्तराखण्ड

RKB GROUP Rakesh Bhardwaj Group

# 13 राज्यों की 88 सीटों पर 60 % से ज्यादा मतदान

= 13 राज्यों की 88 सीटों पर वोटिंग खत्मः 5 बजे तक छत्तीसगढ़-त्रिपुरा-मणिपुर-बंगाल में 71% से ज्यादा मतदान, प्रत्याशियों की किस्मत ईवीएम में कैद

**मताधिकार**

8 मणिपुर के उखरुल से एक वीडियो सामने आया, जिसमें कुछ संदिग्ध एक बूथ के अंदर घुस आए। लोकतंत्र हाईजैक होने का आरोप लगाया

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्लीः** 18वीं लोकसभा के चुनाव के लिए सेकेंड फेज की 13 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों की 88 सीटों पर वोटिंग का समय शाम 6 बजे खत्म हो गया। सिर्फ वे लोग जो लाइन में लगे हुए हैं, वे ही वोट डाल सकेंगे। 5 बजे तक त्रिपुरा में सबसे ज्यादा करीब 76.23% वोटिंग हुई। महाराष्ट्र, बिहार और उत्तर प्रदेश मे सबसे कम 53% के आसपास मतदान हुआ। मणिपुर के उखरुल से एक वीडियो सामने आया, जिसमें कुछ संदिग्ध एक बूथ के अंदर घुस आए। कांग्रेस ने लोकतंत्र हाईजैक होने का आरोप लगाया। इससे पहले, छत्तीसगढ़ के गरियाबंद जिले में बूथ पर ड्यूटी के दौरान एक पुलिसकर्मी ने खुद को गोली मार ली। वह मध्य प्रदेश का रहने वाला है। तृणमूल कांग्रेस ने आरोप लगाया कि बंगाल की दो लोकसभा सीटों बालूरघाट और रायगंज में सेंट्रल फोर्सेस महिलाओं को वोटिंग से रोक रही हैं। बालूरघाट में बंगाल भाजपा अध्यक्ष सुकांत मजूमदार और तृणमूल वर्कर्स के बीच झड़प भी हुई। सेकेंड फेज में लोकसभा अध्यक्ष ओम बिड़ला, 5 केंद्रीय मंत्री, 2 पूर्व सीएम और 3 फिल्मी सितारे मैदान में हैं। इसके अलावा राहुल गांधी, शशि थरूर और हेमा मालिनी की सीट पर भी वोटिंग हुई। आउटर मणिपुर के कुछ हिस्सों में दोबारा वोटिंग हुई। चुनाव आयोग ने इस सीट पर दो फेज में चुनाव की घोषणा की थी। 2019 में सेकेंड फेज की सीटों पर सबसे ज्यादा भाजपा को 50 और एनडीए के सहयोगी दलों ने 8 सीटें जीती थीं। कांग्रेस के खाते में 21 सीटें गईं थीं। अन्य को 9 सीटें मिली थीं। चुनाव आयोग के मुताबिक, दूसरे फेज में 1,202 कैंडिडेट्स मैदान में हैं। इनमें 1,098 पुरुष और 102 महिला उम्मीदवार हैं। दो प्रत्याशी थर्ड जेंडर से है। इससे पहले 19 अप्रैल को पहले फेज की 102 सीटों पर वोटिंग हुई थी।

**राजस्थान में टॉर्च की रोशनी में वोटिंगः** राजस्थान में टोंक-सवाई माधोपुर सीट पर तेज आंधी के कारण शाम को बूथ संख्या 128 पर लाइट चली गई। वैकल्पिक व्यवस्था नहीं होने पर यहां टॉर्च की रोशनी में मतदान करवाया गया।

**बंदरों ने बिजली का तार तोड़ा, मोबाइल के टॉर्च में वोटिंगः** एमपी में सतना के पोलिंग बूथ-137 पर बंदरों ने बिजली की लाइन तोड़ दी। इससे मतदान केंद्र में लाइट चली गई। यहां अंधेरे में मोबाइल के टॉर्च में वोटिंग कराई गई। मणिपुर के उखरुल में एक बूथ पर कुछ संदिग्ध घुस आए। बताया जा रहा है कि ये नेशनलिस्ट सोशलिस्ट काउंसिल ऑफ नगालैंड-आइजैक-मुइवा के लोग थे।











## शांतिपूर्वक डाले गए वोट, हिंसा की खबर नहीं

राजस्थान में बारां जिले के केरवालिया में बूथ संख्या 249 राजकीय उच्च माध्यमिक स्कूल पर दूल्हा शैलेंद्र नागर घोड़ी पर सवार होकर मतदान केंद्र पहुंचा। इस दौरान उनके साथ परिजन और ग्रामीण भी मौजूद रहे।

**जम्मू-कश्मीर के रियासी में शादी के बाद वोट डालने पहुंचा जोड़ा** : जम्मू के रियासी माहौर पोलिंग बूथ पर शादी के बंधन में बंधे नए जोड़े ने वोट डाला। छत्तीसगढ़ की तीनों लोकसभा के 5 विधानसभा क्षेत्रों में 3 बजे मतदान खत्म हो गया। इनमें राजनांदगांव का मोहला-मानपुर, कांकेर लोकसभा का भानुप्रतापपुर, कांकेर, केशकाल और महासमुंद लोकसभा के बिंद्रानवागढ़ के 9 बूथ शामिल हैं। वहीं छत्तीसगढ़ में चुनाव ड्यूटी के दौरान जवान ने गोली मारकर खुदकुशी की।

## क्रिकेटर मोहम्मद शमी ने अमरोहा में वोट डाला



क्रिकेटर मोहम्मद शमी ने यूपी के अमरोहा में वोट डाला। उन्होंने कहा-मतदान करना आपका हक है, आपको आपकी पंसद की सरकार चुनने का हक है। मैं एक ही चीज बोलना चाहूंगा कि वोट डालें, अपने पसंदीदा उम्मीदवार को वोट दें।

**बिहार के बांका में बूथ पर रोबोट ने वोटर्स का स्वागत किया** : बिहार में बांका लोकसभा क्षेत्र के रजौन में मतदाताओं का स्वागत करने के लिए रोबोट लगाया गया है। वोटर के पहुंचने पर रोबोट हाथ जोड़कर अभिवादन कर रहा है

**रावण बनकर दिया मतदान करने का संदेशः** राजस्थान के झालावाड़ जिले के भवानीमंडी में रावण बनकर दिनेश दिलवाले नाम के कलाकार ने मतदान के लिए लोगों को जागरूक किया। वे कपड़ों पर सारे काम छोड़ दो, सबसे पहले वोट दो का पर्चा लगाए हुए थे।


## आदर्श विचार



"मैं उन्हें ज्ञान देता हूँ जो सदा मुझसे जुड़े रहते हैं और जो मुझसे प्रेम करते हैं।"

-भागवद्

## मन की बात



"उठो, जागो और तब तक मत रुको जब तक लक्ष्य की प्राप्ति ना हो जाए।"

-स्वामी विवेकानंद

## बीवी के 'स्त्रीधन' पर पति का हक नहीं

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्लीः** विवाहित जोड़े की संपत्ति से जुड़े एक मुकदमे में सुप्रीम कोर्ट ने अहम टिप्पणी की। शीर्ष अदालत ने कहा कि एक पति का पत्नी के 'स्त्रीधन' (महिला की संपत्ति) पर कोई नियंत्रण नहीं होता।

10 साल से अधिक पुराने इस मुकदमे में अपने हक की लड़ाई के लिए सुप्रीम कोर्ट पहुंची महिला के मामले की सुनवाई न्यायमूर्ति संजीव खन्ना और जस्टिस दीपांकर दत्ता की पीठ में हुई। अदालत ने पत्नी के 'स्त्रीधन' पर पति का नियंत्रण होने के मामले में अहम टिप्पणी की।

## 'कर्नाटक में गारंटी की लहरः सिद्धारमैया

**टीम एक्शन इंडिया**

**बंगलूरुः** लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण के बीच कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया ने मोदी लहर को लेकर प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने बताया कि कर्नाटक में कोई मोदी लहर नहीं है। सीएम सिद्धारमैया ने आगे कहा कि कांग्रेस सरकार की गारंटी योजनाओं के पक्ष में एक लहर है। उन्होंने दावा किया कि उनकी पार्टी राज्य में कुल 28 लोकसभा सीटों में से 20 सीटें जीतेगी। मतदान करने के बाद सिद्धारमैया ने मीडिया से बात की। उन्होंने कहा, "कर्नाटक में कोई मोदी लहर नहीं है। यहां केवल गारंटी की लहर है। कांग्रेस लगभग 20 सीटें जीतने वाली है, क्योंकि हमारी सरकार की योजनाएं बिना किसी मध्यस्थ के जनता तक पहुंची है। हर महीने लोगों के बैंक खातों में पैसा पहुंचा है।" बता दें कि शुक्रवार को कर्नाटक के 14 सीटों पर मतदान हुआ।

**जनता का आशीर्वाद कांग्रेस के साथः सिद्धारमैया**

सिद्धारमैया ने भरोसा जताया कि जनता का आशीर्वाद कांग्रेस के साथ है। उन्होंने कहा कि पिछले साल विधानसभा चुनाव में भी जनता ने कांग्रेस को जीत दिलाई थी। पहले चरण के 14 सीटों में कांग्रेस को कितनी सीटों में जीत मिलेगी।

## संदेशखालीः सीबीआई की छापेमारी, हथियार बरामद

**टीम एक्शन इंडिया**

**कोलकाताः** पश्चिम बंगाल में दूसरे चरण के मतदान के बीच संदेशखाली मामले में सीबीआई ने राज्य के कई इलाकों में छापेमारी की। छपेमारी के दौरान उन्होंने हथियार बरामत किया। सीबीआई को संदेशखाली में जांच के दौरान हथियारों का एक बड़ा जखीरा छिपे होने का इनपुट मिला था। शुक्रवार को टीम ने अभियान चलाकर विदेशी पिस्तौल समेत कई हथियार बरामत किया। सीबीआई की छापेमारी को लेकर बंगाल में भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष सुकांत मजूमदार ने प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने मीडिया से




बात करते हुए कहा, "संदेशखाली अब एक खतरनाक मोड पर जा रहा है। पहले यहां महिलाओं के साथ दुष्कर्म का मामला सामने आया, फिर ड्रग्स रैकेट का खुलासा हुआ और अब यहां से हथियार बरामद किया गया है। जानकारी के अनुसार, बरामद किए गए हथियारों में ज्यादातर विदेशी हथियार शामिल हैं।

## वीवीपैट के 100% मिलान की मांग खारिज

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्लीः** सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को ईवीएम के वोटों की वीवीपैट पर्चियों से 100 फीसदी मिलान संबंधी याचिकाओं को खारिज कर दिया। जस्टिस संजीव खन्ना और जस्टिस दीपांकर दत्ता की पीठ ने कहा कि किसी भी प्रणाली पर आंख मूंदकर संदेह करना किसी भी व्यवस्था के प्रति शक पैदा कर सकता है।

**सुप्रीम कोर्ट ने चुनाव आयोग को दिए ये निर्देशः** पीठ ने कहा कि 'संतुलित परिपेक्ष महत्वपूर्ण है। आंख मूंदकर किसी भी व्यवस्था पर संदेह करना उस व्यवस्था के प्रति शक पैदा कर सकता है। सार्थक



आलोचना करने की जरूरत है फिर चाहे वो न्यायपालिका हो या फिर विधायिका। लोकतंत्र, सभी स्तंभों के बीच सद्भाव और विश्वास कायम रखने के बारे में है। विश्वास और सहयोग की संस्कृति को बढ़ावा देकर हम अपने लोकतंत्र की आवाज को मजबूत कर सकते हैं।' सुप्रीम कोर्ट ने ईवीएम संबंधी याचिकाओं को खारिज करने के साथ ही चुनाव आयोग के लिए भी दो निर्देश जारी किए हैं।

चुनाव आयोग को ईवीएम में चुनाव चिन्ह लोड करने के बाद चुनाव चिन्ह लोडिंग यूनिट को सील करके सुरक्षित जगह पर रखना चाहिए।

**याचिका**

8 बैलट पेपर से चुनाव नहीं होंगे; पर कैंडिडेट की शिकायत पर ईवीएम की जांच होगीः सुप्रीम कोर्ट

## कांग्रेस-तृणमूल पहले चरण में पस्तः पीएम मोदी



**टीम एक्शन इंडिया**

**कोलकाताः** पश्चिम बंगाल के मालदा में रैली को संबोधित करते हुए पीएम मोदी ने कांग्रेस और टीएमसी पर निशाना साधा है। उन्होंने कहा कि टीएमसी के राज में बंगाल में एक ही चीज चलती है- हजारों करोड़ो के स्कैम, शारदा चीट फंड, पशु तसकरी घोटाला, राशन घोटाले, कोयला घोटाले आदि। लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण के बीच प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पश्चिम बंगाल के मालदा में प्रचार किया। इस प्रचार के दौरान उन्होंने एक रैली को भी संबोधित किया। रैली को संबोधित करते हुए पीएम मोदी ने बताया कि आज देश में दूसरे चरण का मतदान हो रहा है और सुबह से ही लोग उत्साह और उमंग के साथ लोकतंत्र का उत्सव मना रहे हैं। मालदा में लोगों को संबोधित करते हुए पीएम मोदी ने कहा, "जो लोग मतदान के लिए उत्साह से निकल पड़े हैं, मैं उनका बहुत बहुत अभिनंदन करता हूं।" उन्होंने आगे कहा, "मैं इतनी भीड़ देखकर खुश हूं कि इतने लोग मेरा स्वागत करने के लिए यहां आए हैं। आज लोग लोकतंत्र के महापर्व का उत्सव मना रहे हैं। मैं आपसे अपील करता हूं कि आप अपना वोट देकर भारत के लोकतंत्र में योगदान दें।"

### 'युवाओं के भविष्य से खेल रही टीएमसी'

**मालदा** में पीएम मोदी ने शिक्षक भर्ती घोटाला का जिक्र करते हुए कहा कि टीएमसी सरकार लगातार युवाओं के भविष्य से खेल रही है। उन्होंने आगे कहा, "शिक्षक भर्ती घोटाले ने 26,000 परिवारों की रोजी रोटी छीन ली। दूसरी तरफ भाजपा युवा सशक्तिकरण सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है।" प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का कहना है कि टीएमसी ने मां-माटी-मानुष की बात कहकर सत्ता में आई, लेकिन सत्ता में आते ही पार्टी से सबसे ज्यादा विश्वासघात महिलाओं के साथ किया।

## ओबीसी का अधिकार छीन मुस्लिमों को देगी कांग्रेसः नड्डा

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्लीः** लोकसभा चुनाव को लेकर देशभर में एक अलग माहौल बना हुआ है। आरोप-प्रत्यारोप का दौर जारी है। इस बीच, भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा ने कांग्रेस पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस मुसलमानों को लाभ पहुंचाने के लिए अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति और अन्य पिछड़ा वर्ग के अधिकार छीनने की कोशिश कर रही है। इतना ही नहीं, नड्डा ने दावा किया कि यह विपक्षी दल का छिपा हुआ एजेंडा है। जेपी



नड्डा ने एक वीडियो संदेश जारी कर कहा कि कांग्रेस और इंडी गठबंधन हमारे एससी, एसटी और ओबीसी लोगों का अधिकार छीन कर मुस्लिमों को देना चाहते हैं। यही इनका छिपा हुआ एजेंडा है।

कांग्रेस के घोषणापत्र में भी तुष्टीकरण स्पष्ट दिखाई दे रहा है।

**मनमोहन सिंह के बयान का दिया हवाला** : भाजपा अध्यक्ष ने साल 2006 में तत्कालीन प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह के उस बयान का हवाला दिया जिसमें उन्होंने कहा था कि अल्पसंख्यकों, खासकर मुसलमानों को देश के संसाधनों पर पहला अधिकार है।

**तुष्टीकरण**

8 अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति और अन्य पिछड़ा वर्ग के अधिकार छीनने की कोशिश कर रही है

## फुटपाथों, सार्वजनिक सड़कों पर कब्जा नहीं कर सकते फेरीवालेः हाईकोर्ट

**टीम एक्शन इंडिया**

**मुंबईः** बॉम्बे हाईकोर्ट ने कहा है कि मुंबई में फुटपाथों और सार्वजनिक सड़कों पर अनधिकृत फेरीवालों को स्थायी रूप से कब्जा करने की अनुमति नहीं दी जा सकती है। जस्टिस गौतम पटेल और जस्टिस कमल की खंडपीठ ने 16 अप्रैल के अपने आदेश में कहा कि एक व्यक्ति के सांविधानिक अधिकार का मतलब पैदल यात्रियों के लिए स्वतंत्र और सुरक्षित फुटपाथ के अधिकार का उल्लंघन नहीं हो सकता है।

## 'मुर्शिदाबाद में हुई हिंसा के मामलों पर दाखिल करें रिपोर्ट'

**टीम एक्शन इंडिया**

**कोलकाताः** पश्चिम बंगाल के मुर्शिदाबाद जिले में रामनवमी के दौरान हुई हिंसा के मामले में कलकत्ता हाईकोर्ट ने शुक्रवार सुनवाई की। इस दौरान अदालत ने राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) को एक रिपोर्ट पेश करने का निर्देश दिया है। साथ ही यह पूछा है कि क्या इस मामले की जांच केंद्रीय एजेंसी को सौंपी जानी चाहिए।

**13 और 17 अप्रैल की घटना**

अदालत ने इस बात का भी जिक्र किया कि मुर्शिदाबाद जिले के पुलिस अधीक्षक ने अपनी रिपोर्ट में बेलदंगा



और शक्तिपुर में 13 और 17 अप्रैल को झड़पों में बम और अन्य हथियारों के कथित इस्तेमाल का जिक्र किया था, जिसके कारण लोग घायल हुए थे। मुख्य न्यायाधीश टीएस शिवागनानम की अध्यक्षता वाली खंडपीठ ने एनआईए को दो जनहित याचिकाओं में झड़पों और अन्य आरोपों व बमों के कथित इस्तेमाल के बारे में रिपोर्ट दाखिल करने का निर्देश दिया। साथ ही यह भी निर्देश दिया कि रिपोर्ट में बताए कि झड़पों के सिलसिले में दर्ज प्राथमिकियां केंद्रीय एजेंसी को सौंपी जाएं या नहीं। बता दें, पीठ में न्यायमूर्ति हिरणमय भट्टाचार्य भी शामिल हैं।

**मामले की सुनवाई 10 मई को होगी** : अदालत ने निर्देश दिया कि मामले की अगली सुनवाई 10 मई को की जाएगी।

**प्रचार की कमान** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता व मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने शिमला के डोडरा क्वार से किया चुनाव प्रचार का आगाज

## भाजपा ने धन बल से सत्ता को हथियाने का प्रयास कियाः सुक्खू

**टीम एक्शन इंडिया**

**शिमलाः** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता व मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने शिमला संसदीय क्षेत्र के लिए अपने चुनाव अभियान की शुरूआत शुक्रवार को शिमला जिला के दूर-दराज क्षेत्र डोडरा-क्वार से की। इस दौरान उन्होंने भाजपा पर ताबड़तोड़ हमले किए। मुख्यमंत्री ने कहा कि भाजपा ने धन बल से सत्ता को हथियाने का प्रयास किया लेकिन उनके इरादे कामयाब नहीं हो सके। उन्होंने कहा कि प्रदेश की जनता सत्ता हथियाने की कोशिश करने की सजा भाजपा को जरूर देगी और प्रदेश की चारों लोकसभा सीटें कांग्रेस



पार्टी के खाते में डालेगी। सुक्खू ने कहा कि भाजपा ने धनबल का इस्तेमाल कर कांग्रेस पार्टी के छह विधायकों को अपने साथ मिलाया और राज्यसभा चुनाव के लिए कांग्रेस प्रत्याशी के खिलाफ क्रॉस वोट किया। भाजपा ने पैसे के दम पर प्रदेश सरकार को गिराने की कोशिश भी की। उन्होंने कहा कि बिकाऊ नेता कभी भी जनसेवक नहीं हो सकते हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि नेता विपक्ष जयराम ठाकुर ने धनबल के अहंकार में यहां तक कहा कि भगवान भी इस सरकार को नहीं बचा सकते हैं लेकिन देवी-देवताओं के आशीर्वाद से वर्तमान राज्य सरकार ने बजट पास करवाया। उन्होंने कहा कि बजट में आम आदमी के कल्याण से जुड़ी योजनाएं थी, जिनमें मनरेगा के दिहाड़ी को बढ़ाकर तीन सौ रुपए का प्रावधान किया गया है तथा दूध खरीद पर मूल्य न्यूनतम समर्थन मूल्य देने वाला हिमाचल प्रदेश देश का पहला राज्य बना है। उन्होंने कहा कि हिमाचल प्रदेश सरकार गाय का दूध 45 रुपए और भैंस का दूध 55 रुपये प्रति लीटर के रेट पर खरीदेगी। इसके अतिरिक्त प्राकृतिक खेती से उत्पादित गेहूं को 40 रुपया और मक्की को तीस रुपया प्रति किलो की दर से खरीदा जाएगा। राज्य सरकार ने भ्रष्टाचार के दरवाजों को बंद किया, जिसके कारण राज्य सरकार के खजाने में पैसा आया और इसी धन से जन कल्याण की नई योजनाओं की शुरूआत की गई।

**चुनाव प्रचार**

8 राज्य सरकार ने भ्रष्टाचार के दरवाजों को बंद किया, जिसके कारण राज्य सरकार के खजाने में पैसा आया

# जयराम ने अहंकार में कहा, इस सरकार को भगवान भी नहीं बचा सकते: सुक्खू

## प्यारी बहना सुख सम्मान निधि के फॉर्म भरने की चुनाव आयोग ने दी इजाजत: सीएम, मुख्यमंत्री ने शिमला संसदीय क्षेत्र में प्रचार अभियान की शुरूआत की

**चमन शर्मा**

**शिमला।** मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू ने शिमला संसदीय क्षेत्र के लिए अपने चुनाव अभियान की शुरूआत शिमला जिला के दूर-दराज क्षेत्र डोडरा-क्वार से की। भाजपा पर जोरदार हमला करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि भाजपा ने धन बल से सत्ता को हथियाने का प्रयास किया लेकिन उनके इरादे कामयाब नहीं हो सके। उन्होंने कहा कि प्रदेश की जनता सत्ता हथियाने की कोशिश करने की सजा भाजपा को जरूर देगी और प्रदेश की चारों लोकसभा सीटें कांग्रेस पार्टी के खाते में डालेगी। उन्होंने कहा कि भाजपा ने धनबल का इस्तेमाल कर कांग्रेस पार्टी के छह विधायकों को अपने साथ



मिलाया और राज्यसभा चुनाव के लिए कांग्रेस प्रत्याशी के खिलाफ क्रॉस वोट किया। उन्होंने कहा कि भाजपा ने पैसे के दम पर प्रदेश सरकार को गिराने की कोशिश भी की। उन्होंने कहा कि बिकाऊ नेता कभी भी जनसेवक नहीं हो सकते हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि नेता विपक्ष जयराम ठाकुर ने धनबल के अहंकार में यहां तक कहा कि भगवान भी इस सरकार को नहीं बचा सकते हैं लेकिन देवी-देवताओं के आशीर्वाद से वर्तमान राज्य सरकार ने बजट पास करवाया। उन्होंने कहा कि बजट में आम आदमी के कल्याण से जुड़ी योजनाएं थीए जिनमें मनरेगा के दिहाड़ी को बढ़ाकर तीन सौ रुपए का प्रावधान किया गया है तथा दूध खरीद पर मूल्य न्यूनतम समर्थन

**निशाने पर**

**8 मनरेगा के दिहाड़ी को बढ़ाकर तीन सौ रुपए का प्रावधान किया गया है: मुख्यमंत्री**

मूल्य देने वाला हिमाचल प्रदेश देश का पहला राज्य बना है। उन्होंने कहा कि हिमाचल प्रदेश सरकार गाय का दूध 45 रुपए और भैंस का दूध 55 रुपये प्रति लीटर के रेट पर ख?ीदेगी। इसके अतिरिक्त प्राकृतिक खेती से उत्पादित गेहूं को 40 रुपया और मक्की को तीस रुपया प्रति किलो की दर से ख?ीदा जाएगा। ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा कि राज्य सरकार ने भ्रष्टाचार के दरवाजों को बंद किया, जिसके कारण राज्य सरकार के खजाने में पैसा आया और इसी धन से जन कल्याण की नई योजनाओं की शुरूआत की गई। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ने इंदिरा गांधी प्यारी बहना सम्मान निधि की शुरूआत की है, जिसके तहत 18 साल से अधिक आयु की महिलाओं को 1500 रुपया प्रति महीना पेंशन दी जा रही है। उन्होंने कहा कि महिलाओं के अधिकार को रुकवाने के लिए भाजपा नेता चुनाव आयोग के पास गए, जबकि यह योजना एक मार्च 2024 से पूरे प्रदेश में लागू हो चुकी है और इसके लिए 800 करोड़ रुपए के बजट का प्रावधान किया गया है। उन्होंने कहा कि महिलाओं को पेंशन मिलना भाजपा का हजम नहीं हो रहा है। उन्होंने कहा कि चुनाव आयोग ने इस योजना के फ ॉर्म भरने को इजाजत दे दी है और एक जून को महिलाओं को तीन हजार रुपये की धनराशि उनके खाते में ट्रांसफ र की जाएगी। ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा कि भाजपा के समय भर्ती परीक्षाओं के पेपरों की नीलामी होती थी, जिसे रोकने के लिए राज्य सरकार ने हिमाचल प्रदेश अधीनस्थ कर्मचारी चयन आयोग को भंग किया और इसके स्थान पर राज्य चयन आयोग की स्थापना की। मुख्यमंत्री ने कहा कि वह एक आम परिवार से निकलकर राजनीति में आए हैं और सरकारी स्कूल में पड़े हैं।

एसमएल-19

## जिला के सभी लाइसेंस धारक हथियार जमा करवाएं: पुलिस अधीक्षक

**एसपी जैरथ**

**नाहन :** आगामी लोकसभा चुनाव को लेकर जिला सिरमौर पुलिस ने अपनी कमर कसी है। जहां जिला के इंटर स्टेट नाको पर पुलिस की पैनी नजर है तो वही यहां से आवागमन कर रहे हैं वाहनों की जांच की जा रही है। सुरक्षा की दृष्टि से जिला के सभी लाइसेंस धारकों को हथियार जमा करवाने की आवश्यक दिशा निर्देश जारी किए गए हैं। अभी तक सिरमौर जिला में 75: हथियार पुलिस थाना व चौकियों में जमा हो चुके हैं जबकि अन्य लोगों को भी हथियार जमा करवाने को लेकर पुलिस विभाग बाकायदा पंचायत स्तर पर पहुंचकर जागरुक कर रहा है। जिला के एसपी रमन कुमार मीणा ने मीडिया से रूबरू होते हुए बताया कि जिला में हथियार जमा करवाने को लेकर पंचायत स्तर पर लाइसेंस धारक हथियार मालिकों तक पुलिस जवान पंचायत स्तर तक पहुंच कर रहे हैं।

**न्यूज फ्लैश**

## 27 अप्रैल को 11 बजे 8,9, 10 व 11 वार्ड के व्यापारियों की बैठक का आयोजन

**श्याम कुल्वी**

**कुल्लू :** व्यापार मण्डल कुल्लू के अध्यक्ष मदन लाल सूद, महासचिव सुबोध सूद व मुख्य संरक्षक दिनेश सेन ने जानकारी साँझा करते हुए बताया कि 27 अप्रैल 2024 शनिवार को जिला परिषद भवन ढालपुर कुल्लू में सुबह 11 बजे 8,9, 10 व 11 वार्ड के व्यापारियों की बैठक का आयोजन किया जायेगा। इस बैठक में इन वार्डों से सम्बन्धित व्यापारियों की उप-समितियों का गठन किया जायेगा तथा साथ ही बैठक में व्यापार मण्डल की आगामी कार्यशैली पर भी विचार-विमर्श किया जाएगा। व्यापार मण्डल कुल्लू द्वारा सभी प्रकार के दुकानदारों एवं व्यवसायियों जैसे किरयाना, मेडिकल स्टोर, हार्डवेयर, फ ल सब्जियां, कपड़ों, कॉस्मेटिक, फु टवियर, इलेक्ट्रॉनिक्स, हलवाई, बर्तन इत्यादि सभी वर्गों के व्यापारियों को इस बैठक में उपस्थित होने हेतु अपील की गई है।

## दुकान से बाहर सामान लगाया तो कटेगा चालान



**खेमचंद शास्त्री**

**मंडी:** नगर निगम मंडी ने दुकानों के बाहर सामान सजाने वालों पर शिकंजा कसते हुए उनका जप्त किया हैं। शुक्रवार को नगर निगम मंडी की टीम ने चौहाटा बाजार में त्वरित कार्रवाई करते हुए फलों की दुकानों के बाहर रखा सामान जहां जप्त किया वहीं सभी फल विक्रेताओं को नगर निगम आयुक्त कार्यलय में तलब होने के भी निर्देश दिए। नगर निगम की आयुक्त एचएस राणा ने कहा कि लंबे समय से शिकायतें मिल रही थी कि दुकानदार दुकानों के बाहर सामान रख देते हैं, जिसके चलते लोगों को आवाजाही के लिए मुश्किलों का सामना करना पड़ता है। उसको लेकर आज निगम की टीम ने चौहाटा बाजार में यह कार्यवाही की है।

उन्होंने कहा कि आगामी समय में भी अगर दुकानदार नहीं मानते हैं तो फिर कानूनी रूप से कार्रवाई की जाएगी और चालान भी काटे जाएंगे।

## थाना सदर में जाति सूचक शब्द कहने पर मामला दर्ज

**कश्मीर ठाकुर**

**बिलासपुर: सदर** थाना बिलासपुर में वेतन देने के बदले जातिसूचक शब्द के साथ दी जान से मारने की धमकी की शिकायत का मामला दर्ज हुआ है। सदर थाने में हुई एफ आईआर में एससी एवं एसटी एक्ट के अंतर्गत मामला दर्ज हुआ है। इस मामले में शिकायतकर्ता बृज मोहन पुत्र रतन लाल गांव बाहोट कसोल तहसील सदर जिला बिलासपुर ने शिकायत दर्ज करवाई है। उन्होंने बताया कि वह स्थानीय शराब विक्रेता कृष्ण गर्ग की शराब की दुकान में काम करता है। विक्रेता कृष्ण गर्ग के कर्मचारी ने उसे नौकरी छोड ? का आदेश दिया और उसे जातिसूचक शब्द भी कहे। यही नहीं इस मामले को लेकर शिकायतकर्ता ने अपने विक्रेता कृष्ण गर्ग को फोन पर अवगत करवाया और 20 दिनों का वेतन देने का अनुरोध किया। इस बात को लेकर वेतन देने की बजाय विक्रेता कृष्ण गर्ग ने भी उसे जातिसूचक शब्द कहा और जान से मारने की धमकी दी। उधर, मुख्यालय डीएसपी एवं पुलिस प्रवक्ता मदन धीमान ने मामले की पुष्टि करते हुए कहा कि इस मामले में उचित कार्रवाई शुरू कर दी है।

# एयरो स्पोर्ट्स क्लब की बैठक बहुउद्देशीय भवन में आयोजित

**कार्यवाही**

**8 अतिरिक्त जिला कुल्लू की समस्त पैराग्लाइडिंग साईटों से एसोसिएशनों के प्रधानों एवं सदस्यों ने भाग लिया**

**श्याम कुल्वी**

**कुल्लू :** जिला पर्यटन विकास अधिकारी, सुनैना शर्मा कुल्लू की अध्यक्षता में आज जिला एयरो स्पोर्ट्स क्लब कुल्लू की बैठक बहुउद्देशीय भवन ढालपुर (कुल्लू) में आयोजित की गई। इस बैठक में जिला एयरो स्पोर्ट्स क्लब कुल्लू के सदस्यों के अतिरिक्त जिला कुल्लू की समस्त पैराग्लाइडिंग साईटों से एसोसिएशनों के प्रधानों एवं सदस्यों



ने भाग लिया। बैठक में सभी सदस्यों के साथ प्रत्येक पैराग्लाइडिंग साईट में पर्यटकों की सुरक्षा एवं पर्यटकों को सुखद अनुभव देनेए पर्यटकों को पैराग्लाइडिंग गतिविधियों से सम्बधित स्मृति चिन्ह, प्रमाण पत्र जारी करने, पैराग्लाइडिंग गतिविधियों के संचालन हेतू सिंगल काउंटर और मूल्य स्थिरीकरण बारे विस्तृत चर्चा की गई और साथ ही इसकी अनुपालना एवं पैराग्लाइडिंग गतिविधियों को हि.प्र. एयरो स्पोर्ट्स नियम, 2022 के अन्तर्गत संचालित करने के निर्देश दिए गए। जिला पर्यटन विकास अधिकारी ने कहा कि इन निदेशों की अनुपालना में कोताही बरतने पर विभाग द्वारा नियमानुसार निरन्तर कार्यवाही की जा रही है।

## दबट खड्ड के जंगल में नष्ट की करीब दो हजार लीटर लाहन

### घराण में पकड़ी 72 बोतल देसी शराब

**कश्मीर ठाकुर**

**बिलासपुर: बिलासपुर** पुलिस ने श्री नयना देवी जी क्षेत्र में शराब माफिया के खिलाफ चलाए गए अभियान में दबिश दी। उन्होंने दबट खड्ड के पास स्थित एक जंगल में दबिश देकर करीब 2000 लीटर हजार लाहन बरामद की है। इसके अलावा झंडूता क्षेत्र के तहत घराण में एक व्यक्ति के घर से 72 बोतल देसी शराब भी बरामद की है। पहले मामले में थाना कोट प्रभारी बुधवार देर रात अपनी टीम के साथ दबट के आस पास वाले क्षेत्र में गश्त कर रहे थे। इस दौरान पुलिस टीम को दबट खड्ड में अवैध शराब बनाने के लिए भट्टियां लगाने की गुप्त सूचना मिली। इस पर पुलिस ने तुरंत दबट खड्ड में दबिश दी और वहां से छह ड्रम लाहन के बरामद किया। इन ड्रमों में छह हजार लीटर लाहन थी। पुलिस ने संबंधित लाहन को मौके पर नष्ट कर दिया। वहीं, दूसरे मामले में झंडूता पुलिस ने गश्त के दौरान गुप्त सूचना के आधार पर काहरवीं गांव में एक व्यक्ति के शेड में दबिश दी। जहां से पुलिस ने तलाशी के दौरान 72 बोतलें देसी शराब बरामद की। बाद में इस व्यक्ति की पहचान बाबू राम निवासी केहरवीं डाकघर मातला तहसील झंडूता के रूप में हुई। डीएसपी एवं पुलिस प्रवक्ता मदन धीमान ने मामले की पुष्टि करते हुए कहा कि इन दोनों मामलों में उचित कार्रवाई शुरू कर दी है।

# भीम आर्मी को सामान्य वर्ग का अंबेडकर जयंती में खलल डालना मान्य नहीं

## हिमाचल प्रदेश भीम आर्मी के द्वारा सिरमौर पुलिस के खिलाफ मोर्चा खोल दिया गया

**एसपी जैरथ**

**नाहन:** अंबेडकर जयंती मामला सिरमौर पुलिस के गले की फ ांस बनता जा रहा है। हिमाचल प्रदेश भीम आर्मी के द्वारा सिरमौर पुलिस के खिलाफ मोर्चा खोल दिया गया है। मामला कुछ इस प्रकार से था कि हाल ही में भीम आर्मी भारत एकता मिशन सिरमौर इकाई के द्वारा शिलाई में जिला स्तरीय कार्यक्रम के तहत अंबेडकर जयंती मनाई जा रही थी।

उसी दौरान सामान्य वर्ग से ताल्लुक रखने वाले कुछ लोगों ने जबरन



कार्यक्रम में खलल डाल दिया। भीम आर्मी जिला सिरमौर इकाई के सुरेंद्र धर्मा के द्वारा पूरूवाला थाना में शिकायत भी दर्ज की गई। पुलिस के द्वारा दोनों पक्षों को बुलाकर दबाव बनाते हुए कंप्रोमाइज कर दिया गया। यह पूरी जानकारी भीम आर्मी भारत एकता मिशन के प्रदेश अध्यक्ष रवि कुमार दलित के द्वारा नाहन में प्रदर्शन के दौरान दी गई। रवि कुमार का आरोप है कि कंप्रोमाइज किए जाने के बाद सुरेंद्र धर्मा पर खुमली थोप दी गई। खुमली एक तरह से खाप पंचायत जैसा निर्णय है जिसमें यह कहा गया कि सुरेंद्र माफी के तौर पर एक बकरा देगा। सुरेंद्र के द्वारा इसकी शिकायत भीम आर्मी जिला अध्यक्ष विपिन कुमार को दी गई। इसके बाद आज शुक्रवार को प्रदेश अध्यक्ष रवि कुमार के नेतृत्व में जिला इकाई के द्वारा विशेष वर्ग के खिलाफ नाहन में प्रदर्शन करते हुए जिला पुलिस कप्तान को ज्ञापन सौंपा गया। प्रदेश अध्यक्ष का कहना है कि शिलाई का विशेष वर्ग संविधान विरोधी है और हमारा संगठन संविधान को मानने वाला है। उन्होंने कहा कि संविधान के खिलाफ जाने वालों की जाजती बिल्कुल बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने कहा कि जिन आरोपियों के द्वारा जबरन खुमली थोपी गई है उनके खिलाफ पुलिस मामला दर्ज कर कार्यवाही अमल में लाए प्रदेश अध्यक्ष का कहना है कि यदि पुलिस मामला दर्ज करने में आनाकानी करेगी तो वह सपा कार्यालय के बाहर तब तक धरना जारी रखेंगे।

## चंडीगढ़ से बिलासपुर का टिकट नहीं देते सरकारी बस वाले, जनता परेशान

**कश्मीर ठाकुर**

**बिलासपुर: बिलासपुर वासियों** के लिए हालांकि यह समस्या नई नहीं हैं, लेकिन अब दिक्कत और बढ़ गई है। जब फोरलेन सडक सुविधा नहीं थी तब भी चंडीगढ़ बस स्टैंड से बिलासपुर की सवारियों से सौतेला व्यवहार होता रहा है और अब भी हालातों में कोई सुधार नहीं हो पाया है। बल्कि परेशानी और बढ़ गई है। यदि कोई बस वाला बिलासपुर की सवारी को बिठा भी लेता है तो उसे मंडी भराड़ी में उतार दिया जाता है। जिससे बिलासपुर आने वाले लोगों की समस्या और बढ़ जाती है। हिमाचल पथ परिवहन निगम वाले तो हिमाचलियों के साथ ऐसा व्यवहार तो करते ही हैं, जबकि पंजाब और हरियाणा रोड़वेज के कर्मचारी भी बिलासपुर के लोगों को टिकट देना उचित नहीं समझते हैं। कई बार मजबूरी में लोगों को मंडी का टिकट लेना पड़ता है। यदि इनकी शिकायत करें तो कभी कारवाई नहीं हुई है। बिलासपुर से बहुत से विद्यार्थी चंडीगढ़ व आसपास के इलाके में शिक्षा ग्रहण कर रहे हैं। जब ये बच्चे बिलासपुर आते हैं तो चंडीगढ़ बस स्टैंड पर जब मनाली रूट की बस लगती है तो पहले कुल्लु मनाली की सवारियों को प्राथमिकता दी जाती है, उसके बाद मंडी की सवारियां बिठाई जाती हैं। बिलासपुर को कोई पूछता ही नहीं है। लाइन में खड़ी सवारियों के हौंसले तब टूट जाते हैं जब घंटो खड़ रहने के बाद उन्हें टरका दिया जाता है। स्टूडेंटस में शामिल शुभम, राहुल, रजत, शिवम आदि ने बताया कि बस स्टैंड पर विशेष तौर पर बिलासपुर की सवारियों को टिकट ही नहीं दिया जाता है बसों में पहले आगे की सवारियों को टिकट दिया जाता है। यहीं नहीं बसों के चालक परिचालक और टिकट काटने वाले कांउटर पर बैठे कर्मचारियों को व्यवहार बहुत आपतिजनक होता है।

# 100 पर्सेंटाइल लेकर अभय ने करियर अकादमी का नाम किया रोशन

**एसपी जैरथ**

**नाहन: जेईई** मेन्स का रिजल्ट 25 अप्रैल, 2024 को घोषित हुआ। करियर अकादमी के 20 छात्रों ने जेईई मेन्स की परीक्षा को उत्तीर्ण किया। करियर अकादमी का हर साल की तरह इस साल भी जेईई मेन्स का परिणाम शानदार रहा। अभय ने फिजिक्स में 100 पर्सेंटाइल, केमिस्ट्री में 99.9 पर्सेंटाइल व सम्पूर्ण 98.33 पर्सेंटाइल प्राप्त कर करियर अकादमी का नाम रोशन किया। इसके अलावा वैशाली शर्मा 96.29 पर्सेंटाइल, आशुतोष पवार 95.69 पर्सेंटाइल, प्रांजल तोमर 91.83 पर्सेंटाइल,



आयुषा ठाकुर 90.44 पर्सेंटाइल, अंशिका रमोल 88.68 पर्सेंटाइल, प्रियांशी 88.09 पर्सेंटाइल, जतिन 87.14 पर्सेंटाइल, भुवेश चौहान 86.82 पर्सेंटाइल, उर्वशी 86.82 पर्सेंटाइल, खुशबू शर्मा, आशुतोष, पियूष पवार, विनय कुमार, प्रकृति शर्मा, अभिलाषा सेनानी, अर्श धरनि, हर्ष सिंह, इन सभी विद्यार्थियो ने अपनी-अपनी श्रेणी में उत्तीर्ण होकर करियर अकादमी का नाम रोशन किया। यह सभी छात्र जेईई एडवांस्ड की परीक्षा के लिए योग्य हो गये हैं। जेईई एडवांस्ड की परीक्षा 26 मई 2024 को होगी। छात्रों ने अपनी सफलता का श्रेय करियर अकादमी के निदेशक मनोज राठी व ललित राठी सहित अपने माता-पिता एवं करियर अकादमी के सभी अध्यापकों को दिया। करियर अकादमी के चेयरमैन एस.एस. राठी व प्रधानचर्या राजेश सोलंकी ने सभी सफल विद्यार्थियों को बधाई दी तथा उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

# मत प्रतिशतता बढ़ाने को लेकर किए जा रहे प्रयास सराहनीय

**कश्मीर ठाकुर**

**बिलासपुर:** जिला बिलासपुर में विगत चुनावों के मुकाबले मत प्रतिशतता बढ़ाने के लिए जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा किए जा रहे प्रयासों पर संतोष व्यक्त करते हुए मुख्य सचिव हिमाचल प्रदेश सरकार प्रबोध सक्सेना ने लोकसभा निर्वाचन 2024 के लिए जिला में किए जा रहे हैं कार्यों की समीक्षा आज बचत भवन मैं अयोजित बैठक में की।उन्होंने कहा कि मतप्रतिशतता बढ़ाने के लिए जिला में और अधिक प्रयास किया जाए ताकि शत प्रतिशत मतदान के लक्ष्य को प्राप्त किया जा सके। उन्होंने जिला



में मतदान प्रक्रिया में लगे अधिकारियों कर्मचारियों के प्रशिक्षण, निष्पक्ष एवं मतदान में पारदर्शिता लाने के लिए पुलिस और जिला निर्वाचन अधिकारी के स्तर पर किए जा रहे कार्यों की भी विस्तृत जानकारी प्राप्त की। जिला बिलासपुर में स्वीप गतिविधियों के अंतर्गत युवा मतदाताओं के साथ-साथ आम

मतदाताओं को भी मतदान के प्रति प्रेरित करने के लिए किए जा रहे कार्यों के बारे में जानकारी प्राप्त की। मुख्य सचिव ने अधिकारियों को चुनाव आयोग के दिशा निदेशों का अक्षरशः पालन सुनिश्चत करने को कहा। उन्होंने जिले में सुरक्षा प्रबंध, मतदान केन्द्रों पर मतदाता सुविधाओं, चुनावी कर्मियों की रिहर्सल समेत चुनाव प्रबंधन से जुड़े हर पहलू पर बारीकी से जानकारी ली तथा आवश्यक मार्गदर्शन किया।

## महाविद्यालय मंडी व रिसर्च एंड ट्रेनिंग सेंटर फॉरेस्ट डिपार्मेंट के बीच एक मेमोरेंडम साइन

**खेमचंद शास्त्री**

**मंडी:** राजकीय महाविद्यालय मंडी व रिसर्च एंड ट्रेनिंग सेंटर फ रैस्ट डिपार्मेंट सुंदरनगर के बीच एक मेमोरेंडम साइन हुआ। यह मेमोरेंडम महाविद्यालय के वनस्पति विभाग की पहल से करवाया गया। यह मेमोरेंडम महाविद्यालय की प्राचार्या प्रो. सुरीना शर्मा जी व एडिशनल प्रिंसिपल चीफ कंजरवेटर ऑफ फारेस्ट प्रदीप कुमार ठाकुर द्वारा हस्ताक्षर किया गया। महाविद्यालय की प्राचार्या के साथ वनस्पति विभाग की विभागा अध्यक्ष डॉक्टर तारा सेन व डॉ दीपाली अशोक मौजूद रहे वहीं दूसरी ओर फ रैस्ट डिपार्टमेंट की ओर से आईएफ एससी सुभाष चंद्र पराशर डायरेक्टर हीपा सुंदर नगर, डीएफ ओ सुरेंद्र सिंह, वीनू शर्मा (इंस्ट्रक्टर) ने विशेष भूमिका निभाई। इस मेमोरेंडम के तहत शिक्षक और परीक्षण, छात्रों का कौशल विकास,

संसाधनों का आदान-प्रदान, छात्रवृत्ति और वित्तीय सहायता, अनुभव और वैज्ञानिक ज्ञान का आदान-प्रदान, हरबेरियम और संरक्षित पौधों का आदान-प्रदान इत्यादि सम्मिलित है।

# केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर पर दिए बयान पर कांग्रेस पर भड़की भाजपा

**विवेकानंद वशिष्ठ**

**हमीरपुर:** भारतीय जनता पार्टी जिला की उपाध्यक्षा उषा बिरला ने प्रेस विज्ञप्ति जारी करते हुए कांग्रेस के नेता द्वारा दिए पिछले कल के बयान पर पलटवार करते हुए कांग्रेस को आड़े हाथों लिया है। उषा बिरला ने कहा कि कुछ लोग अनुराग ठाकुर का नाम लेकर अपनी राजनीति चमकाना चाहते हैं जबकि उनको अपना चश्मा बदलकर हमीरपुर संसदीय क्षेत्र का विकास देखना चाहिए।

**कांग्रेस के लोग अपना चश्मा बदलकर देखें फिर देखेंगे हमीरपुर से संसदीय क्षेत्र का विकास:** जिला उपाध्यक्षा ने कहा कि हमीरपुर का हर भाजपा कार्यकर्ता अनुराग ठाकुर द्वारा किए गए अपने संसदीय क्षेत्र के विकास को गिनाने के लिए सक्षम है। उन्होंने कहा कि हमीरपुर संसदीय क्षेत्र के जनता भली भांति जानती है कि अनुराग ठाकुर का नाम इतना बड़ा है कि कांग्रेस अपनी राजनीति चमकाने चाहती है। जबकि अनुराग ठाकुर केवल और केवल अपने हिमाचल व अपने संसदीय क्षेत्र के विकास के लिए तात्पर्य रहे हैं। उन्होंने कई ऐसी अनगिनतयोजना केंद्र सरकार से स्वीकृतियां कराई हैं जिनका लाभ सीधा-सीधा हिमाचल और हमीरपुर संसदीय क्षेत्र की जनता को हो रहा है उनके विकास कार्य में अभी हाल ही में 4000 करोड़ की लागत से हमीरपुर संसदीय क्षेत्र के चारों तरफ रोड कनेक्टिविटी का प्रावधान करवाया हुआ है। उसमें धर्मशाला शिमला नेशनल हाईवे हो जालंधर से मनाली नेशनल हाईवे हो किरतपुर से मनाली तक फ ोर लाइन हो यह सभी हमीरपुर संसदीय क्षेत्र कनेक्टिविटी हुई है। इसके अलावा स्वास्थ्य के क्षेत्र में बिलासपुर



का ऑल इंडिया मेडिकल कॉलेज, हमीरपुर का मेडिकल कॉलेज, उना में पीजीआई सैटलाइट सेंटर, उना में ही ड्रग बलक पार्क, शिक्षा के क्षेत्र में अनुराग ठाकुर ने सेंट्रल यूनिवर्सिटी देहरा, हाइड्रो इंजीनियरिंग कॉलेज बिलासपुर, पांच केंद्रीय विद्यालय यह उनके ही संसदीय क्षेत्र में खोले गए हैं। खेल के क्षेत्र में अभी हाल ही में उन्होंने नेशनल सेंटर आफ एक्सीलेंस जिसकी लागत लगभग 197 करोड़ है को हमीरपुर में खोला जा रहा है। उषा बिरला ने कहा कि अनुराग ठाकुर ने अपने प्रयासों से जिनकी प्रशंसा पूरे भारत में होती है और जिनको खुद प्रधानमंत्री व अन्य सांसद भी देश भर में चलि रहे हैं उनमें सांसद खेल महाकुंभ जिसका तीसरा भाग अभी हाल ही में संपन्न हुआ

जिस गांव की प्रतिभाओं को निखारने का मौका मिला सांसद मोबाइल स्वास्थ्य सेवा जिसका सीधा-सीधा लाभ हमीरपुर के उन बुजुर्ग माता बहनों को हुआ जो अस्पतालों के चक्कर नहीं काट सकते थे

उनका उपचार करने के लिए सांसद स्वास्थ्य सेवा उनके घर द्वार पर जाकर उनके टेस्ट भी किया और उनका उपचार भी किया गया और इसका सीधा-सीधा लाभ हमीरपुर संसदीय क्षेत्र के लाखों लोगों को हुआ है अगर मैं सांसद भारत भ्रमण की बात करूं तो हमीरपुर संसदीय क्षेत्र के जितने भी मेधावी छात्र हैं जिन्होंने मेरिट में स्थान हासिल किया है।

उनको भारत के उपराष्ट्रपति से लेकर गुजरात के साबरमती तक भारत भ्रमण कराया जिससे बच्चों का मनोबल के साथ.साथ ज्ञान को बढ़ावा मिला एक से श्रेष्ठ एक ऐसी अनूठी पहल अनुराग ठाकुर द्वारा शुरू की गई जिसका 500 में केंद्र खोलने खुद भारत के उपराष्ट्रपति जगदीप धनकड हमीरपुर पहुंचे और उन्होंने अनुराग मॉडल की तारीफ खुलकर की।

# कांग्रेस कुनीति और कुबुद्धि का शिकार : कंगना रनौत

**खेमचंद शास्त्री**

**मंडी: भारतीय** जनता पार्टी की मंडी संसदीय क्षेत्र से प्रत्याशी कंगना रनौत ने फि र कांग्रेस पर हमला बोला है। अपने गृह क्षेत्र सरकाघाट के बलद्वाडा में भाजपा पन्ना प्रमुख सम्मेलन में उन्होंने कहा कि कांग्रेस परिवारवाद को बढ़ाबा देने वाली पार्टी है जिसमें सिर्फ नेताओं के बेटे और. बेटियों को राजनीति में आगे लाने के लिए मौका दिया जाता है जबकि दूसरी ओर भारतीय जनता पार्टी है जहां साधारण से कार्यकर्ता को भी टिकट मिलते हैं और उनके काम के आधार पर आगे बढ? का अवसर दिया जाता है। अब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने तो महिलाओं को भी 33 प्रतिशत आरक्षण विधानसभा और लोकसभा में कर दिया है जिससे अब महिलाएं भी बड़ी संख्या में आगे आएंगी।



निश्चित रूप से मातृ शक्ति का भरपूर समर्थन मोदी को इस बार मिलने वाला है। एक तरफ भाजपा शीर्ष नेताओं की ऐसी अच्छी सोच है जबकि वहीं कांग्रेस आज कुनीति और कुबुद्धि का शिकार हो गई है। इनके नेता आज सेना पर सवाल, महिलाओं का अपमान और हमारे आदर्श भगवान राम को भी काल्पनिक बताते हैं। ये वही पार्टी है जिसके राज में कोयला, टू जी, फ ोर जी, चारा न जाने कितने ही घोटाले लाखों करोड़ों के हुए जबकि 2014 के बाद आज तक देश ने किसी घोटाले का नाम तक नहीं सुना। यही है मोदी की गारंटी,जहां सबका साथ सबका विकास हो रहा है जबकि दूसरी तरफ कांग्रेस पार्टी है जिसका पेट कोई भी नहीं भर सकता। अब इस कांग्रेस को हमें कैंसर की तरह उखाड़ फेंकना है। हिमाचल प्रदेश को उभारने के लिए हमें अब एक ऐसी स्थाई सरकार लानी है जो पांच के बजाय लंबे समय तक विकास कर सके जैसे केंद्र में मोदी सरकार अब तीसरी बार सत्ता में आ रही है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने झूठी गारंटियों के सहारे सरकार तो बना ली लेकिन अब क्या हाल बने हैं आप सब देख रहे हैं। महिलाओं के वोट लेने के लिए 1500 देने की गारंटी दी और अब जब फिर चुनाव आ गए तो पेपर भरने के लिए बोल रहे हैं।

ये सब सिर्फ वोट हासिल करने की कुनीति है। ये करप्ट लोग हैं। नीच बातें बोलते हैं। मुख्यमंत्री बोलते हैं हमने 97 प्रतिशत हिन्दू विचारधारा को हिमाचल में हराया है। इससे बड़ी शर्म की बात क्या हो सकती है। दूसरी तरफ .मां भारती का एक सपूत है जो विदेशों में भी मुसलमान देश में हिन्दू मंदिर जाकर सनातन का झंडा बुलंद कर रहा है। आपको तय करना है आपको कैसे लोग चाहिये। मोदी जी गरीबों, माताओं,बहनों का उद्धार करने वाले हैं जिन्होंने संघर्ष से मुकाम हासिल किया है। उन्होंने कोविड जैसे संकट में भी देश की अर्थ व्यवस्था को पटरी से उतरने नहीं दिया।

आज दसवीं से पांचवी अर्थ व्यवस्था भारत दुनिया में बन चुकी है जबकि 2047 तक हम दुनिया की पहली अर्थव्यवस्था होंगे। उन्होंने कहा कि आज सरकाघाट की बेटी को उन्होंने टिकट देकर इस इलाके का मान बढ़ाया है। अब आने सबसे ज्यादा लीड देकर मुझे जिताकर मोदी को मजबूत करना है। इस मौके पर उनके साथ स्थानीय विधायक दलीप ठाकुर और नेता प्रतिपक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर भी उपस्थित रहे।

## इंद्र दत्त लखनपाल का चुनाव अभियान तेज, लोगों का मिल रहा है भरपूर समर्थन

**विवेकानंद वशिष्ठ**

**हमीरपुर:** बड़सर के विधानसभा उपचुनाव के भाजपा के प्रत्याशी इंद्र दत्त लखनपाल ने बूथ स्तर पर अपना बूथ सबसे मजबूत अभियान के अंतर्गत आज शुक्रवार को धबीरी-1, धबीरी-2, बड़ाग्र, जमली, महाराल-1-2, समैला, दख्योडा, सठवीं, बाड़ा, घुमारवीं, सकरोह, विभिन्न बूथों पर नुक्कड़ सभाएं आयोजित की गई। उन्होंने बूथों पर पार्टी कार्यकताओं के साथ बैठक की। उन्होंने जनता को संबोधित करते हुए कहा कि बड़सर की जनता से जिस तरह अपार जनसमर्थन एवं प्यार मिल रहा है उससे लगता कि पिछले चुनावों में चाहे लोकसभा हो या विधानसभा के जो भी परिणाम रहे हो परंतु इस बार बड़सर की जनता ने तय कर लिया है पुराने सब रिकॉर्ड टूटेंगे और अबकी बार चार सौ पार फिरसे मोदी सरकार, बड़सर से अनुराग ठाकुर को अप्रत्याशित बढ़त मिलेगी। वहीं उपचुनाव में इंद्र दत्त लखन पाल जहां चौथी बार विधायक बनेंगे बल्कि पुराने जीत के परिणाम का अन्तर भी अप्रत्याशित होगा। और उन्होंने कहा चार जून के बाद केंद्र में मोदी सरकार, बड़सर में भाजपा का विधायक होगा और हिमाचल में बीजेपी की सरकार बनेगी। उनके साथ बैठक में विस्तारक रत्तनपाल ठाकुर, बीजेपी बड़सर मंडल अध्यक्ष यशवीर पटियाल, कमल नयन, आनंद ठाकुर, जगन नाथ बन्याल, श्याम ढटवालिया, राकेश पंडित उपप्रधान बड़सर दलजीत ठाकुर प्रधान सठवीं, अनुराधा प्रधान बड़ाग्रा, प्रधान स्मैला कुलवंत, एवं सभी ग्राम केंद्रों के अध्यक्ष, बूथों के अध्यक्ष एवं सदस्य शामिल रहे।

## संक्षिप्त खबरें

### विकमादित्य 15 महीने की अपनी सरकार में बताएं मंडी लोकसभा की जनता के लिए क्या किया :निहाल



**खेमचंद शास्त्री**

**मंडी:** कांग्रेस पार्टी के मंडी संसदीय क्षेत्र से प्रत्याशी विक्रमादित्य सिंह भाजपा प्रत्याशी को कोसने से पहले अपना सामान्य ज्ञान ठीक करें और बड़े नेताओं पर टिप्पणी करने से पहले अपना कद देख लिया करें। भारतीय जनता पार्टी के मंडी जिलाध्यक्ष निहाल चंद शर्मा ने यह शब्द कहे। उन्होंने तीखी कहा कि पिता से विरासत में मिली शिमला ग्रामीण विधानसभा सीट को छोडकर कांग्रेस प्रत्याशी अब मंडी के हितैषी बनते फि र रहे हैं। वे अपना राजनीतिक कद ऊंचा करने के लिए छ: बार के विधायक और पूर्व मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर पर घटिया व ओच्छी टिप्पणी कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि मंडी का विकास आजादी के बाद किसी नेता ने किया है तो वो जयराम ठाकुर ही हैं वरना आज से पूर्व सिर्फ चुनाव लडने के लिए यहां राज परिवार आता रहा है और जितने के बाद शिमला हौलीलाज ही पांच साल बैठता है। यहां की जनता को अपना सांसद ढूंढने के लिए शिमला की सैर करनी पड़ती है और जनता के बीच कभी दिखाई नहीं देती। इस मिथक को किसी ने तोड़ा है तो वो भाजपा ही है जिसने रजबाड़ों को हराकर आम कार्यकर्ता को भी जीताकर जनता की सेवा में लगाया था। इस बार भी भाजपा एक सामान्य परिवार की बेटी कंगना रनौत को सांसद बनाकर भेजगी और देश में तीसरी बार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भाजपा की सरकार बनेगी। उन्होंने कहा कि कांग्रेस नेता अमर्यादित भाषा के लिए जाने जाते हैं। इनके संस्कार ही ऐसे हैं कि किसी दूसरे का सम्मान करना तो दूर गाली गलौच करना ही इनकी आदत बन चुका है। उन्होंने चेताया कि विक्रमादित्य सिंह बोलने से पहले खुद विचार कर लिया करें और ज्ञान बांटने की आदत छोड़ें। अगर ऐसे ही अमर्यादित भाषा का प्रयोग करते रहे तो भाजपा जवाब देना भी जानती है। उन्होंने कहा कि पहले ये भाजपा प्रत्याशी के खिलाफ शिमला बैठकर अनापशनाप बातें सोशल मीडिया में लिखते रहे और जब हमारी प्रत्याशी कंगना रनौत ने जवाब दिया तो अब जनता में अपना ज्ञान बांटते फिर रहे हैं। उन्होंने कहा कि जिस प्रकार की भाषा उन्होंने सुंदरनगर में पूर्व मुख्यमंत्री के लिए प्रयोग की है उसका जवाब मंडी की जनता अवश्य देगी क्योंकि वो जानती है कि कौन यहां का विकास करता है और कौन यहां सिर्फ चुनाव लडने आता है। उन्होंने कहा कि आपदा में कौन केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी को हिमाचल लाया ये जनता देख चुकी है और किसने आग्रह पर केंद्रीय मदद मिली है सब जानते हैं। पूर्व मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर आपदा आने के बाद सबसे पहले दिल्ली गए और भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा और केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर को साथ ले आए। उसके बाद केंद्रीय मंत्री के साथ खुद आए और पूरा जायजा लेकर केंद्रीय मदद भी प्रदेश को दिलाई। एक तरफ मुख्यमंत्री सुखविंदर सुक्खू और उनके मंत्री कहते हैं कि केंद्र से कोई मदद नहीं मिली और दूसरी तरफ विक्रमादित्य सिंह कह रहे हैं कि तीन हजार करोड़ केंद्र से आए हैं।

### टोयोटा किर्लोस्कर मोटर ने एक व्यापक कार विवरण समाधान टीग्लॉस लॉन्च किया

**धर्मशाला: ग्राहक** सबसे पहले के अपने दर्शन के अनुरूप टोयोटा किर्लोस्कर मोटर प्राइवेट लिमिटेड (टीकेएम) ने आज अपने क्रांतिकारी कार केयर ब्रांड टीग्लॉस की पेशकश की घोषणा की है।यह कार डिटेलिंग की दुनिया में ब्रांड के प्रवेश का मौका है। भारत में कार ग्राहकों के बीच उच्च गुणवत्ता और विश्वसनीय कार विवरण सेवाओं की बढ़ती मांग के जवाब में टीकेएम कार देखभाल उद्योग को फिर से परिभाषित करने के लिए तैयार है।इसकी शुरूआत विशेष रूप से टोयोटा वाहनों के लिए तैयार किए गए समाधानों की व्यापक श्रृंखला के साथ हो रही है।1 मई 2024 से भारत में प्रत्येक अधिकृत टोयोटा डीलरशिप पर टीग्लॉस उपचार की पेशकश की जाएगी। यह ग्राहकों को उच्च पेशेवर तरीके से प्रदान किए जाने वाले गुणवत्ता पूर्ण कार देखभाल समाधानों तक सुविधाजनक पहुंच प्रदान करता है जिससे एक सुखद स्वामित्व अनुभव सुनिश्चित होता है।किसी भी कार निमार्ता द्वारा उद्योग में पहली बार पेश की गई इस तरह की सेवा टीग्लॉस ब्रांड के तहत उपलब्ध होगी।टीकेएम वाहन की आंतरिक और बाहरी उपस्थिति को बढ़ाने के लिए क्यूरेट की गई सेवाओं की एक विस्तृत श्रृंखला की पेशकश करेगा।

इसमें सिरेमिक कोटिंग,अंडर बॉडी कोटिंग,साइलेंसर कोटिंग और आंतरिक पैनल सुरक्षा शामिल है। सबरी मनोहर उपाध्यक्ष,बिक्री सेवा प्रयुक्त कार व्यवसाय टोयोटा किर्लोस्कर मोटर ने कहा हम टीग्लॉस का अनावरण करते हुए रोमांचित हैं जो एक अभिनव और उद्योग का पहला उद्यम है जो टोयोटा किर्लोस्कर मोटर की ग्राहक सबसे पहले दर्शन के प्रति अटूट प्रतिबद्धता को रेखांकित करता है।

## मतदान अधिकारियों की चुनावी पूर्वाभ्यास आयोजित

**हामिद**

**चंबा: चंबा** विधानसभा क्षेत्र में आगामी लोकसभा चुनाव-2024 को लेकर मतदान अधिकारियों का चुनावी पूर्वाभ्यास वीरवार को राजकीय सहस्त्राब्दि बहुतकनीकी संस्थान सरोल के सभागार में संपन्न हुआ। रिहर्सल कार्यक्रम में निर्वाचन अधिकारी व एसडीएम चंबा अरुण शर्मा ने चुनाव अधिकारियों को अपने दायित्व को पूरी गंभीरता से निभाने और चुनाव आयोग की दिशा निर्देश का कड़ाई से पालन करने को कहा। उन्होंने कहा कि चुनावी पूर्वाभ्यास आयोजित करने का मुख्य उद्देश्य मतदान अधिकारियों को मतदान प्रक्रिया के दौरान अपनाये जाने वाले सभी पहलुओं से अवगत करवाना है ताकि किसी भी प्रकार की त्रुटि की संभावना न रहे। इस दौरान एसडीएम चम्बा की निगरानी में स्थापित किए गए डमी पोलिंग स्टेशन के माध्यम से मतदान अधिकारियों ने पोस्टल बैलेट पेपर से मतदान भी किया। चुनावी पूर्वाभ्यास कार्यक्रम में पुरुष, महिला, दिव्यांग व युवा चुनाव अधिकारियों सहित लगभग छः सौ चुनाव अधिकारी ने हिस्सा लिया। रिहर्सल कार्यक्रम में मास्टर ट्रेनर असिस्टेंट प्रोफेसर राजकीय महाविद्यालय चंबा अविनाश ने चलचित्र के माध्यम से मॉक पॉल एवं और बीवी पेट संचालन और मतदान प्रक्रिया के दौरान अपनाई जाने वाली विभिन्न गतिविधियों से अवगत करवाया।

## चुनावी ड्यूटी में भाग लें अधिकारी व कर्मचारी: सलीम

**एसपी जैरथ**

**नाहन:** सहायक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी एवं एसडीएम नाहन सलीम आजम ने कहा कि लोकसभा के इस महापर्व में चुनावी डियुटी में तैतान अधिकारियों और कर्मचरियों को अपनी संवैधानिक जिम्मेवारी को गंभीरता एवं प्रसन्नतापूर्वक निभाना चाहिए। उन्होंने कहा कि लोकसभा चुनाव लोकतंत्र का महापर्व है और अधिकारी एवं कर्मचारी चुनावी डियुटी को बोझ न समझकर इसे संवैधानिक दायित्व मानकर राष्ट्रहित में चुनावी प्रक्रिया में भागीदार बनें।एसडीएम आज राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय नाहन में लोकसभा चुनाव में चुनावी डियुटी के लिये नियुक्त



पीठासीन अधिकारियों और सहायक पीठासीन अधिकारियों के प्रथम चुनावी पूर्वाभ्यास कार्यक्रम के अवसर पर बोल रहे थे। इस पूर्वाभ्यास कार्यक्रम में चुनाव डियुटी में तैनात अधिकारियों को चुनाव प्रक्रिया के संचालन, ईवीएम मशीन, चुनावी सामग्री को लेकर सम्बन्धित मतदान केन्द्रों के लिए प्रस्थान करने से लेकर मतदान के उपरांत ईवीएम मशीनों और आवश्यक दस्तावेजों को स्ट्रांग रूम में जमा करने तक की संपूर्ण प्रक्रिया के बारे में विस्तार से जानकारी प्रदान की गई। केवल प्रशासन द्वारा जीपीएस युक्त वाहनों में ही ईवीएम मशीनों तथा अन्य चुनावी सामग्री को मतदान केन्द्रों तक पहुंचाया जायेगा और इसी प्रक्रिया के तहत वापिस लाया जायेगा।एसडीएम ने कहा कि चुनावी डियुटी में तैनात कर्मचारियों के लिये सम्बन्धित मतदान केन्द्रों में ठहरने और भोजन की व्यवस्था सुनिश्चित की गई है और किसी भी सूरत में चुनावी डियुटी में तैनात अधिकारी किसी भी निजी आवास में न ठहरे और न ही चुनावी सामग्री को निजी आवास में रखें। उन्होंने कहा कि दिव्यांग, गर्भधात्री माताओं तथा वरिष्ठ नागरिकों को मतदान प्रक्रिया में प्राथमिकता दी जायेगी। इस कार्य को चुनाव अधिकारी सुनिश्चित बनाएं।इस अवसर पर नोडल आफिसर चुनाव सामग्री अनूप कुमार और नोडल आफि सर एवं कानूनगो निर्वाचन हरि शर्मा तथा अन्य नोडल अधिकारियों ने विस्तार से चुनावी डियुटी में तैनात अधिकारियों को पूर्वाभ्यास करवाया।

## लोकसभा व विधानसभा के उपचुनाव को लेकर भाजपा ने तेज किया अभियान

**विवेकानंद वशिष्ठ**

**हमीरपुर: भारतीय** जनता पार्टी जिला हमीरपुर के मीडिया प्रभारी विकास शर्मा ने शुक्रवार को यहां जारी प्रेस विज्ञप्ति में बताया कि हमीरपुर जिला में भारतीय जनता पार्टी ने लोकसभा चुनाव एवं विधानसभा के उपचुनाव को लेकर अभियान तेज कर दिया है। भारतीय जनता पार्टी के आगामी कार्यक्रम हमीरपुर संसदीय क्षेत्र के हर विधानसभा क्षेत्र में हो रहे हैं जिसमें भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता सक्रिय होकर पार्टी की गतिविधियों को चला रहे हैं। इसी कड़ी में हमीरपुर विधानसभा क्षेत्र



का पन्ना प्रमुख सम्मेलन आज यानी 27 अप्रैल को हमीरपुर जिला मुख्यालय के पास बड़ू कस्बे के बासी पैलेस में होने जा रहा है। इसमें विशेष रूप से केंद्रीय मंत्री व हमीरपुर संसदीय क्षेत्र के निवर्तमान सांसद भाजपा प्रत्याशी अनुराग ठाकुर मुख्य रूप से उपस्थित रहेंगे। इन सब कार्यक्रम को लेकर भाजपा के पदाधिकारी तैयारी का जायजा ले रहे हैं व कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए बूथ स्तर पर कार्य कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार ने नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में जो विकास कार्य किए हैं उससे आम जनता काफी लाभान्वित हुई है एवं बंपर वोट देकर फिर से मोदी सरकार को सत्ता में लाने जा रही है।

उन्होंने कहा कि भाजपा चुनाव अभियान में लगातार जनसंपर्क बनाए हुए है एवं बूथ स्तर से रिपोर्ट तलब की जा रही है।

## राज्यपाल ने पेंशनर कल्याण संघ की स्मारिका का विमोचन किया

**चमन शर्मा**

**शिमला:** राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल ने आज राजभवन में पेंशनर कल्याण एसोसिएशन हिमाचल प्रदेश की स्मारिका का विमोचन किया। इस अवसर पर राज्यपाल ने कहा कि पेंशनधारकों ने राज्य के विकास में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। उन्होंने कहा कि एसोसिएशन पेंशनधारकों के बीच सौहार्द और भाईचारे की भावना को बढ़ाने के साथ-साथ उनके कल्याण के लिए सराहनीय कार्य कर रही है। राज्यपाल ने एसोसिएशन की गतिविधियों एवं प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि यह संस्था पेंशनधारकों के जीवन को और बेहतर बनाने के लिए प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रही है।

## सरकार ने जरूरतमंद मरीजों के मुफ्त इलाज को रोका: महेंदर



**विवेकानंद वशिष्ठ**

**हमीरपुर: प्रदेश** भाजपा प्रवक्ता एवं हमीरपुर विधानसभा के प्रभारी महेंदर धमाणी ने कुप्रबंधन स्वास्थ्य सेवाओं और हिमकेयर योजना का भुगतान रोकने पर प्रदेश सरकार को घेरते हुए मुख्यमंत्री से तीखे सवाल उठाए हैं। भाजपा प्रवक्ता ने कहा है कि एक तरफ तो मुख्यमंत्री कहते हैं कि वह आम आदमी की जरूरत को समझते हैं और व्यवस्था परिवर्तन कर रहे हैं लेकिन दूसरी तरफ उन्होंने हिमकेयर योजना का भुगतान रोक कर प्रदेश के जरूरतमंद मरीजों का इलाज रोक दिया है। प्रदेश में स्वास्थ्य सुविधाएं बुरी तरह चरमरा चुकी हैं। **हिमाचल में स्वास्थ्य सुविधाएं बुरी तरह चरमरा चुकीं हैं ऊपर से कई जगहों पर डायरिया का प्रकोप** : धमाणी ने कहा कि हिमाचल प्रदेश में हिमकेयर योजना के तहत प्रदेश में 278 अस्पताल पंजीकृत हैं। मुख्यमंत्री हिमकेयर योजना के तहत पिछले तीन साल में 4.85 लाख लोगों से ज्यादा का इलाज किया गया है। नवंबर 2023 तक 78 हजार 365 नए कार्ड भी बने थे। ऐसे में इस योजना का लाभ लोगों का न मिलने पर अब हिमाचल

**साधा निशाना**

**8 हिमकेयर योजना का भुगतान रोक कर प्रदेश के जरूरतमंद मरीजों का इलाज रोक दिया है : भाजपा प्रवक्ता**

में स्वास्थ्य सुविधाएं चरमरा गई है। हिमाचल प्रदेश में स्वास्थ्य सुविधाएं अब गरीबों से दूर हो गई हैं जो गरीब और आम आदमी पहले हिमकेयर कार्ड के जरिये महंगे से महंगा ऑपरेशन करवा लेते थे वह अब एक साथ लाखों रुपये का प्रबंध करने को मजबूर हैं। सरकारी अस्पतालों में हिमकेयर कार्ड नहीं चल रहे।प्रदेश के सबसे बड़े अस्पताल इंदिरा गांधी मेडिकल कॉलेज आईजीएमसी में तो हालात और भी ज्यादा खराब हो गए हैं। यहां पर हिमकेयर कार्ड पर मरीजों को उपचार नहीं मिल रहा। सबसे ज्यादा दिक्कत तो दिल से ग्रसित मरीजों को आ रही है क्योंकि एक सामान्य ऑपरेशन करने के लिए भी कम से कम 2 से 4 लाख रुपये चाहिए होते हैं।

## शिव-पार्वती विवाह प्रसंग सुन भाव विभोर हुए समोहवासी

**महापुराण**

**8 फिर नारद मुनि ने बताया कि भगवान स्वयंभू हैं। इनका आगे पीछे कोई नही है। इनके माताण्पिता ही नहीं हैं। इनकी कोई विरासत नहीं है**

**कश्मीर ठाकुर**

**बिलासपुर:** जिले के समोह कस्बे में चल रही श्रीशिव महापुराण कथा के तीसरे दिन भगवान शिव पार्वती प्रसंग का व्याख्यान हुआ। कथा वाचक सुरेश भारद्वाज ने अलौलिक तरीके से भगवान शिव पार्वती विवाह के बारे में श्रद्धालुओं को बताया। कथा के दौरान शिव विवाह को लेकर भव्य झांकी निकाली गई।



जिसमें भगवान शिव की बारात और विवाह के मधुर क्षणों को भव्य तरीके से दशार्या गया। इस दौरान पंडाल में बैठे सभी श्रद्धालु इस विवाह के साक्षी बने और झूमते नजर आए। इस दिन प्रवचनों की अमृतवर्षा करते हुए पंडित सुरेश भारद्वाज ने कहा कि पार्वती की तरफ से कई उच्च कुलों के राजाण्महाराजा और शाही रिश्तेदार इस शादी में शामिल हुएए लेकिन शिव की ओर से कोई रिश्तेदार नहीं थाए क्योंकि वे किसी भी परिवार से संबंधित ही नहीं थे। भगवान शिव के साथ हर प्रकार के प्राणी बारात में आए जिसें देवीए देवताओं के अलावा राक्षसए किन्नरए गंधर्वए सर्प यहां तक की कीड़े मकोड़े भी आए। समरसता का पर्याय बनी यह बारात कई मायनों में अलौकिक थी। जब पर्वत राज ने अपने कुल की वंशावली के बारे में बताया और शिव से उनकी वंशावली के बारे में पूछा तो शिव मौन होकर शून्य रहे। काफ ी समय तक इसी बात को लेकर सभा में चर्चा होती रही कि आखिर शिव की ओर से इनके परिवार खानदान के बारे कोई क्यो नहीं बोल रहा। फिर नारद मुनि ने बताया कि भगवान स्वयंभू हैं। इनका आगे पीछे कोई नही है। इनके माताण्पिता ही नहीं हैं। इनकी कोई विरासत नहीं है।

# ऊना हॉस्टल के पहलवान मोहित को हराकर कोटधार के पंकज ने जीता अंडर-21 खिताब

**कश्मीर ठाकुर**

**बिलासपुर:** अंडर-21 में कोटधार के पंकज ने रोमांचित मुकाबले में ऊना हॉस्टल के मोहित को पटकनी देते हुए अपने नाम खिताब किया। जय लख दाता पीर कमेटी द्वारा शाहतलाई के दुग्ग खड्ड के साथ लगते ग्राउंड में छिन्ज प्रतियोगिता का मुकाबला घोड़ा बाबा फ्लाई के नाम रहा। कमेटी द्वारा लखदाता मंदिर और गुरनाझाड़ी बाजार से होते हुए शोभायात्रा ढोल नगाड़ों के साथ निकाली गई। अंडर-21 विजेता पंकज कोटधार को 11 हजार



और गुर्ज जबकि उपविजेता मोहित ऊना हॉस्टल को 10 हजार राशि देकर सम्मानित किया गया। पहले अंडर 21 के लिए 15 हजार राशि रखी थी जो कि हिमाचल के पहलवानों को देखते हुए बढकर 21 हजार कर दी गई। छोटा माली विजेता बिल्ला कोहली को 13 हजार और गुर्ज और उप विजेता जग्गा अजनाला को 12 हजार राशि देकर सम्मानित किया गया। एक अन्य सीधे मुकाबले में रॉबिन कोहाली और बिल्लू होशियारपुर के बीच में जबरदस्त मुकाबला रहा। जिन्हें बराबरी पर 10-10 हजार रुपए राशि देकर सम्मानित किया गया। बड़ी माली का खिताब घोड़ा बाबा फ्लाई के नाम रहा। बड़ी माली के रोमांचित मुकाबले में विजेता घोड़ा बाबा फ्लाई को 21 हजार साथ में गुर्ज जबकि उपविजेता पीटी कैथल को 20 हजार राशि देकर कमेटी द्वारा सम्मानित किया गया। कमेटी की ओर से तारा दत्त शर्मा, पवन कौशल, पृथ्वी चंद धीमान, राजकुमार कौशल, बलदेव कुमार, शिवम चैधरी, विजय कौशल, राजकुमार चैधरी, सुखदेव, किशोरी धीमान तलाई व साबू शर्मा सहित आदि फ ौजी ने जबरदस्त पहलवानों के जोड़ बनाकर दंगल में चार चांद लगाए। उपस्थित दर्शकों को मोनू ठाकुर कॉमेंटेटर द्वारा भी खूब मनोरंजन किया गया।

# वीर विजयन्त नेगी बोरस ने जेईई मैंस परीक्षा में 79वां रैंक किया हासिल

**अनिल**

**किन्नौर: किन्नौर** जिला के ठंगी गांव के स्थानीय निवासी वीर विजयन्त नेगी बोरस ने जेईई मैंस परीक्षा 2024 में ऑल इंडिया जनरल रैंक में 79वां स्थान हासिल किया है और प्रदेश समेत किन्नौर जिला का नाम पुरे देशभर में रोशन किया है। बता दें कि इस वर्ष के जेईई मैंस परीक्षा में करीब 14 लाख परीक्षार्थियों ने भाग लिया, जिनमें से वीर विजयन्त नेगी बोरस ने 99.99 प्रतिशत अंक हासिल कर मैंस में अपना परचम लहराया है।वीर विजयन्त नेगी के



पिता योगेश बोरस रेलवे में अधिकारी व माता कल्पना बोरस गृहणी है।बता दें कि जेईइ मैंस की परीक्षा में वीर विजयन्त नेगी बोरस का स्थान देश के पंद्रह राज्यों तथा छः केंद्र शासित प्रदेशो के टॉपर से भी ऊपर नंबर है और अब वे अगले पड़ाव की तैयारी में जुटे हुए है और उनका सपना आईआईटी बॉम्बे में पढ़ाई करना है जिसके लिए वे दिनरात मेहनत कर रहे है ताकि उनके लक्ष्य की प्राप्ति हो सके। वहीं वीर विजयन्त नेगी बोरस के इस बड़े उपलब्धि को लेकर प्रदेश के बागवानी राजस्व एवं जनजातीय विकास मंत्री जगत सिंह नेगी ने शुभकामनायें दी है। और जिला के अन्य पढ़ाई करने वाले छात्र छात्राओं को वीर विजयन्त नेगी बोरस की तरह कढ़ी मेहनत करने व सफलता हासिल करने के लिए संदेश दिया है।

# कांग्रेस को मिलेगी महिलाओं के अपमान की सजा : जयराम ठाकुर

**खेमचंद शास्त्री**

**मंडी: पूर्व** मुख्यमंत्री एवं नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने कहा कि कांग्रेस पार्टी लगातार महिलाओं का अपमान कर रही है जिसे बर्दाश्त नहीं किया जा सकता। जैसे ही हिमाचल की बेटी अभिनेत्री कंगना रनौत को भाजपा का टिकट मिला है तो देशभर में कांग्रेस उनके पीछे पड़ गई। अपने हर मंच से उनको भद्दी गालियां और अपमानजनक बातें बोली जा रही हैं। ये सरकाघाट की इस बहादुर बेटी की लोकप्रियता से इतने घबराए हुए हैं कि अब पूरी मातृ शक्ति का भी अपमान करने लगे हैं। इनको सिर्फ चुनावों के वक्त वोट के लिए माताओं बहनों का ख्याल आता है। पंद्रह महीनों से इनकी प्रदेश में सरकार चल रही है लेकिन तब इन्हें महिलाओं को 1500 देने की याद नहीं आई और अब जब फिर वोट मांगने का वक्त आया तो फिर माताओं और बहनों को लाइनों में खड़ा कर फार्म भरने के लिए कहा जा रहा है। इनकी अगर देने की मंशा होती तो अपने किए उस वायदे के मुताबिक पहली कैबिनेट मीटिंग के बाद दे देते। अब सिर्फ वोट हासिल करने के लिए ये प्रक्रिया शुरू हुई तो हम चुनाव आयोग गए। ये सिर्फ माताओं-बहनों को जलील और अपमानित करने का काम कर रहे हैं जिसे कत्तई सहन नहीं किया जाएगा।



सरकाघाट के बल्दवाड़ा और सुंदरनगर के डेहर में भाजपा पन्ना प्रमुख सम्मेलन में उन्होंने कहा कि कांग्रेस प्रत्याशी नाचन में प्रश्न पूछ रहे थे कि भाजपा प्रत्याशी कंगना रनौत ने मंडी के लिए क्या किया है। उसने क्या किया और क्या करेगी उसका जवाब तो मिल जाएगा लेकिन आपकी इतनी पीढियां यहां से चुनाव जीतकर गईं आप बताएं कि आपके परिवार ने मंडी संसदीय क्षेत्र के लिए क्या किया। सिर्फ आपको ही नहीं हमें भी प्रश्न पूछने का अधिकार है। हमसे सीधी बात करने से पहले आपको हमारे कार्यकताओं से निपटना होगा। ये ही आपको निपटा देंगे। मैं यहां मुद्दों की ही राजनीति करने आया हूं। आपकी माता ही कह रही थी मैं चुनाव नहीं लड ?ा चाहती क्योंकि काम नहीं हुए हैं वो यहां की सांसद भी हैं और आपकी पार्टी की अध्यक्षा भी। जनता के बीच आपको क्या कहना है पहले अपनी माता से पूछकर आया करो। जब आपकी सरकार ने सैंकड़ों संस्थान बंद कर दिए तो आप और आपकी माता जो यहां से सांसद थी वो क्यों चुप रहीं। मंडी में 250 करोड़ की लागत से शिवधाम का निर्माण हो रहा था लेकिन आपकी सरकार ने आते ही वो काम बंद कर दिया और मुख्यमंत्री 200 करोड़ नादौन क्यों ले गए। हमने प्रदेश का दूसरा विश्वविद्यालय मंडी में खोला तो उसका दायरा घटाकर बंद करने की साजिश हुई। ऐसे में आप क्यों चुप रहे। आप पीडब्ल्यूडी मंत्री रहे आप बताएं कि इन 15 महीनों में आपने क्या किया। आपदा में सात पुल मंडी में बह गए लेकिन आपने एक भी रिस्टोर नहीं किया। सडकों के किनारे गिरा मलबा आप उठा नहीं

# क्षय रोग उन्मूलन पर स्वास्थ्य विभाग द्वारा मासिक समीक्षा का आयोजन

**बैठक**

8 विशेष रूप से विश्व स्वास्थ्य संगठन की सलाहकार राज्य अतिथि के रूप में डॉ आत्मिका ने भाग लिया।



**हामिद**

**चंबा:** स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग चंबा द्वारा शुक्रवार को मुख्य चिकित्सा अधिकारी चंबा के कार्यालय सभागार में राष्ट्रीय क्षय रोग उन्मूलन कार्यक्रम की विशेष मासिक समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया जिस की अध्यक्षता मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ कपिल शर्मा ने की। इस बैठक में विशेष रूप से विश्व स्वास्थ्य संगठन की सलाहकार राज्य अतिथि के रूप में डॉ आत्मिका ने भाग लिया। डॉ आत्मिका ने डीबीटी के माध्यम से चम्बा में टीबी के मरीजों के 100: निक्षय पोषण योजना के अंतर्गत मिलने वाले पैसे मिल रहे हैं, को सराहा। जिला स्वास्थ्य अधिकारी डॉ जालम भारद्वाज ने बताया कि सरकार द्वारा निर्धारित मानकों के अनुसार हिमाचल प्रदेश को टीबी मुक्त बनाना है, जिसके तहत पावर पॉइंट प्रेजेंटेशन प्रदर्शित करते हुए सभी स्वास्थ्य खंड़ों का क्रमवार चल रहे कार्यक्रम टीबी मुक्त ग्राम पंचायत, एसएन सर्वे, निक्षय मित्र योजना पर चर्चा की गई। उन्होंने बताया कि टीबी के लक्षणो-जैसे दो सप्ताह से लगातार खांसी, वजन में कमी, शरीर में किसी प्रकार की गाँठ, रात को पसीना आना, थूक में खून आना आदि लक्षणो के बारे में आम जन को अवगत करवाना है।

## बसोली सडक हादसे में दो जख्मी

**राजन पुरी**

**ऊना: सदर** थाना ऊना के तहत बसोली में दो बाइकों के बीच टक्कर हो गई। हादसे में दोनों बाइक चालक जख्मी हुए हैं। दोनों को उपचार के लिए क्षेत्रीय अस्पताल ऊना में भर्ती करवाया गया। वहीं पुलिस ने शिकायत के आधार पर एक बाइक चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। जानकारी के मुताबिक वीरवार देर शाम को बसोली में दो बाइकों की आमने-सामने टक्कर हो गई। हादसे में बाइक सवार हर्ष निवासी चताड़ा व दूसरी बाइक पर सवार विशाल शर्मा निवासी बसोली जख्मी हो गए। हादसे में विशाल की टांग फैक्कर हो गए। दोनों को उपचार के लिए क्षेत्रीय अस्पताल ऊना में भर्ती करवाया गया।

# सियांजी और जयदेवी में स्वीप टीम ने मतदान के प्रति किया जागरूक

**सुभाग सचदेवा**

**गोहर:** मा भी पाणा वोट थीम के तहत नाचन विधानसभा की स्वीप टीम ने आज राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला सियांजी और जयदेवी में जाकर मतदान तथा इसके महत्व की बात समझाई। स्वीप नोडल अफ सर पवनजीत कश्यप ने बच्चों, अध्यापकों और कार्यक्रम में उपस्थित अन्य लोगों को मतदान की शपथ दिलाई। बच्चो को बोला गया कि आप अपने घर में जाकर भी यह बताएं कि कोई मतदाता सूची से पंजीकृत होने से वंचित न हो। अगर ऐसा है तो भी 4 मई तक पंजीकृत हो सकते हैं। इसके अतिरिक्त जो युवा 1 अप्रैल, 2024 को 18 वर्ष के हो चुके हैं वो भी 4 मई तक 2024



तक अपना नाम मतदाता सूची में दर्ज करवा सकते हैं। साथ ही बच्चों से आह्वान किया कि 1 जून 2024 को होने वाले लोकसभा चुनाव वाले दिन बच्चे इस दिन अपने घरवालों और अन्य लोगों को साथ लेकर के अपने-अपने मतदान केंद्र पर पहुंचकर भरपूर मतदान करने को प्रेरित करें तथा नाचन में मतदान प्रतिशत को बढ़ाने में सहयोग करें। नोडल अधिकारी ने बताया कि इन चुनाव में एसडीएम गोहर ने नाचन विधानसभा में 81: मतदान का लक्ष्य रखा है। स्वीप कार्यक्रम के अंतर्गत

**महत्व**

8 राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला सियांजी और जयदेवी में जाकर मतदान तथा इसके महत्व की बात समझाई

पेंटिंग, नारा लेखन और भाषण प्रतियोगिता में प्रथम और द्वितीय स्थान पाने वाले बच्चों को सर्टिफिकेट बांटे गए। सियांजी स्कूल के पेंटिंग में आर्यन और शालिनी, नारा लेखन में महक और जानवीए भाषण में मुस्कान और पारुल क्रमशः प्रथम और द्वितीय स्थान पर रहे। जयदेवी स्कूल के पेंटिंग प्रतियोगिता में कृष और अभिषेक, नारा लेखन में शालू और कशिश, भाषण में सिमरन और कानन क्रमशः प्रथम और द्वितीय स्थान पर रहे। इस अवसर पर राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला सियांजी और जयदेवी के बच्चों द्वारा अपने सांस्कृतिक कार्यकमों में मतदान करने का संदेश दिया गया। सियांजी स्कूल में छात्राओं ने मतदान जागरकता गीत पर नृत्य पेश किया। जयदेवी के बच्चों ने मतदान पर नुक्कड़ नाटक पेश किया। इन कार्यक्रमों में स्वीप टीम के सदस्य हेमराज, सुरेश, सियांजी स्कूल के प्रधानाचार्य अक्षय कुमार, जयदेवी स्कूल के प्रधानाचार्य नरोत्तम दास, स्टाफ सदस्य, बीएलओ, ईएलसी इंचार्जए एसएमसी प्रधान व सदस्य, स्थानीय लोग और विद्यार्थी उपस्थित रहे।

**संक्षिप्त खबरें**

## प्रदूषित पानी से होने वाले रोगों और डेंगू और डायरिया को लेकर उच्च स्तरीय बैठक

**विमल ग्रोवर**

**परवाणू: औद्योगिक** नगर परवाणू में बढ़ते जलजनित रोगों को लेकर उच्च स्तरीय बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता परवाणू सहायक आयुक्त महेन्द्र प्रताप सिंह ने की। बैठक उद्योग भवन के हॉल में रखी गयी, जिसमे स्वास्थ्य विभाग, ईएसआई अस्पताल, प्रदुषण नियंत्रण बोर्ड, लोक निर्माण विभाग, पुलिस विभाग, जल शक्ति विभाग, नगर परिषद आदि अन्य विभागों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे। वहीं, बैठक में कुछ समाजसेवी संस्थाओ, आशा वर्कर, सैल्फ हेल्प ग्रुप के सदस्य भी उपस्थित रहे। सहायक आयुक्त द्वारा बुलाई गई बैठक में परवाणू में फैले डायरिया समेत डेंगू जैसे जलजनित रोगों को लेकर चर्चा की गई। बैठक में इन रोगों से बचाव बारे रणनीति बनाई गई।सहायक आयुक्त महेन्द्र प्रताप सिंह ने कहा की वर्तमान में परवाणू डायरिया जैसी गंभीर बिमारी से जूझ रहा है। भविष्य में डेंगू जैसी गंभीर बिमारी का खतरा मंडरा रहा है। उन्होंने सभी विभागों के अधिकारियों को इन गंभीर बीमारियों को लेकर कड़े से कड़े कदम उठाने के आदेश दिए। उन्होंने कहा की गर्मियों और बरसातों के मौसम में जल जनित रोगों के फैलने का अंदेशा बढ़ जाता है। ऐसे में पेयजल स्वच्छता पर विशेष ध्यान दिया जाना चाहिए। उन्होंने क्षेत्र में पिछले कुछ दिनों में डायरिया के मामले सामने आने पर संबंधित विभागों से अब तक उठाए गए कदमों की जानकारी प्राप्त की। उन्होंने कहा कि पेयजल के प्रदूषित होने के कारणों का शीघ्र पता लगाने और इसके लिए एक सैल्फ टास्क फ ोर्स गठित करने को कहा। उन्होंने कहा कि प्रशासन ने अभी तक सभी विभागों के साथ मिलकर पूरी तत्परता से कार्य किया है और हम चाहते है की सभी विभाग एक दूसरे का पूरा सहयोग करें ताकि डेंगू और डायरिया से बचा जाए। वहीं, महेन्द्र सिंह ठाकुर द्वारा सम्बंधित विभाग को परवाणू के अवैध स्लम ऐरिया पर भी उचित कार्यवाही करने के आदेश दिए। महेन्द्र प्रताप ने कहां कुछ दिनों बाद हम सभी फिर एक बार बैठक करेंगे जिसमें सभी विभागों के द्वारा किये गए कार्यो की रिपोर्ट ली जायेगी। उन्होंने परवाणू उद्योग संघ को भी इस बारे सहयोग करने की अपील की। इस अवसर पर स्वास्थ्य विभाग की और से ब्लॉक मेडिकल ऑफि सर डॉ कविता शर्मा ने मौजूद सभी लोगों को डेंगू बारे जानकारी दी और डेंगू से कैसे बचा जाए उसके बारे में भी बताया गए।

## सेंट थॉमस के छात्राओं को बताया मतदान का महत्व

**चमन शर्मा**

**शिमला:** लोकसभा चुनाव 2024 के दृष्टिगत आमजन को मतदान के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से आज 63-शिमला शहरी विधानसभा क्षेत्र के तहत सेंट थॉमस वरिष्ठ माध्यमिक पब्लिक स्कूल शिमला में सुव्यवस्थित मतदाता शिक्षण एवं मतदाता सहभागिता स्वीप कार्यक्रम का आयोजन किया गया। स्वीप नोडल अधिकारी 63-शिमला शहरी डॉ. सुरेश कुमार ने अध्यापकों व विद्यार्थियों को मताधिकार के बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान की। उन्होंने मतदाता सूची में नाम सम्मिलित करने,पता आदि बदलने, प्रवासी और सर्विस वोटर हेतु आवश्यक जानकारी दी। इसके अतिरिक्त फार्म संख्या 6,
6क, 7 और 8 किस तरह भरे जाने हैं, इसके बारे में भी विस्तार पूर्वक बताया। उन्होंने भारत के संविधान में भारतीय नागरिकों को प्राप्त मताधिकार के विषय में समझाते हुए कहा कि अपने मत का प्रयोग अवश्य रूप से करें। अधिक से अधिक लोग मतदान केन्द्र तक पहुंचकर लोकतंत्र को मजबूत करें। इसी दृष्टि से इन कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। अठारहवीं लोक सभा के गठन हेतु हो रहे सामान्य चुनाव व हिमाचल में सातवें चरण में होने वाले मतदान के दिनएहर मतदाता मतदान केंद्र तक पहुंचे इसके लिए विद्यार्थियों के माध्यम से अभिभावकों तक चुनाव आयोग की शपथ को पहुंचाना सुनिश्चित किया गया। उन्होंने चुनाव आयोग द्वारा 85 वर्ष से अधिक वरिष्ठ मतदाताओं तथा दिव्यांग जनों के लिए घर से मतदान के बारे में भी विस्तृत जानकारी दी। इसके अतिरिक्त मतदान केंद्रों पर मिलने वाली विभिन्न सुविधाओं के बारे में भी विस्तार पूर्वक बताया, जिसमें रैंप, पानी और सहायता आदि की व्यवस्था की गई है।

# छात्र जीवन में आती है बहुत सी कठिनाईयां : अपूर्व देवगन



**सुभाग सचदेवा**

**गोहर:** विद्यार्थीयों को शिक्षा के क्षेत्र में सटीक लक्ष्य लेकर आगे बढना चाहिए। चाहे वो रोजगार देने वाला कोई भी क्षेत्र क्यों न हो। पीछे देखना जरूरी नहीं है बल्कि हमेशा आगे ही देखो। यह बात उपायुक्त मंडी अपूर्व देवगन ने अभिलाषी यूनिवर्सिटी चैलचौक में आयोजित दो दिवसीय कल्चरल फैस्टिवल परिवर्तन 2024 के शुभारंभ पर अभिलाषी सभागार में छात्रों के बीच कही। उन्होने कहा कि छात्र जीवन में तथा बाहर के जीवन में बहुत सी कठिनाईयां आती है। वो कठिनाईयां लक्ष्य निर्धारित किए बिना आती है। छात्रों को अपना लक्ष्य स्वंय निर्धारित करना चाहिए और उसी लक्ष्य को लेकर आगे बढना चाहिए। व्यक्ति किसी भी पद पर चला जाएए उसे उस पद पर रहकर सेवा ही करनी पड़ती है। इससे पूर्व अभिलाषी संस्थान के अधिकारियों और छात्रों ने उपायुक्त का स्वागत किया। संस्थान की ओर से चेयरमैन व चांसलर डा आरके अभिलाषी ने संस्थान के इतिहास को मुख्यअतिथी अपूर्व देवगन और छात्रों के बीच रखा। कार्यक्रम के दौरान उपायुक्त ने विभिन्न क्षेत्रों में मेधावी रहे छात्रों पुरस्कार वितरित किए। इसके उपरांत उपायुक् ने विभिन्न विभागों के द्वारा लगाई गई प्रदर्शिनियों का अवलोकन भी किया। इसके बाद दिन भर कल्चरल फेस्ट का आयोजन चलता रहा जिसमें छात्रों के द्वारा हिमाचली नाटी, पंजाबी भांगड़ा, सोलो सॉन्ग, ग्रुप सॉन्ग, सोलो डांस, ग्रुप डांस, स्किट व ड्रामा इत्यादि की प्रस्तुति दी। साथ ही विश्वविद्यालय के छात्रों ने ग्लैमर विद कैटवाक फैशन शो में रैंप पर वॉक करते हुए हुस्न के जलवे बिखेरे। इस अवसर पर एसडीएम गोहर लक्ष्मण सिंह कनैट, प्रो. चांसलर डॉ एलके अभिलाषी, वाइस चांसलर प्रोफेसर एचएस बनयाल, रजिस्ट्रार डॉ कपिल कपूर, जीनीयस एजुकेशन सोसाइटी की चेयरपर्सन डॉ नर्वदा अभिलाषी, अभिलाषी एजुकेशन सोसाइटी की वाइस चेयरपर्सन डॉ प्रोमिला अभिलाषी और सचिव नरेंद्र कुमार, चच्योट पंचायत के प्रधान महेंद्र वर्मा सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।

**लक्ष्य**

8 छात्र जीवन में तथा बाहर के जीवन में बहुत सी कठिनाईयां आती है। वो कठिनाईयां लक्ष्य निर्धारित किए बिना आती है।

## सरकारी स्कूल में जमा एक के छात्र से मारपीट

**राजन पुरी**

**ऊना:** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला सनोली में शिक्षा ग्रहण कर रहे जमा एक के छात्र से मारपीट का मामला सामने आया है। छात्र ने मामले को लेकर प्रधानाचार्य सहित ऊना पुलिस को शिकायत दी है। पुलिस ने शिकायत के आधार पर पूना के दो युवकों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस को दी शिकायत में पूना निवासी जमा एक के छात्र ने बताया कि गत दिवस प्रतिदिन की तरह राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला सनोली में गया हुआ था।

दोपहर बाद जब पानी पीने के लिये कक्षा से बाहर आया, तो हरनाम सिंह व महिंद्र सिंह निवासी पूना दोनों स्कूल के अंदर आ गए और मारपीट की।

# धुसाड़ा में एचआरटीसी बस व कार के बीच टक्कर

**राजन पुरी**

**ऊना: अंब** उपमंडल के तहत पड़ते धुसाड़ा में हिमाचल पथ पर परिवहन निगम की बस व एक कार में भीषण भिड़ंत हो गई। हादसे में कार चालक युवक की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि बस में सवार चालक-परिचालक सहित आधा दर्जन यात्री घायल हुए हैं। घायलों को नजदीकी अस्पताल में उपचार दिलाया गया। मृतक की पहचान 41 वर्षीय विनोद कुमार पुत्र बंशी लाल निवासी टकारला के रूप में की गई है। मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए क्षेत्रीय अस्पताल भेज दिया गया, जबकि घटना के संबंध में जांच शुरू कर दी है। पुलिस ने बस यात्री निगेश कुमार निवासी भटियाली डाकखाना डुगली तहसील चुराह जिला चंबा की शिकायत पर केस दर्ज करते हुए



मामले की जांच शुरू कर दी है। पुलिस को दी शिकायत में निगेश कुमार ने बताया कि वह परिवहन निगम की बस हरिद्वार से चंबा की तरफ जा रहा था। वीरवार देर रात्रि धुसाड़ा में विनोद कुमार ने लापरवाही से कार ड्राइव करते हुए सामने से आकर बस में टक्कर मार दी। जिसके कार चालक विनोद कुमार पुत्र बंशी लाल निवासी टकारला की मौके पर मौत हो गई। जबकि बस में सवार परिचालक सहित आधा दर्जन यात्रियों को भी हल्की चोट पहुंची। जिन्हें नजदीकी अस्पताल में उपचार दिलाने के बाद छुट्टी दे दी गई है। पुलिस अधीक्षक राकेश सिंह ने मामले की पुष्टि करते हुए कहा कि पुलिस ने घटना के संबंध में केस दर्ज करते हुए जांच शुरू कर दी है। मृतक के शव का पोस्टमार्टम करवाया जा रहा है। आगामी कार्रवाई अमल में लाई जा रही है।

# पीठासीन-सहायक पीठासीन अधिकारियों को दिया प्रशिक्षण

**दिशा-निर्देश**

8 मतदान प्रक्रिया को संपन्न करने के लिए चुनाव आयोग के दिशा निर्देशों से भी अवगत करवाया गया

**श्याम कुल्वी**

**कुल्लू :** लोकसभा चुनाव-2024 के तहत कुल्लू विधानसभा क्षेत्र के पीठासीन तथा सहायक पीठासीन अधिकारियों को आज राजकीय महाविद्यालय कुल्लू में ईवीएम तथा वीवीपैट का प्रशिक्षण दिया गया साथ ही मतदान प्रक्रिया को संपन्न करने के लिए चुनाव आयोग के दिशा निर्देशों से भी अवगत करवाया गया। सहायक रिटर्निंग आफिसर व उपमंडल अधिकारी कुल्लू विकास



शुक्ला ने मतदान प्रक्रिया के बारे में जानकारी देते हुए कहा कि सभी पीठासीन अधिकारियों तथा सहायक पीठासीन अधिकारियों को अपनी टीम सहित चुनाव आयोग के दिशा निर्देशों के अनुसार कार्य सुनिश्चित करने को कहा। उन्होंने कहा कि इस बारे अंतिम प्रशिक्षण व रिहर्सल मई माह में करवाई जाएगी। पीठासीन अधिकारियों तथा सहायक पीठासीन अधिकारियों को निर्देश पुस्तिका भी उपलब्ध करवाई गई है तथा इसमें मतदान प्रक्रिया को लेकर सभी बिंदुओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई है ताकि किसी भी स्तर पर पीठासीन अधिकारियों व सहायक पीठासीन अधिकारियों के मन में किसी भी तरह का संशय नहीं रहे। उन्होंने सभी से निर्देश पुस्तिका का गहन अध्ययन करने को कहा ताकि चुनावी प्रक्रिया को सही प्रकार से पूरा किया जा सके। उन्होंने प्रशिक्षण में आये सभी पीठासीन व सहायक पीठासीन अधिकारियों से चुनाव आयोग के दिशा निदेशों का अक्षरशः पालन सुनिश्चित बनाने को कहा ताकि मतदान प्रक्रिया पारदर्शी तथा शांतिपूर्वक तरीके से संपन्न की जा सके। इस दौरान मतदान प्रक्रिया में तैनात अधिकारियों व कर्मचारियों ईवीएम इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन वीवीपैट के बारे प्रशिक्षण दिया गया साथ ही मॉक पोल से सम्बंधित जानकारी दी गईं।

# चुनाव में तैनात अधिकारियों-कर्मचारियों का कराया गया पूर्वाभ्यास

**लिहांटू**

**रामपुर बुशहर: लोक सभा** चुनाव 2024 के 02 मण्डी लोक सभा क्षेत्र के अन्तर्गत 66 रामपुर विधान सभा (अ.ज.) क्षेत्र में आज चुनाव प्रक्रिया में तैनात सेक्टर अधिकारियों, पीठासीन अधिकारियों व मतदान अधिकारियों/कर्मचारियों को प्रथम पूर्वाभ्यास करवाया गया। यह प्रशिक्षण कार्यक्रम जीबी पंत राजकीय महाविद्यालय रामपुर बुशहर के सभागार में आयोजित की गई । इस कार्यक्रम में सहायक रिटर्निंग अधिकारी एवं एसडीएम रामपुर निशान्त तोमर बतौर मुख्यअतिथि रहे। इस कार्यक्रम में एक हजार के करीब सेक्टर ऑफि



सर, पीठासीन अधिकारी व मतदान कर्मचारी ने भाग लिया। सहायक रिटर्निंग अधिकारी रामपुर ने बताया कि इस प्रशिक्षण में आगामी 01 जून को होने वाले लोक सभा चुनाव के लिए तैनात सेक्टर अधिकारियों, पीठासीन अधिकारियों व मतदान कर्मचारियों को निवार्चान सामग्री, ईवीएम मशीन, वीवीपेट, मॉक पोल, राजनैतिक पार्टियों के पोलिंग एजेट के रोल व हस्ताक्षर, मतदान केन्द्र में पहुंचने का समय, मतदान केन्द्र के 100 मीटर के दायरे में लगी प्रचार सामग्री व राजनेताओ के पोस्टर को हटाने, मतदान केन्द्र में मोबाईल फ ोन साथ न रखने, मतदान के समय वोटिंग मशीन व वीवीपेट को ऐसे स्थान पर स्थापित करने जहां मतदान की गोपनीयता बना रहे, ईवीएम कन्ट्रोल यूनिट को सील करने के बारे विस्तृत जानकारी दी गई।

उन्होने कहा दूसरा प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन 22 मई को करवाया जाएगा। इलैक्शन कानूनगो देविन्द्र सिहं ने चुनाव में तैनात अधिकारियों व कर्मचारियों को ईवीएम मशीन के बारे में विस्तार से बताया व कहा कि किसी भी अधिकारी व कर्मचारियों को मतदान के दिन ईवीएम में कोई भी समास्यां आए तो निर्वाचन विभाग से सम्पर्क करे और अपने स्तर पर मशीन से कोई छेड़छाड़ न करें। इस प्रशिक्षण में सभी कर्मचारियों को स्वयं ईवीएम को प्रचालन करने दिया गया ताकि चुनाव के समय उन्हें कोई असुविधा न हो। इस अवसर पर तहसीलदार राजस्व रामपुर जय चन्द, तहसीलदार ननखरी निखिलेश व नायब तहसीलदार सराहन प्रेम सिंह नेगी व नायब तहसीलदार रामपुर भी उपस्थित रहें।

**असुविधा**

8 कर्मचारियों को स्वयं ईवीएम को प्रचालन करने दिया गया ताकि चुनाव के समय उन्हें कोई असुविधा न हो

# कांग्रेस बिकाऊ नहीं जिताऊ उम्मीदवारों को देगी टिकट: संजय अवस्थी

**चमन शर्मा**

**शिमला:** भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष राजीव बिंदल द्वारा कांग्रेस पर केंद्र सरकार में अस्थिर सरकार के आरोपो पर कांग्रेस के प्रदेश कार्यकारिणी अध्यक्ष संजय अवस्थी ने पलटवार किया है। उन्होंने कहा कि राजीव बिंदल द्वारा लगाए गए आरोप निराधार है। केंद्र में जब भी कांग्रेस की सरकार बनी तो स्थिर सरकार रही। लेकिन भाजपा की मानसिकता स्थिर सरकारों को अस्थिर करने का है जिसका उदाहरण देश की कई राज्यों में देखने को मिला और हिमाचल में भी



भाजपा ने सरकार को अस्थिर करने की कोशिश की। भाजपा सत्ता के लालच में नैतिकता को चुके हैं केवल सत्ता मोह ही दिख रहा है इसके अलावा कुछ नहीं दिख रहा। वही उन्होंने कहा कि भाजपा के पास देश मे आज कोई भी चुनावी मुद्दा नहीं है। वह लोगों की भावनाओं के साथ खिलवाड़ करते हैं भगवान राम सबके हैं। भाजपा हमेशा बांटने की राजनीति करती है लेकिन इस बार भाजपा इसमें कामयाब होने वाली नहीं है देश की जनता भाजपा को सत्ता से बाहर करेगी। वहीं प्रदेश में दो लोकसभा और 6 उपचुनाव पर उम्मीदवारों को लेकर अवस्थी ने कहा कि कांग्रेस इन सीटों उम्मीदवारों को लेकर मंथन कर रही है और जल्द ही उम्मीदवारों की सूची भी जारी करेगी उन्होंने कहा कि कांग्रेस बिकाऊ नहीं बल्कि जितवा उम्मीदवारों को चुनावी मैदान में उतरेगी।

## न्यूज फ्लैश

### नारनौल मंडी में सरसों खरीद के लिए शेड्यूल जारी

**टीम एक्शन इंडिया / संजय शर्मा**

**नारनौल । नई अनाज मंडी नारनौल** में सरसों की अधिक आवक होने के कारण गांव के रोस्टर में संशोधन किया गया है। किसान अब इस रोस्टर के अनुसार ही मंडी में अपनी फसल बेचने के लिए आएं। यह जानकारी देते हुए उपमंडल अधिकारी (ना0) प्रशासक मार्केट कमेटी नारनौल डा. जितेंद्र सिंह ने बताया कि 27 अप्रैल को नई अनाज मंडी नारनौल में मित्रपुरा, मोहम्मदपुर हमीदखान, मुकुंदपुरा, मुरारीपुर, नांगल काठा, नारनौल, नुनीकला व नूनी अव्वल गांव के किसानों की सरसों खरीद की जाएगी। 28 अप्रैल को रविवार का अवकाश होने के कारण कोई नए गेट पास जारी नहीं किए जाएंगे। 29 अप्रैल को पटीकरा, रघुनाथपुरा, रामबास, रामपुरा, रसूलपुर, सलूनी, शहरपुर, व सेका गांव के किसानों की सरसों खरीद की जाएगी। 30 अप्रैल को शाहपुर, शाहपुर-1, शोभापुर, सीहमा, टहला, ताजीपुर, ताजपुर व थाना गांव के किसानों की सरसों खरीद की जाएगी।
उन्होंने बताया कि किसान गेट पास कटवाने के लिए अपने साथ आधार कार्ड अवश्य लाएं। बिना रोस्टर के किसी भी किसान की सरसों खरीद नहीं की जाएगी।

### फसलों को गर्मी से बचाने के लिए कृषि विभाग ने जारी की एडवाइजरी

**टीम एक्शन इंडिया / संजय शर्मा**

**नारनौल । अप्रैल व मई** में बोई जाने वाली फसलें कपास, चारे की फसल, ग्रीष्म मूंग इत्यादि में हल्की सिंचाई सायं की समय में ही करें तथा कपास की फसल की बिजाई 10 मई तक अवश्य पूर्ण कर लें। उप कृषि निदेशक डा. देवेन्द्र सिंह ने किसानों को सलाह दी है कि गर्म मौसम की वजह से बीज के जमाव में होने वाले नुकसान से बचने के लिए बीज की दर 25 प्रतिशत बढ़ा दें ताकि खेत में पौधों की संख्या (डस्त्र३्४ ढ'ल्ल३ ढङ्कस्त्र४"३ङ्गल्ल) पूरी की जा सकें। खरीफ 2024 में बोई जाने वाल फसलें जैसे बाजरा व ग्वार की बिजाई मानसून आने पर ही करें। इसके साथ-साथ किसानों को यह सलाह भी दी जाती है कि कपास की बिजाई से पहले गांवों में तथा खेत के आस पास रखी हुई पुरानी फपास की बनछटियां लकड़ियों को झाड़ कर खराब टिण्डो व अध खिले टिण्डों को एकत्रित करके नष्ट करे दें ताकि आने वाली कपास की फसल में गलाबी सुण्डी के प्रकोप को कम से कम किया जा सके।

### मध्यप्रदेश से नशे की खेप लेकर असंध पहुंचे दो तस्कर काबू

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**



**करनाल। पुलिस अधीक्षक** दीपक सहारन द्वारा करनाल को नशा मुक्त बनाने के लिए चलाए गए अभियान के तहत जिला पुलिस निरंतर नशा तस्करों पर गंभीर चोट कर रही है। बीती रात को सीआइए वन की टीम ने नाकेबंदी के दौरान दो नशा तस्करों गौरव कुमार पुत्र बन्ता राम वासी गांव मंडवाल, जिला कैथल और विक्रम पुत्र ओमपाल वासी राहडा, थाना असंध को गिरफ्तार किया। पुलिस टीम द्वारा दोनों आरोपियों के कब्जे से मौके पर एक मोटरसाईकिल व 17 किलोग्राम डोडा चुरापोस्त बरामद की गई। आरोपियों के खिलाफ थाना असंध में एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया। पुलिस द्वारा की गई प्रारंभिक पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि वे नशे की इस खेप को मध्य प्रदेश से ट्रेन में लेकर आए थे।

# गरीबों को मजबूत बनाने के लिए काम कर रही भाजपा सरकार : नायब सिंह सैनी

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल। प्रदेश के मुख्यमंत्री** एवं करनाल विधानसभा उप चुनाव में भाजपा प्रत्याशी नायब सिंह सैनी ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी की ऐसी सरकार है, जिसने देश व प्रदेश में श्रमिकों की भलाई के लिए कार्य किया है। मोदी ने गरीबों के लिए जो योजनाएं चलाई, विपक्ष के पेट में उसके लिए भी दर्द है। कांग्रेस जैसी पार्टियां खुद तो श्रमिकों और गरीबों के लिए कुछ नहीं कर पाई। पिछले 10 वर्षो में प्रधानमंत्री मोदी ने गरीब के चेहरे पर मुस्कान लाने का काम किया है। भाजपा सरकार




गरीब की मजबूती के लिए काम करने वाली सरकार है। गरीबों को कैसे मजबूत किया जाए, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इसके लिए काम करते रहते हैं। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी करनाल की नई अनाज मंडी में राष्ट्रीय कामगार संघ की ओर से आयोजित श्रमिक कार्यकर्ता सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। इसके अलावा भी मुख्यमंत्री ने करनाल में आयोजित कई कार्यक्रमों में शिरकत की। उन्होंने करनाल लोकसभा से भाजपा प्रत्याशी मनोहर लाल और विधानसभा उप चुनाव में भाजपा के लिए वोट की अपील की। श्रमिकों ने नरेंद्र मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने का वादा किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि विपक्ष ने केवल श्रमिकों को वोट बैंक के रूप में इस्तेमाल किया है। कांग्रेस ने न तो श्रमिकों के बारे में आज तक सोचा और न ही कोई योजना बनाई। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गरीबों के बारे में सोचा और उनकी भलाई के लिए कल्याणकारी योजनाएं लागू की। उन्होंने कहा कि सरकार ने देश व प्रदेश में विभिन्न योजनाओं के माध्यम से श्रमिकों को लाभ पहुंचाया। हरियाणा प्रदेश के श्रमिकों को कोई दिक्कत न आए, इसके लिए काम किया। मनोहर लाल ने मुख्यमंत्री रहते हुए श्रमिकों की बात सुनी और उनकी समस्याओं का समाधान भी किया। सीएम ने कहा कि श्रमिकों को भविष्य में भी कोई परेशानी नहीं आने दी जाएगी, सरकार उनके साथ खड़ी है और खड़ी रहेगी। उन्होंने आह्वान किया कि करनाल लोकसभा चुनाव में मनोहर लाल और करनाल विधानसभा उप चुनाव में भाजपा का साथ दें, ताकि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश आगे बढ़ता रहे। इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष योगेंद्र राणा,

## सार्वजनिक स्थान पर गाड़ी में बैठकर जुआ खेलते दो आरोपी गिरफ्तार

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**



**करनाल। सीआईए** वन पुलिस टीम ने थाना शहर क्षेत्र में गश्त के दौरान रेलवे रोड पर गाड़ी में बैठकर ऑनलाइन सट्टा खेलते हुए दो आरोपियों नरेन्द्र पुत्र राकेश कुमार और शम्मी पुत्र मामचन्द वासीयान नजदीक हांसी चौक करनाल को काबू किया। आरोपियों के खिलाफ थाना शहर में जुआ अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया। सीआइए वन के इंचार्ज उप निरीक्षक अनिल कुमार ने बताया कि दोनों आरोपियों को मोबाइल फोन में लाइव आईपीएल क्रिकेट मैच चलाकर व दूसरे फोनों से अन्य लोगों से बात करके सट्टा खेलते हुए गिरफ्तार किया। आरोपियों के कब्जे से 5 मोबाइल फोन, गाड़ी जिसमें बैठकर सट्टा लगाया जा रहा था व 3380 रुपए नकद और एक वह डायरी, जिसमें वे लोग हर रोज का हिसाब नंबरों में लिखते थे, बरामद की गई। जांच में सामने आया कि आरोपी शम्मी के खिलाफ पहले भी जुआ अधिनियम की धाराओं के तहत मामला दर्ज है। इसके अलावा थाना शहर की एक टीम द्वारा गुप्त सुचना के आधार पर छापामारी करके ब्रहम नगर हांसी रोड़ करनाल से एक अन्य आरोपी सुरेश पुत्र हरद्वारी

## जेईई मेन परीक्षा में नारनौल के होनहारों ने फहराया परचम

**टीम एक्शन इंडिया**
**संजय शर्मा**



**नारनौल। जेईई मेन की परीक्षा परिणाम** में नारनौल के होनहारों ने इस बार भी अपना परचम लहराया है। स्थानीय महेंद्रगढ़ रोड़ स्थित आकाश एजुकेशनल संस्थान के एक छात्र ने 99.86 फीसदी सहित पांच विद्यार्थियों ने 99 फीसदी से अधिक अंक हासिल किए हैं। इसके अलावा 18 स्टुडेंट्स ने 95 से अधिक तथा 28 विद्यार्थियों ने 90 फीसदी से अधिक अंक अर्जित कर अपने अभिभावकों, क्षेत्र तथा संस्थान को गौरवान्वित किया है। संस्थान परिसर में शुक्रवार को मेधावी विद्यार्थियों व उनके अभिभावकों को सम्मानित किया गया। इस मौके पर एईएसएल के रीजनल डायरेक्टर परमेश्वर झा ने छात्रों को बधाई देते हुए कहा कि उनका उल्लेखनीय प्रदर्शन छात्रों को व्यापक कोचिंग और नवीन शिक्षण समाधान प्रदान करने तथा उन्हें सशक्त बनाने के लिए संस्थान की प्रतिबद्धता के दृढ़ संकल्प का प्रमाण है। उन्होंने उम्मीद जताई कि पूर्व तथा इस बार की भांति भविष्य में भी इससे और बेहतर परिणाम लाने के लिए वे प्रतिबद्ध है।उन्होंने बताया कि उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल करने वाले स्टूडेंट्स में जान्हवी मित्तल ने 99.86 फीसदी अंक हासिल किए हैं। इसी प्रकार अमन कुमार ने 99.83, हिमांशु तंवर ने 99.31 और ध्रुवांशु ने 99.10 परसेंटाइल व फिजिक्स में 100 फीसदी हासिल किए हैं।

## दुर्गा शक्ति पुलिस का जागरूकता अभियान जारी

### राजकीय महाविद्यालय में छात्रझ्रछात्राओं को दी विभिन्न जानकारियां

**टीम एक्शन इंडिया / संजय शर्मा**



**नारनौल। जिलेभर** में महेंद्रगढ़ पुलिस का जागरूकता अभियान जारी है। दुर्गा शक्ति की पुलिस टीम ने राजकीय महाविद्यालय अटेली में जागरूकता अभियान चलाया, इस दौरान छात्रझ्रछात्राओं को साइबर अपराध, महिला सुरक्षा व नशे के दुष्प्रभावों सहित विभिन्न विषयों पर महत्वपूर्ण जानकारी दी। छात्राओं को जागरूक करते हुए इंस्पेक्टर मीनाक्षी ने बताया कि पुलिस महिला सुरक्षा को लेकर सजग है और पुलिस महिलाओं को जागरूक करने के लिए अभियान चला रही है, ताकि महिलाओं व लड़कियों को पता चल सके कि उन्हें स्वयं की सुरक्षा के लिए क्या करना है और किन चीजों से बचकर रहना है। जागरूकता अभियान में महिला सुरक्षा संबंधी अधिकारों की भी जानकारी दी जा रही है। उन्होंने कहा कि सभी विद्यार्थी अपने लक्ष्य को ध्यान में रखते हुए पढ़ाई पर ही अपना ध्यान केंद्रित करे। मोबाइल व इंटरनेट को अपनी कमजोरी न बनाकर इसे अपनी सुविधा व सुरक्षा के लिए प्रयोग करें। साइबर अपराधों से बचने के लिए इंटरनेट व सोशल साइट्स का प्रयोग करते समय सावधान रहे। सोशल साइट्स पर अनजान लोगों से जुड़ने से बचे और अपनी निजता का हनन न होने दे। दुर्गाशक्ति की टीम ने छात्राओं को आत्मरक्षा के गुर सिखाए और सार्वजनिक स्थान, बसों में अपनी सुरक्षा करने के लिए कुछ आवश्यक सुझाव दिया। उन्होंने कहा कि अगर बस में या सार्वजनिक स्थान पर किसी छात्रा से छेड़छाड़ होती है तो सभी छात्राएं मिलकर मनचलों को सबक सिखाए। ऐसी घटनाओं पर पुलिस को सूचित करें।

# आम चुनाव पीठासीन अधिकारियों की प्रथम रिहर्सल आयोजित

**टीम एक्शन इंडिया**
**संजय शर्मा**



**नारनौल: भिवानी-महेंद्रगढ़** संसदीय क्षेत्र की रिटर्निंग आफिसर एवं उपायुक्त मोनिका गुप्ता (आईएएस) के दिशानिर्देश अनुसार लघु सचिवालय के नजदीक स्थित सभागार में लोकसभा आम चुनाव 2024 के लिए पीठासीन अधिकारियों की प्रथम रिहर्सल कराई गई। इस दौरान जिला नगर आयुक्त महावीर प्रसाद की देखरेख में पीठासीन अधिकारियों को ईवीएम व वीवीपीएटी की हैंड ऑन ट्रेनिंग कराई तथा उन्हें चुनावी प्रक्रिया के बारे में बारीकी से बताया गया। उन्होंने कहा कि चुनाव लड़ने वाले उम्मीदवारों को मतदान केंद्र से 200 मीटर की दूरी पर एक मेज और दो कुर्सी और छाता रखने की अनुमति है। उन्होंने कहा कि जनप्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 की धारा 134 बी के प्रावधानों के अनुसार मतदान केंद्र पर ड्यूटी पर तैनात पुलिसकर्मी, मतदान केंद्र की अध्यक्षता करने वाले पुलिसकर्मी और मतदान केंद्र पर शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए नियुक्त किसी व्यक्ति के अलावा कोई भी व्यक्ति मतदान के दिन हथियार लेकर नहीं जा सकता। इस मौके पर एसडीएम महेंद्रगढ़ संजीव कुमार, एसडीएम कनीना सुरेंद्र कुमार, एसडीएम नारनौल डॉ जितेंद्र सिंह तथा तहसीलदार चुनाव सुरेंद्र सिंह के अलावा अन्य अधिकारी भी मौजूद थे।

**दिशा-निर्देश**

**8 रजिस्टर में मतदाताओं का उचित लेखा-जोखा रखने के लिए जिम्मेदार होंगे जिनकी पहचान स्थापित हो चुकी है**

मतदान केंद्र के अंदर, मतदान केंद्र की 100 मीटर परिधि के अंदर सेल फोन, स्मार्टवॉच, कोडलेस फोन, वायरलेस हेड आदि ले जाने की अनुमति नहीं है। पीठासीन अधिकारी को अपना मोबाइल फोन साइलेंट मोड में रखने की अनुमति है तथा यदि वह मतदान केन्द्र पर तैनात है तो सूक्ष्म पर्यवेक्षक भी अपना मोबाइल फोन साइलेंट मोड में रख सकता है।

**ये है मतदान अधिकारियों की ड्यूटी**

प्रथम मतदान अधिकारी मतदाता सूची की चिन्हित प्रति के प्रभारी होंगे तथा मतदाताओं की पहचान के लिए जिम्मेदार होंगे। द्वितीय मतदान अधिकारी अमिट स्याही के प्रभारी होंगे। वे मतदाता के बाएं हाथ की तर्जनी अंगुली पर अमिट स्याही से निशान लगाएंगे। द्वितीय मतदान अधिकारी फॉर्म 17ए में मतदाता रजिस्टर के भी प्रभारी होंगे। वे उस रजिस्टर में उन मतदाताओं का उचित लेखा-जोखा रखने के लिए जिम्मेदार होंगे जिनकी पहचान स्थापित हो चुकी है तथा जो मतदान केंद्र पर मतदान करते हैं।

## 'बागी, राजनीति में धन कमाने आए थे, पहले कांग्रेसी थे, अब जनता सबक सिखाएगी'

**शिमला:** हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा है कि जो लोग कांग्रेस छोड़कर गए हैं,वे पैसा कमाने ही राजनीति में आए थे,पहले कांग्रेसी थे,अब वे बिके हुए हैं। अब ये बिके हुए विधायक छह विधानसभा के उपचुनाव भी लड़ रहे हैं,यह अच्छी बात है,जनता का मूड इन्हें सबक सिखाने का है। केवल 14 महीने में इन्होंने सरकार के खिलाफ वोट कर दिया। हालांकि हमने तो उनके इलाके में 400-400 करोड़ के काम करवाए। उनके कहने से एसडीएम और दूसरे अधिकारी लगाए। मैं पार्टी में 30 साल से हूं, मेरी भी वीरभद्र सिंह से नहीं बनती थी, लेकिन मैं पार्टी के खिलाफ कभी नहीं गया। जो आदर सम्मान इन तमाम विधायकों को दिया, सबकी बात साथ बैठाकर सुनता हूं, वे भी मुझसे आकर सीधे मिल सकते थे। बल्कि इनमें से बहुत से विधायकों ने तो 20 और 24 फरवरी को मुझसे मुलाकात भी की है। अब इनके इलाके के लोग भी जानते हैं कि पांच साल के लिए इन्हें चुनकर भेजा था, तो 14 महीने में क्या हो गया। जाहिर है कि लालच में आए गए। बीजेपी का ऑपरेशन लोटस महाराष्ट्र में भी चला है, मध्य प्रदेश में भी चला है, कर्नाटक में भी चला है, हिमाचल में भी किया गया, लेकिन वह चला नहीं।सुक्खू ने कहा, राज्यसभा की जिस दिन वोटिंग हुई थी, उस दिन इन विधायकों ने उनके साथ डिनर किया, सवेरे ब्रेकफास्ट किया था, इसलिए पता नहीं चला कि ऐसा हो सकता है। उन लोगों के विधानसभा क्षेत्रों में 400 करोड़ के कामों की घोषणा की थी। लेकिन उनको लगा होगा कि वे राजनीति में सेवा के लिए तो आए नहीं हैं। धन के लिए आए हैं। इसलिए कांग्रेस छोड़कर बीजेपी को वोट दे दिया। बीजेपी का राज्यसभा का प्रत्याशी बराबर वोट ले गया।

## अतिरिक्त मुख्य सचिव आनंद मोहन ने गन्नौर अनाज मंडी में गेहूं खरीद का लिया जायजा

**टीम एक्शन इंडिया**

**गन्नौर: प्र**देश सरकार में अतिरिक्त मुख्य सचिव आनंद मोहन शरण ने शुक्रवार को गन्नौर अनाज मंडी का दौरा कर गेहूं खरीद का जायजा लिया। अतिरिक्त मुख्य सचिव आनंद मोहन ने मंडी का निरीक्षण करते हुए गेहूं की आवक, लिफ्टिंग का जायजा लिया। उन्होंने बताया कि गन्नौर अनाज मंडी, पुगथला खरीद केंद्र, सनपेड़ा खरीद केंद्र, दातौली खरीद केंद्र व पुरखास खरीद केंद्र में 25 अप्रैल तक 6



लाख 73 हजार 84 क्विंटल गेहूं की आवक हुई है। जबकि 6 लाख 60 हजार 585 क्विंटल गेहूं की खरीद की जा चुकी है। मंडियों में 12 हजार 499 क्विंटल गेहूं पड़ा है।

# लोकसभा चुनाव को लेकर पुलिस अलर्ट

**टीम एक्शन इंडिया**

**संजय शर्मा: नारनौल। आगामी** लोकसभा चुनाव को लेकर महेंद्रगढ़ पुलिस अलर्ट मोड़ पर है। पुलिस अधीक्षक अर्श वर्मा के दिशा निर्देशानुसार कल वीरवार की शाम को लोकसभा चुनाव को देखते हुए नांगल चौधरी एरिया में फ्लैग मार्च निकाला गया। पुलिस अधिकारियों के नेतृत्व में पुलिस टीम व अर्द्धसैनिक बलों ने आम नागरिकों को शांतिपूर्ण, निष्पक्ष एवं स्वतन्त्र रुप से चुनाव प्रक्रिया में पुलिस का सहयोग करने की अपील की। जिला महेंद्रगढ़ में लोकसभा चुनाव-2024 को शान्तिपूर्ण एवं निष्पक्ष



करवाने तथा कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए वीरवार को पुलिस अधिकारियों के नेतृत्व में पुलिस टीमों ने अर्द्धसैनिक बल के जवानों के साथ मिलकर नांगल चौधरी क्षेत्र में फ्लैग मार्च निकाला। पुलिस द्वारा बूथों को चेक कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया जा रहा है और इस दौरान मिली खामियों को दूर कराने के लिए संबंधित विभाग से पत्राचार किया जा रहा है। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि थाना नांगल चौधरी प्रभारी निरीक्षक देवेंद्र सिंह के नेतृत्व में यह फ्लैग मार्च नांगल चौधरी, जैनपुर, बिहारीपुर, आंतरी और कमानियां गांव के विभिन्न गलियों व मार्गों से होकर गुजरा। फ्लैग मार्च का उद्देश्य आमजन में सुरक्षा की भावना पैदा करना है, ताकि वे निर्भय होकर अपना मतदान कर सके। फ्लैग मार्च दौरान पुलिस ने लोगों को बिना किसी डर भय के चुनाव प्रकिया में भाग लेने के लिए प्रेरित किया। फ्लैग मार्च के दौरान आम जन से यह भी ही अपील की गई है कि मतदान के दौरान अगर कोई व्यक्ति उन्हें प्रभावित करें तो तुरंत उसकी सूचना पुलिस को दें, ताकि ऐसे लोगों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जा सके।

# 'सहकारी कर्जों पर ब्याज लागू किए जाने की मंशा को नहीं होने देंगे सफल'

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल। केंद्रीय सहकारी बैंक** की ओर से सहकारी कर्जों पर पुनः ब्याज लागू किए जाने के मामले को लेकर भारतीय किसान यूनियन (भाकियू) के तत्वाधान में करनाल स्थित सहकारी बैंक परिसर में किसानों ने एकत्रित होकर जोरदार प्रदर्शन करते हुए अपना विरोध जताते हुए नारेबाजी की। इससे पूर्व स्थानीय अर्जुन नगर स्थित दीनबंधु सर छोटूराम किसान भवन में जिलाध्यक्ष सुरेंद्र सिंह घुम्मन की अध्यक्षता में किसान पंचायत का आयोजन किया। किसान पंचायत को वरिष्ठ किसान नेता प्रेमचंद शाहपुर, जिलाध्यक्ष सुरेंद्र सांगवान, किसान नेता राम दुरेजा, इंद्री ब्लॉक अध्यक्ष दिलावर सिंह



डबकोली, किसान नेता विनोद राणा ने संबोधित किया। किसान भवन से माल रोड स्थित सहकारी बैंक तक किसानों प्रदर्शन किया। प्रदर्शन करने के उपरांत प्रदेशाध्यक्ष रतन मान की अगुवाई में बैंक महाप्रबंधक शीतल से भेंट करके पूरे मामले को लेकर चर्चा की, लेकिन चर्चा सकारात्मक न होने के कारण भाकियू असहमत नजर आए। किसानों ने कहा कि सरकार नए-नए कानून लागू करके किसानों पर अन्याय कर रही है, लेकिन किसान किसी भी कीमत पर इसे सहन नहीं करेगें। रतन मान ने कहा कि सरकार किसानों द्वारा पैक्सों के माध्यम से लिए गए कर्जों पर 7 प्रतिशत की दर से सालाना ब्याज थोपने का प्रयास कर रही है। पूर्व में प्रदेश में शासित कांग्रेस की हुड्डा सरकार ने किसानों की मांग पर जीरो प्रतिशत की दर पर कर्ज देने की योजना लागू की गई थी। अब मौजूदा सरकार इस योजना को खत्म करने की चाल चल रही है। मान ने कहा कि किसानों से अनावश्यक तौर पर कई तरह के कागजात मांगे जा रहे हैं। उन्होंने किसानों से आह्वान करते हुए कहा कि कोई भी किसान भाई अभी किसी बैंक अधिकारी व कर्मचारी के द्वारा मांगे जाने पर किसी प्रकार के अपने दस्तावेज न दें। इस अवसर पर किसान नेता बाबू राम डाबरथला, जोगिन्द्र सांगवान, देविन्द्र सांगवान, रणबीर कतलाहड़ी, रमेश बड़सत, सतपाल, राजा राम मान सहित काफी संख्या में किसान मौजूद थे।

**28 को जींद जाट धर्मशाला में एसकेएम की होगी अहम बैठक**

भाकियू के प्रदेशाध्यक्ष रतन मान ने बताया कि आने वाली 28 अप्रैल को जींद की जाट धर्मशाला में संयुक्त किसान मोर्चा हरियाणा की बैठक बुलाई गई है, जिसमें इस मुद्दे को भी जोरशोर से उठाया जाएगा और प्रदेश स्तर पर आंदोलन चलाने की रणनीति भी बनाई जाएगी।

**जिलाभर की सभी पैक्सों पर की जाएगी किसान पंचायत**

जिला प्रवक्ता सुरेंद्र सांगवान ने बताया कि भारतीय किसान यूनियन के बैनर तले करनाल जिला की 39 पैक्सों के सामने किसान पंचायतों का आयोजन किया जाएगा। ब्याज लागू किए जाने के मामले को किसानों के समक्ष उठाकर उन्हें लामबंद किया जाएगा।

# सचांलक पर राशन वितरण में गड़बड़ी के आरोप में शिकायत देने पहुंचे ग्रामीण

**टीम एक्शन इंडिया**

**गन्नौर: गांव राजलू के डिपों** संचालक पर राशन वितरण में गड़बड़ी के आरोप में ग्रामीण खाद्य एवं आपूर्ति विभाग के कार्यालय में पहुंचे और राशन वितरण में गड़बड़ी करने का आरोप लगाते हुए शिकायत दी। शिकायत में ग्रामीण पूनम, निर्मला, मुकेश, राजो, कृष्णा, अशोक, खुशी आदि अन्य ने बताया कि उनके गांव का डिपों संचालक राशन वितरण में अपनी मनमानी करता है। जब राशन लेने जाते है तो वह अगले महीने राशन मिलने की बात कहकर वापिस भेज देता है। अपनी



जान- पहचान के लोगों को राशन देने के बाद बोलता है कि अभी तुम्हारा राशन पीछे से ही नही आया है। आरोप है कि मशीन में अंगूठा गेहूं वितरण का लगवाकर और तेल को खुद ही जब्त कर जाता है। गावं में बहुत सारे ऐसे लोग हैं जिनके साथ वह सब हुआ है। राजलू के लोगों को भोगीपूर गांव में राशन देता है।

# संपादकीय

## घोषणापत्र पर राजनीति

**लोकसभा** चुनाव के दो चरणों का मतदान संपन्न हो चुका है। तीसरे चरण के लिए प्रचार अभियान जारी है। भाजपा रामलहर और मोदी के करिश्माई नेतृत्व के बल पर अबकी बार चार सौ पार के नारे के साथ आगे बढ़ रही है। भाजपा नेतृत्व अभी तक विपक्ष को परिवारवाद व उनके शासनकाल में किए गये अथाह भ्रष्टाचार और घोटालों की बात करके घेर रहा था। उसके मुस्लिम तुष्टिकरण पर सीधा प्रहार नहीं कर रहा था किन्तु कांग्रेस के चुनावी घोषणापत्र, राहुल गांधी व विपक्ष के नेताओं के कुछ आपत्तिजनक बयानों के बाद नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में पूरी भाजपा अब कांग्रेस तथा विरोधी दलों के घोर मुस्लिम तुष्टिकरण को लेकर आक्रामक हो गयी है। मोदी ने कांग्रेस के समय में प्रधानमंत्री रहे मनमोहन सिंह के भाषण और कांग्रेस के घोषणापत्र में किए गए वादों पर चर्चा करते हुए स्वयं कांग्रेस के घोषणापत्र पर मोर्चा खोला। भारतीय जनता पार्टी के इतिहास में पहली बार विरोधी दल कांग्रेस के घोषणापत्र को आधार बनाकर उस पर तीखा हमला बोला गया है। स्वाभाविक रूप से कांग्रेस और उसके साथी तिलमिला गए हैं और वह मुख्यधारा तथा सोशल मीडिया पर प्रधानमंत्री मोदी पर अमर्यादित शब्दावली का प्रयोग कर रहे हैं। कांग्रेस का एक प्रतिनिधिमंडल प्रधानमंत्री मोदी की शिकायत लेकर चुनाव आयोग भी पहुंचा है। उधर भाजपा का प्रतिनिधिमंडल भी राहुल गांधी के खिलाफ चुनाव आयोग पहुंच गया है। प्रधानमंत्री मोदी सहित भाजपा के सभी बड़े नेता कांग्रेस के मुस्लिम प्रेम पर एक के बाद एक तीखा प्रहार कर रहे हैं जिससे कांग्रेस तिलमिला गई है। प्रधानमंत्री मोदी एक के बाद एक कांग्रेस की सरकारों में हुए हिन्दू विरोधी घटनाओं, निर्णयों, विवादों को उठा रहे हैं । प्रधानमंत्री ने सबसे पहले राजस्थान की जनसभा में कहा कि, ह्लकांग्रेस की नजर आम लोगों की मेहनत की कमाई पर है, प्रापर्टी पर है महिलाओं के मंगलसूत्र पर है। कांग्रेस ने इरादा जाहिर कर दिया है कि अगर कांग्रेस सत्ता में आई तो लोगों के घरों, प्रापर्टी और गहनों का सर्वे कराएगी फिर लोगों की कमाई कांग्रेस के पंजे में होगी। कांग्रेस की नजर देश की महिलाओं के गहनों पर है, माताओं- बहनों के मंगलसूत्र पर है, वो उसे छीन लेना चाहती है। कांग्रेस के चुनाव घोषणापत्र में उसके इरादे साफ जाहिर हो रहे हैं। अगर कांग्रेस की सरकार आई तो लोगो के बैंक एकाउंट में झांकेगी, लॉकर खंगालेगी, जमीन -जायदाद का पता लगायेगी और फिर सबकुछ छीनकर उसे घुसपैठियों और ज्यादा बच्चे वालों में बांट देगी। प्रधानमंत्री मोदी ने आगे कहा कि कांग्रेस यह संपत्ति उन लोगों को बांटेगी जिन्हें मनमोहन सरकार ने कहा था कि देश की संपत्ति पर पहला अधिकार मुसलमानों का है। इस बयान से चुनाव के मैदान में तूफान आ गया।

प्रधानमंत्री मोदी ने कांग्रेस को धार्मिक आधार पर मुस्लिम आरक्षण को लेकर भी घेरा है। उन्होंने बताया कि किस प्रकार से कांग्रेस ने आंध्र प्रदेश में 2004 से 2010 के बीच मुसलमानों को दलितों, पिछड़ों, अति पिछड़ों का हिस्सा काटकर उसमें से ही विशेष आरक्षण देने का भरसक प्रयास किया किंतु न्यायपालिका के हस्तक्षेप से कांग्रेस का यह विकृत पायलट प्रोजेक्ट लागू नहीं हो सका। जबकि अब यही कांग्रेस भारत का संविधान बदलकर दलित, पिछड़ों, अतिपिछड़ों के अधिकारों में कटौती करके मुस्लिम आरक्षण देने की बात कर रही है। कांग्रेस नेता राहुल गांधी अपने ही बयानों से फंस जाते हैं। प्रधानमंत्री मोदी को फुल टॉस गेंद फेंक कर चुनाव के मैदान में चौके-छक्के लगाने का अवसर दे बैठते हैं।

# दर्शन से होता है संकटों का नाश ऐसा है संकटमोचन मन्दिर

राजीव नन्दन मिश्र

"फिर क्या था तुलसीदास जी प्रसन्न हृदय से दिव्य शक्ति के बताये बातों के अनुसार हनुमानजी से मिलने निकल पड़े। मन्दिर पहुँचने पर उन्होंने भक्तों की भीड़ देखी। इस भीड़ में कुष्ठ रोगी को खोज पाना मुश्किल प्रतीत हो रहा था परंतु बड़ी देर की खोज के उपरान्त तुलसीदास जी उस रोगी के पास पहुँच गये। हनुमान जी उस भीड़ में रोगी वेश में सबसे आखिरी में बैठे थे। तुलसीदासजी जैसे ही उनके पास गये वह कुछ रोगी वहाँ से चले गये। परंतु तुलसीदासजी भी अब कहा रुकने वाले थे आगे-आगे वह रोगी पीछे-पीछे तुलसीदासजी चल पड़े। ऐसे ही पीछा करते वो आनन्द-कानन वन चले गये। यहाँ तुलसीदास जी ने दौड़कर उस रोगी का पैर पकड़ लिया। तुलसीदासजी बोले- हे प्रभु! मुझे ज्ञात है कि आप ही वीर हनुमान हैं। आप ही भक्तों के कष्ट मिटाने वाले है। श्रीराम की सेवा में रत रहने वाले कष्टभंजन करुणानिधान हे"

**भगवान** शिव के एकादशवे अवतार श्रीहनुमानजी महाराज हैं। भक्तगण बजरंगबली, अंजनी पुत्र, मारूतीनंदन सहित कई नामों से इनका पूजन करते है। हनुमानजी वानरों के राजा केसरीजी के सुपुत्र है। हनुमान जी की माता देवी अंजना है। बाल्यकाल से ही हनुमानजी धर्म के रक्षक एवं अधर्म के नाशक रहे हैं। इन्हें चारों युगों में रहने का वरदान प्राप्त है। अमरत्व पाने वाले सात मनीषियों में हनुमानजी का भी नाम है। रामायण में बजरंगबली श्रीराम के अनन्य भक्त के रूप में है। प्रभु श्रीराम एवं रावणयुद्ध में हनु?मान की भूमिका अग्रगण्य है। हनुमानजी की भक्ति का ही प्रताप है कि उनके हृदय में श्रीराम एवं माता सीता सदैव विराजती है। प्रभु श्रीराम के आराध्य भगवान शिव है एवं भगवान शिव के आराध्य प्रभु श्री राम है। हनु?मानजी एक तरफ स्वयं रुद्र के अवतार तो एक तरफ प्रभु राम के अनन्य सेवक है। हनुमानजी का सामना न कोई देवता न कोई राक्षस, न पशु न पक्षी, न यक्ष न गन्धर्व न किन्नर न मनुष्य अर्थात उनका सामना कोई नहीं कर सकता है। उनका तेज अतुलित एवं अतुल्य है। बल, बुद्धि, विद्या के वह साक्षात करुणानिधान है। वे समस्त सिद्धि व निधि के प्रदाता है। इस कलि काल में जहाँ भी श्रीरामकथा, राम-नाम का भजन होता है भगवान हनुमान वहाँ किसी न किसी रूप में विद्यमान अवश्य रहते है।

भारतवर्ष में भगवान हनुमान के कई मन्दिर है। विदेशों में भी इनके मंदिर है। इनकी पूजा-अर्चना बड़े ही भक्ति-भाव से होती है। किसी मन्दिर में इनका बालस्वरूप तो कही रामसेवा में रत मूर्तियां स्थापित है। कही पर्वत उठाये तो कही कन्धे पर राम-लक्ष्मण बिठाये मूर्तियाँ स्थापित है। कहने का तात्पर्य है बाल्यकाल से लेकर अलग-अलग स्वरूपों की पूजा भक्त श्रद्धा व विश्वास से करते हैं। इन्हीं मन्दिरों में से एक बहुत प्रसिद्ध मंदिर है- संकटमोचन मन्दिर। संकटमोचमन से तात्पर्य है - संकट का मोचन करने वाले अर्थात संकट का विनाश करने वाले। संकटमोचन मन्दिर उत्तरप्रदेश के वाराणसी शहर में स्थित है। जो भी श्रद्धा भक्ति से यहाँ दर्शन प्राप्त करता है, हनुमानजी शीघ्र ही उनके सारे संकट का नाश कर सुख, शान्ति प्रदान करते हैं। जिस कामना से भक्त दरबार में आते वो यहाँ प्राप्त करते हैं। संकटमोचन मन्दिर पहुँचने के लिए रेल मार्ग से वाराणसी रेलवे स्टेशन (वाराणसी कैन्ट) से पहुँचे। यहाँ से 24 घंटे मन्दिर के लिए टैक्सी, कैब आदि वाहन मिलते है। हवाई जहाज से आने के



लिये बाबतपुर रेलवे स्टेशन उतरकर यहाँ मन्दिर के लिए टैक्सी, ऑटो, कैब से आया जा सकता है। वही बस स्टैंड से भी यहाँ पहुँचना सुगम है। बनारस हिन्दू विश्वविद्यालय, लंका से भी यहाँ आसानी से पहुँचा जा सकता हैं। इसके अलावा शहर के किसी भी रेलवे स्टेशन या बस स्टैंड या किसी क्षेत्र से यहाँ आसानी से पहुँचा जा सकता है।

इस मन्दिर का इतिहास जानने के लिए हमें तुलसीदास?जी पर ध्यान आकृष्ट करना होगा। तुलसीदासजी ने श्रीरामचरितमानस को अवधि भाषा में लिखा। मान्यतानुसार वर्त?मान मन्दिर वाले स्थान पर ही तुलसीदास को हनुमानजी के दर्शन प्राप्त हुए थे। हनुमत कृपा से ही रामचरितमानस महाकाव्य की रचना तुलसीदासजी कर पाये। प्रचलित कथानुसार तुलसीदासजी बाबा विश्वनाथ की नगरी काशी के प्रवास पर थे। जिस क्षेत्र को आज अस्सी के नाम से जाना जाता है, वहाँ पहले सघन वन था और उसका नाम आनन्द-कानन वन था। उसी क्षेत्र में तुलिसदासजी रहने लगे थे। वो यहाँ प्रतिदिन गंगा स्नान के पश्चात अनायास ही एक सूखे बबूल के पेड़ की जड़ में एक लोटा जल डाल दिया करते थे। ऐसा नियमित होने से वह पेड़ धीरे-धीरे हरा होने लगा। प्रतिदिन की तरह जब एक दिन वे पेड़ के जड़ में जल डाले तभी उसमें से एक दिव्य शक्ति प्रकट हुई कुछ लोग उसे यक्ष तो कोई प्रेत कहता है।

उसने तुलसीदास जी से पूछा - क्या आप प्रभु श्रीराम से मिलना चाहेंगे ?

यह बात सुन तुलसीदासजी जी सोच में पड़ गये। वे कुछ उत्तर देते तब तक पुनः आवाज आयी- मैं आपको उनसे मिला सकता हूँ आपको राम से मिलने से पहले उनके प्रिय भक्त हनुमान से मिलना पड़ेगा। हनुमानजी आपको राम से मिला सकते है। इसके बाद उसी शक्ति ने तुलसीदास को बताया कि आप गंगा तट पर जाइये। उसी तट पर काशी के कर्णघंटा में राम का मंदिर है।जैसे ही आप राम मंदिर जायेंगे पास में ही एक कुष्ठ रोगी बैठा हुआ दिखेगा, वो कोई और नहीं वीर हनुमान जी ही है जो वेश बदलकर प्रभु राम के भक्ति में लीन है।

फिर क्या था तुलसीदास जी प्रसन्न हृदय से दिव्य शक्ति के बताये बातों के अनुसार हनुमानजी से मिलने निकल पड़े। मन्दिर पहुँचने पर उन्होंने भक्तों की भीड़ देखी। इस भीड़ में कुष्ठ रोगी को खोज पाना मुश्किल प्रतीत हो रहा था परंतु बड़ी देर की खोज के उपरान्त तुलसीदास जी उस रोगी के पास पहुँच गये। हनुमान जी उस भीड़ में रोगी वेश में सबसे आखिरी में बैठे थे। तुलसीदासजी जैसे ही उनके पास गये वह कुष्ठ रोगी वहाँ से चले गये। परंतु तुलसीदासजी भी अब कहा रुकने वाले थे आगे-आगे वह रोगी पीछे-पीछे तुलसीदासजी चल पड़े। ऐसे ही पीछा करते वो आनन्द-कानन वन चले गये। यहाँ तुलसीदास जी ने दौड़कर उस रोगी का पैर पकड़ लिया। तुलसीदासजी बोले- हे प्रभु! मुझे ज्ञात है कि आप ही वीर हनुमान हैं। आप ही भक्तों के कष्ट मिटाने वाले है। श्रीराम की सेवा में रत रहने वाले कष्टभंजन करुणानिधान हे प्रभु मुझ दिन पर कृपा कर दर्शन दीजिये। बार-बार किये अनुरोध से प्रसन्न होकर अंततः हनुमान जी ने तुलसीदास जी को दर्शन दिए। तुलसीदास जी ने जगत कल्याण की इच्छा हेतु हनुमानजी से प्रार्थना किये। हे करुणानिधान ! संसार के लोग संकटों से घिरे है। आप जैसा कौन है जो इस संसार के लोगों को संकटों से बचा सकता है। हनुमानजी कृपा कर आप यहाँ रह जाइये। इस प्रकार के बारम्बार अनुरोध के पश्चात हनुमानजी उनकी बात मान गये और वे उस क्षेत्र में मिट्टी का रूप धारण कर स्थापित हो गए। इसी के बाद रामचरित मानस की रचना बाबा तुलसीदास ने की। जब-जब तुलसीदास जी को कोई समस्या हुई या कोई संकट आया उन्होंने हनुमानजी से विनती की और सारे संकट नाश हो गये। इसी कारण इस मंदिर में विराजे हनुमान जी का नाम संकटमोचन पड़ा। इसके बाद तुलसीदासजी ने संकट मोचन हनुमान मंदिर का निर्माण कराया। बताया जाता है कि संवत 1631 और 1680 के बीच यह मंदिर बना था।

वर्तमान दृश्य होने वाले मन्दिर का निर्माण बनारस हिन्दू विश्वविद्यालय के संस्थापक पंडित मदन मोहन मालवीय ने सन 1900 के आस-पास करायी।

यह मंदिर लगभग 35,000 वर्ग मीटर में फैला हुआ है। विशाल मंदिर में संकटमोचन हनुमान जी के दर्शन होते है। वे दाएं हाथ से भक्तों को अभयदान दे रहे हैं वही उनका बायाँ हाथ उनके हृदय पर स्थित है। हनुमान जी की मूर्ति के ठीक ऊपर प्रथम पूज्य श्रीगणेश भगवान की मूर्ति स्थापित है। मूर्ति के दाहिने तरफ एक छोटा सा शिवलिंग भी स्थापित है।

संकट मोचन हनुमान जी की मूर्ति के ठीक सामने एक मंदिर है जिसमें प्रभु श्री राम, लक्ष्मण एवं माता सीता विराजमान है। वही परिसर में एक कुंआ भी है जो तुलिसदासजी के समय का ही है। यहाँ आनेवाले श्रद्धालु इस कुएं का मीठा जल पीते है। आज वर्तमान संकट मोचन मंदिर के परिसर में जो पीपल का विशाल वृक्ष है, मान्यतानुसार उसी के नीचे बैठकर तुलसीदासजी ने रामचरितमानस का एक बड़ा हिस्सा लिखा है। मंदिर के ठीक पीछे हवन कुंड है जहां श्रद्धालु हवन इत्यादि कार्यक्रम करते हैं।

वर्तमान दृश्य मंदिर की स्थापना पंडित मदन मोहन मालवीय ने सन् 1900 में कराई, जिन्होंने बनारस हिन्दू विश्वविद्यालय की स्थापना भी की है।

मंदिर प्रतिदिन ब्रह्म मुहूर्त में खुलता है। प्रातः चार बजे मंदिर खुलने के पश्चात ही श्री हनुमान चालीसा पाठ के साथ भव्य एवं दिव्य आरती होती है। दोपहर 12 बजे से 3 बजे तक भगवान के विश्राम के लिए मन्दिर का कपाट बन्द किया जाता है।

# कविता

## न्यायिक चरित्र

सीधे साधे लोगों के बीच
सबसे पहले आया एक परदेशिया,
कुटिल चालें चलकर
सम्पूर्ण सत्ता पर जबरन कब्जा किया,
सत्ता हथियाने से पहले
वे करते थे व्यापार,
भोली भाली जनता जो
जानते समझते थे केवल सदाचार,
जो उनकी बातें कर लेते थे स्वीकार,
धीरे धीरे प्रजा मुग्ध होने लगी,
उनके विचारों पर खोने लगी,
मौका देख परदेशिया ने सत्ता हथियाया,
लोगों को अपना गुलाम बनाया,
अब लोग तंग आने लगे,
उनके नियमों से छटपटाने लगे,
कालांतर में दूसरा परदेशिया आया,
मौका देख उसने भी सत्ता हथियाया,
पहला लोगों को छलते थे,
दूसरा सख्तिपूर्वक न्याय पर चलते थे,
अपनी जरूरतों के लिए दूसरे ने
अपनी शिक्षा व्यवस्था लाया,
सबको समान रूप से पढ़ाया,
सोये सीधे लोगों को जगाया,
पहले पर न्यायिक चरित्र
न होने का आरोप लगाया,
दूसरे के वापस जाते ही
पहले का किस्मत जाग गया,
दूसरे के अंदर से
अंदर से तुरंत न्यायिक चरित्र भाग गया।

राजेन्द्र लाहिरी

## केंचुआ किल्लोल के निहितार्थ

**आप** अन्यथा न लें जब तक लोकतंत्र के साथ मतदाताओं और राजनीतिक दलों के सात फेरे पूरे नहीं हो जाते मुझे विवश होकर सियासत के आसपास ही रहना पड़ रहा है। लोकतंत्र के साथ पहली भांवर के बाद से ही राजनीतिक दलों और नेताओं के बीच जुबानी जंग तेज हो गयी थी । आज लोकतंत्र की दूसरी भांवर है और इसके पहले केंचुआ यानि केंद्रीय चुनाव आयोग ने माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी और राहुल गांधी को नोटिस देकर ऐसी किल्लोल की है की आनंद आ गया। केंचुए ने कोशिश की है कि दुनिया और देश उसे पोपला,नख-दन्त विहीन न समझे,केंचुआ न माने। केंचुआ किल्लोल के तहत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और राहुल गांधी के खिलाफ आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन मामले में माननीय प्रधानमंत्री मोदी और राहुल गांधी के भाषण को लेकर भाजपा और कांग्रेस को नोटिस जारी किया है। चुनाव आयोग ने 29 अप्रैल तक भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा और कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे से जवाब मांगा है। यानि केंचुआ ने इन दोनों के साथ वो व्यवहार नहीं किया जो कांग्रेस नेता सुरजेवाला के साथ किया था। दोनों दल आराम से दूसरे चरण के मतदान से फुरसत होकर तीसरे चरण के लिए भी चार दिन और बकलोल करने के लिए आजाद हैं। तीसरे चरण का मतदान 7 मई को होगा। तब तक केंचुआ प्रधानमंत्री जी और बकौल प्रधानमंत्री कांग्रेस के शहजादे राहुल गांधी के खिलाफ लत्तालपेड़ी कर लेगा। चुनाव आयोग की हिम्मत नहीं कि वो प्रधानमंत्री जी को दो-चार दिन के लिए चुनाव प्रचार करने से रोक ले । चुनाव आयोग के पास प्धानमंत्री जी के हिन्दू-मुसलमान वाले बयान को गैरकानूनी साबित करने के लिए कलेजा है ही नहीं। केंचुआ केवल और केवल पिपक्ष के नेताओं को प्रताड़ित करने के लिए अपने कथित अधिकारों का इस्तेमाल कर सकता है ,जो वो करेगा। कांग्रेस को फिर नहीं बख्शा जाएगा और प्रधानमंत्री जी को भी केवल एक फर्जी एडवायजरी जारी की जाए सकती है। अठारहवीं लोकसभा के लिए जो चुनाव हो रहे हैं वे एक विचित्र वातावरण में हो रहे हैं। इन चुनावों में न 1971 के चुनाव की तरह गरीबी हटाओ का मुद्दा है और न 1977 के आम चुनाव की तरह इंदिरा हटाओ का मुददा । और तो और 2014 के आम चुनाव की तरह 'अच्छे दिन ' भी कोई चुनावी मुद्दा नहीं है।2024 के चुनाव में मुद्दा रोज बदल जाता है। भाजपा अपने चुनावी घोषणापत्र से हटकर बातें कर रही है। महाबली भाजपा के विश्वगुरु नेता जनता को लुभाने के बजाय डराने में लगे हैं। भाजपा की उपलब्धियां मतदाताओं को लुभाने के लिए कम पड़ रहीं हैं। मजबूर भाजपा नेताओं को कहना पड़ रहा है कि कांग्रेस आयी तो आपका मंगलसूत्र छीन लिया जाएगा, पुश्तैनी सम्पत्ति सरकार जब्त कर लेगी या उसके ऊपर विरासत कर लगा देगी। कभी-कभी तो ऐसा लगता है कि तीसरी बार सत्ता में आने के लिए उतावली भाजपा और उसके नेताओं की सिट्टी-पिट्टी गुम है।

# विचार

## धूप से आँखों की दुरी भली: शहनाज हुसैन

**धूप में** मौज.मस्ती हर किसी को पसंद होती है। गर्मी के मौसम में घर से बाहर निकलते ही गर्म हवाएं और धूल मिट्टी का चेहरे पर अटैक होने लगता है। तेज गर्म हवाएं और धूल मिटटी का सीधा असर हमारी आंखों पर पड़ता है। इस मौसम में तेज धूप के कारण आंखों में जलन, ड्राइनेस, आंखों में खुजली और आंखों से पानी आने की समस्या बढ़ जाती है जिसे आँखों का सनबर्न भी कहते हैं । सूरज की तेज रोशनी और अल्ट्रावायलेट किरणें आंखों के हर हिस्से को प्रभावित करती हैं। इनका दुष्प्रभाव आंखों से जुड़े रोगों के ।

जोखिम को बढ़ा देता हैं। इसीलिए आंखों को धूप से सुरक्षित रखना बेहद जरूरी है/

चुभती.जलती गर्मी से बचने के लिए सूती कपड़े, कोल्ड ड्रिंक्स और ताजे फल.सब्जियों का इस्तेमाल तो आपने शुरू कर दिया होगा। अब बारी आ चुकी है आंखों को इस चुभन और जलन से बचाने की।

इन सभी परेशानियों को घरेलू उपचार से आसानी से ठीक किया जा सकता है। आइए जानते हैं कि गर्मी में आंखों की देखभाल कैसे करें।

**1 --गुलाब जल --------** आंखों को ठंडक पहुंचाने के लिए और आंखों की समस्याओं को

दूर करने के लिए गुलाब जल का इस्तेमाल काफी लाभदायक माना जाता है। गुलाब जल में कॉटन डूबो लें अब इसे आंखों के आस.पास लगाएं। चाहें तो एक या दो बूंद आंखों में भी डाल सकते हैं। इससे आंखों में होने वाली जलन और खुजली शांत हो सकती है। आप रूई के दो टुकड़ें कर लें अब इनमें गुलाब जल की कुछ बूंदें डालें और फिर बंद आंखों के ऊपर लगाएं। ऐसा करने से आंखों की जलन कम होने लगेगी और आपको तुरंत राहत मिलेगी/

गुलाब जल आंखों को ठंडा रखता है/ आंखों की थकान को दूर करने के लिए भी गुलाब जल काफी कारगर माना जाता है।

गुलाब जल का इस्तेमाल आंखों को साफ रखने में किया जाता है। जिससे आंखों को ठंडक और राहत मिलती है /

**2-- खीरा**

गर्मियों के मौसम में आंखों की बचाव और थकान को दूर करने में खीरे का इस्तेमाल करना बहुत ही फायदेमंद होता है। इसके लिए खीरा के पतले.पतले स्लाइस काट लें/ अब इसे आंखों पर कुछ देर के लिए रखें तथा कुछ देर बाद हटा लें। इससे आंखों के लाल होने की समस्या को कम कर सकते हैं/ खीरे के ट्कड़े काटकर अपनी आंखों पर 3 0 मिनट तक रखें / यह आंखों की जलन को दूर करके आंखों में ठंडक पहुंचाने का काम करता है/ खीरे में मौजूद कूलिंग प्रॉपर्टीज नसों में आई सूजन को ठीक करने में मदद करती है/ इस प्रक्रिया को सोने से पहले यह करना बेहतर रहता है/ खीरा आपकी आंखों के नीचे का कालापन दूर करने में भी मदद करता है इसलिए यह डार्क सर्कल्स के लिए भी लाभदायक है। बेहतर परिणाम पाने के लिए दिन भर में दो से तीन बार इस प्रक्रिया को दोहराएं/

**आँखों को साफ रखें --------**

गर्मियों के दिनों में आंखों को साफ रखने के लिए दिन में कम से कम 3--.4 बार ठंडे पानी से आंखों को छींटे मार कर धोना चाहिए। इससे आपकी आंखें कूड़े, धूल और गंदगी से साफ होंगी और थकान भी दूर होगी

जिसे आंखों को ठंडक मिलेगी। आंखों को ठंडे पानी से धोने से संक्रमण का खतरा भी कम होता है। तुलसी के 5 से 6 पत्तों को 2 गिलास पानी में उबालें। इसके बाद इन्हें छानकर पानी ठंडा होने पर आंखों को इससे साफ करें। एंटीबैक्टीरियल गुणों से भरपूर होने की बजह से तुलसी के पते संक्रमण की समस्या कम करने में मददगार होंगे ।। आंखों को साफ करने क लिए साफ रूमाल का इस्तेमाल करें। गर्मियों में आंखे लाल होती है और आंखों से पानी आता है तो आंखों की अच्छे से सफाई करें। आंखों को दिन में बार बाद ठंडे पानी से साफ करें ।

**4 --दूध और शहद--------**

शहद और दूध से भी आंखों की जलन / आंखों के लाल होने की समस्या को कम कर सकते हैं इसके लिए एक बड़ा चम्मच शहद, 1 बड़ा चम्मच दूध, कॉटन पैड्स लें/ शहद और दूध को अच्छी तरह से मिला लें।


# एक्शन इंडिया दैनिक

**भगवान शंकर जी के ग्यारहवें रुद्रावतार हनुमान जी (मेंहदीपुर, श्री बाला जी) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में श्रद्धापूर्वक समर्पित है।**

**आरएनआई: HPHIN / 2012 / 48072**

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक रवि भारद्वाज, एक्शन इंडिया कार्यालय कृष्णा टावर, सब्जी मंडी के सामने, ऊना हिमाचल प्रदेश-174303 ने अर्थ प्रकाश प्रैस, अर्थ प्रकाश भवन, सेक्टर-29डी, चंडीगढ़ से छपवाकर प्रकाशित किया। "एक्शन इंडिया" में प्रकाशित लेखों में व्यक्त किये गये विचार एवं दृष्टिकोण संबंधित लेखक के हैं। संपादक या प्रकाशक का उनसे सहमत होना आवश्यक नहीं है। किसी भी विवाद का न्यायिक क्षेत्र हिमाचल प्रदेश ही होगा।

**समूह संपादक: रवि भारद्वाज (9999889104)**

**स्थानीय संपादक: पंकज शर्मा (7018221146)**

ई-मेल : actionindiashimla@gmail.com
actionindiauna@gmail.com

**एक्शन इंडिया शिमला कार्यालय: सचदेवा निवास, डेजी बैंक इस्टेट, नजदीक जोधा निवास, लोअर जाखू, शिमला, 171001**

**एक्शन इंडिया ऊना कार्यालय: कृष्णा टावर, सब्जी मंडी के सामने, ऊना, हिमाचल प्रदेश-174303**



*वैधानिक सूचना*

पाठकों को सलाह है कि एक्शन इंडिया, समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के आधार पर कोई निर्णय लेने से पहले विज्ञापन में प्रकाशित उक्त उत्पाद या सेवा के बारे में आवश्यक जांच-पड़ताल कर लें। समाचार पत्र प्रबंधक किसी भी विज्ञापन में गुणवत्ता, सेवा आदि के विवरण के बारे में विज्ञापनदाता द्वारा किए गए दावे या उल्लेख की पुष्टि या समर्थन नहीं करता है। अत: समाचार पत्र उक्त विज्ञापनों के बारे में किसी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होगा।


# चिंतन

## कम मतदान के सभी पहलुओं पर विचार की जरूरत

डॉ. आशीष वशिष्ठ

**बीती** 19 अप्रैल को देश की 102 लोकसभा सीटों के लिए प्रथम चरण का मतदान हुआ। 21 राज्यों में औसत 62 प्रतिशत मतदाताओं ने ही मताधिकार का उपयोग किया। यह 2019 की तुलना में 4 फीसदी कम रहा है। मतदान कम हुआ इसने सबकी चिंता बढ़ाई हुई है। बूथ मैनेजमेंट का कौशल जिन राष्ट्रीय और क्षेत्रीय पार्टियों के पास है उन्हें ज्यादा से ज्यादा लोगों को लाना था, जो जहां से जीते हैं उन्हें वहां से अपनी जीत के आंकड़े को बढ़ाना है, ये लक्ष्य भी दिया गया था, फिर क्या हुआ? सबसे अधिक मतदान संघशासित क्षेत्र लक्षद्वीप में 84.16 फीसदी किया गया। पश्चिम बंगाल, त्रिपुरा और सिक्किम में 80 फीसदी से ज्यादा मतदान हुए, लेकिन फिर भी 2019 की तुलना में 2 फीसदी तक कम हुए। सिर्फ छत्तीसगढ़ में 2 फीसदी मतदान ज्यादा किया गया। जम्मू-कश्मीर सरीखे संवेदनशील क्षेत्र में 68.27 फीसदी मतदान शानदार माना जा सकता है, लेकिन वहां भी 2019 से 1.88 फीसदी मतदान कम हुआ। सबसे कम मतदान बिहार की सीटों पर 49 फीसदी से कुछ ज्यादा रहा, लेकिन 4 फीसदी कम मतदाता वोट देने घर से निकले। उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड जैसे भाजपा वर्चस्व के राज्यों में 5-6 फीसदी मतदान कम किया गया। मध्यप्रदेश, राजस्थान और मिजोरम आदि राज्यों में अपेक्षाकृत कम मतदान हुआ। इनसे भाजपा के 370 और 400 पार वाले लक्ष्यों को ठेस पहुंच सकती है, क्योंकि भाजपा उत्तरी भारत में ही शानदार जनादेश के भरोसे है। दक्षिण, पूर्व, पश्चिम में सब कुछ अनिश्चित है। हालांकि मध्यप्रदेश में 67.76 फीसदी मतदान हुए, लेकिन ये 7.31 फीसदी कम रहे। क्या मतदाताओं में भाजपा और प्रधानमंत्री मोदी को जनादेश देने का उत्साह और जुनून कम हो गया है? पूर्वोत्तर में दो विरोधाभास उभर कर सामने आए हैं। मणिपुर में हिंसा के बावजूद 72.17 फीसदी लोगों ने मताधिकार का इस्तेमाल किया, लेकिन टूटी ईवीएम, लुटे बूथ, फटी वीवीपैट पर्चियों के चित्र मणिपुर में ही देखे गए हैं, जिनसे मतदान के दौरान हालात के अनुमान लगाए जा सकते हैं। पूर्वोत्तर में ही नागालैंड राज्य में 4 लाख मतदाताओं से अधिक, राज्य के करीब 30 फीसदी वोटरों ने, 6 जिलों की 20 विधानसभा सीटों पर, बहिष्कार के कारण एक भी वोट नहीं डाला।

## मतलब की दुनिया

डॉ. सुरेश कुमार

**कहते हैं** किसी से काम लेना हो तो पहले उसका मूड देख लेना चाहिए। हमें यह नहीं भूलना चाहिए कि दुनिया के मार्केट में केवल शेयर ही नहीं सूरतें भी लुढ़कते हैं। हमारे मित्र बदनसीबलाल का मूड़ आज बहुत अच्छा है। जैसे ही मैं उनके यहाँ गया मुझे नाश्ता-वाश्ता करवाया और अपनी प्रसन्नता व्यक्त करते हुए बोले - आज सुबह तुमने जंतर-मंतर की रैली वाली बात कर के मेरा दिल जीत लिया। आज मेरी सभी मुरादें पूरी होंगी। मैंने कहा अरे यार! तुम आदमी हो कि पैजामा? आज सूरज कहाँ से निकला है? मैं इससे पहले जब कभी रैलियों के बारे में कुछ कहता तुम भड़क जाते। भाषण देना शुरू कर देते कि यह रैली-वैली सब बेकार है। बड़े लोगों के टाइमपास करने का शगल और अपच को पचाने का बहाना है। और आज तुम्हीं रैलियों का नाम सुनकर विजयी स्वतंत्र उम्मीदवार की तरह नाच रहे हो। तबीयत तो ठीक है न? कहूँ तो डॉक्टर को बुला दूँ।

बदनसीबलाल अपनी उफान मारती खुशी से चहक उठे और कहने लगे झ्र तुम्हें क्या पता रैलियों का सुख। इसके लिए भोगी बनना पड़ता है। वह भी सताने वाले लोगों का। रैली में अभिनेता या क्रिकेटर आते तो मैं नहीं जाता। आज जो आ रहे हैं उनसे मेरा गहरा नाता है। मेरी दुखती रग का वही इलाज हैं। वहाँ आने वालों को बखूबी पता है कि जंतर-मंतर कोई जलियांवाला बाग तो है नहीं कि उन्हें जनरल डायर भून देंगे। वे तो ऐसे हैं जनरल डायरों को अपनी बगल में दबाए घूमते हैं।

अच्छा हुआ जनरल डायर अब नहीं रहा, अगर वह होता तो आज उसका जलियाँवाला बाग हो जाता। जो भी हो आज मैं इस रैली में उन लोगों से मिलूँगा जिनसे मुझे मिलने की एक अरसे से इच्छा थी। पता भी है यहाँ जनहित के बारे में बात करने वाले कैसे-कैसे लोग आते हैं? "

"जानते भी हो वहाँ कौन-कौन आते हैं"

"क्या नयी बात है ? स्वाभाविक है। तू तो हर शादी में फोटो खिंचाने को आगे-आगे भागता है। बेटा, भ्रष्टाचार के विरोध में अगर सारे भ्रष्टाचारी फटाफट जाकर तख्त पर आगे-आगे बैठ जाते हैं तो यह भी उनके भ्रष्टाचार का ही विस्तार है। "ऐसी-तैसी करा। वैसे करना क्या है आज तुझे ?"

## न्यूज फ्लैश

### मारपीट में घायल युवक की मेडिकल रिपोर्ट के बाद दो के खिलाफ मामला दर्ज

**राजन पुरी**

**ऊना:** थाना ऊना के तहत सनोली में हुई मारपीट में घायल युवक के मेडिकल रिपोर्ट के बाद पुलिस ने दो के खिलाफ मामला दर्ज किया है। पुलिस मामले को लेकर गहनता से जांच कर रही है। पुलिस को दी शिकायत में अनिरूद्ध कुमार निवासी सनोली ने बताया कि 11 अप्रैल को दोपहर के अपने फार्म हाऊस से घर आया। घर के बाहर खड़ा हुआ था, तो गांव का नितिश और जसविंद्र आए। दोनों ने गालियां निकालनी शुरू कर दी। विरोध करने पर नितिश ने थप्पड़ व मुक्कों से मारपीट की। जब अपना बचाव करने लगा, तो जसविंद्र सिंह ने मुझे पीछे से पकड़ लिया और जमीन पर लेटा कर पीटा। इतना ही नहीं डंडा उठाकर मारपीट की, जिसमें दांत टूट गए। हादसे में घायल अनिरूद्ध कुमार को सीएचसी संतोषगढ़ में उपचार व मेडिकल के लिए भर्ती करवाया गया। एसपी ऊना राकेश सिंह ने बताया कि पुलिस ने मेडिकल रिपोर्ट आने के बाद दोनों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### मतदान के दिन लोगों ने दिखाया अपना विरोध

**मथुरा /टीम एक्शन इंडिया**

लोकसभा चुनाव के लिए मतदान जारी है। जिले के कई मतदान केंद्रों पर शुक्रवार को मतदान के दौरान जमीनी स्तर पर समग्र विकास न होने का असर दिखा। नतीजतन कई केंद्रों पर लोग मतदान से दूरी बनाते दिखे। हालांकि कुछ स्थानों पर अफसरों और जनप्रतिनिधियों के समझाने पर लोग मान गए। राधाकुंड क्षेत्र के मुखराई, राया के खप्परपुर और थाना मगोर्रा के गांव बंडपुरा दोपहर एक बजे तक मतदान शुरू ही नहीं हो सका। राया ब्लॉक के गांव खप्परपुर के लोगों ने सादाबाद रोड से गांव तक मुख्य मार्ग सही न होने पर नाराजगी जताते हुए मतदान से दूरी बनाए रखी। यहां दोपहर एक बजे तक मतदान शुरू नहीं हो सका था। इस केंद्र पर करीब 5500 वोटर हैं। राधारानी की ननिहाल गांव मुखराई में भी कुछ ऐसा ही हाल है। यहां करीब 1700 मतदाता है। ये लोग डिग से गांव मुखराई तक सड़क बनवाने, तहसील व ब्लॉक मथुरा के स्थान पर गोवर्धन किए जाने की मांग कर रहे हैं। राज्य सभा सांसद तेजवीर सिंह, सांसद प्रतिनिधि जर्नादन शर्मा के समझाने पर भी बात नहीं बन सकी। ऐसे में यहां भी दोपहर एक बजे तक किसी भी मतदाता ने मताधिकार का प्रयोग नहीं किया। ये लोग मांगों के संबंध में डीएम से लिखित आश्वासन की मांग पर अड़े हैं। वहीं राधाकुंड क्षेत्र के कोन्हई गांव में भी विकास कार्य व सड़क की बदहाली से लोगों में नाराजगी है। इस केंद्र पर करीब 1550 मतदाना है। इनमें से करीब एक बजे सिर्फ 14 लोगों ने मतदान किया। ये सभी एक ही परिवार से जुड़े हैं। हरिश्चंद्र, गोविंद सिंह ने बताया कि पिछले 10 वर्षों से गांव में कोई विकास कार्य नहीं कराया गया है। सुरीर कोतवाली क्षेत्र के गांव इरौली जुन्नारदार के मतदान केंद्र पर दो बूथ हैं। इनमें 1400 से अधिक वोट हैं। दोपहर करीब 12 बजे तक यहां भी मतदान शुरू नहीं हो सका था। यहां अफसरों की मान-मनौव्वल का असर नहीं दिखा। लोग नाले की खुदाई न होने व अन्य कार्यों के न होने से नाराज थे। चौमुहां ब्लॉक गांव देवपुरा में सड़क निर्माण न होने से नाराज लोग 5 घंटे तक मतदान से दूरी बनाए रहे। दोपहर में अफसरो के समझाने पर माने।

नौहझील क्षेत्र के गांव बसाऊ (दौलतपुर) सुबह 10 बजे मतदान शुरू हो सका। यमुना पुल चौकी से बसाऊ के लिए जाने वाले मार्ग के बदहाल होने से नाराज थे। विधायक राजेश चौधरी व एमएलसी योगेश नौहवार के समझाने पर ये लोग मान गए।

हसनपुर जरैलिया में विधायक राजेश चौधरी के समझाने पर 11 बजे से मतदान शुरू हुआ।यहां लोग सड़क, नाली की बदहाली से नाराज थे। सैदगढ़ी में भी विधायक के आश्वासन पर करीब 11 बजे मतदान प्रारंभ हुआ। दोपहर 1 बजे तक सिर्फ वोट डाला गया। वह भी प्रधान का। यहां करीब 791 मतदाता है। गांव मुवारिकपुर में बृहस्पतिवार को विधायक के समझाने पर लोग मान गए थे। सिंगौनी का बूथ मडुआका में बनाए जाने से नाराजगी थी। अफसरों के समझाने पर बात बनी तो ईवीएम दगा दे गई। एक के बाद एक चार मशीनों ने काम नहीं किया। ऐसे में अतिरिक्त ईवीएम मंगाई गई। इस कारण एक घंटे देरी से मतदान शुरू हुआ।

मांट क्षेत्र के नंदनगरिया मतदान केंद्र पर 4 घंटे देरी से मतदान शुरू हुआ। यहां लोग मांट-राया के मुख्य मार्ग से गांव को जोड़ने वाली सड़क जर्जर होने से लोग नाराज थे। विधायक के समझाने पर माने।

थाना मगोर्रा के गांव बंडपुरा में बूथ संख्या 297 में ग्रामीणों ने गांव की समस्याओं को लेकर मतदान से दूरी बना ली। प्रशासन के खिलाफ प्रदर्शन भी किया। ये लोग गांव से जुड़ने वाली 4 सड़क, रजवहा की सफाई, गांव के मार्गों की सफाई सहित बिजली के जर्जर तार आदि समस्याओं को लेकर नाराज हैं।

# भारत को विकसित बनाने के लिए मेहनत कर रहे मोदी: सैनी

**चुनावी प्रचार**

**8 नायब सैनी ने पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल और खुद के लिए वोट की अपील की**



**चंडीगढ़/ करनाल/टीम एक्शन इंडिया** प्रदेश के मुख्यमंत्री एवं करनाल विधानसभा उप चुनाव में भाजपा प्रत्याशी नायब सिंह सैनी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भाजपा तेजी से देश का विकास कर रही है। प्रधानमंत्री भारत को विकसित राष्ट्र बनाने के साथ भारत को विश्व गुरू बनाने के लिए कार्य कर रहे हैं। देश की जनता प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को 400 पार करवाकर एक बार फिर देश की कमान सौंपेगी ताकि हमारा देश और आगे बढ़े। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में संसदीय चुनाव में 400 सीटों पर कमल खिलेगा। केंद्र में तीसरी बार भाजपा की सरकार बनेगी। करनाल में भी कमल खिलेगा और करनाल में विकास निरंतर जारी रहेगा। इसी तरह से हरियाणा में भी तीसरी बार भाजपा की सरकार बनेगी। नायब सिंह सैनी ने शुक्रवार को करनाल में कई कार्यक्रमों में शिरकत की। उन्होंने करनाल लोकसभा प्रत्याशी मनोहर लाल व उप चुनाव में भाजपा प्रत्याशी के तौर पर खुद के लिए वोट की अपील की। लाइनपार क्षेत्र रामनगर में मोहित सचदेवा के मोहित पैलेस में आयोजित कार्यक्रम में स्थानीय निवासियों ने जोरदार स्वागत किया। जनसभा में मौजूद सभी लोगों ने एकजुट होकर कहा कि वह करनाल विधानसभा से प्रत्याशी एवं मुख्यमंत्री नायब सैनी को एवं लोकसभा से मनोहर लाल को भारी मतो से विजयी बनाएंगे।

मुख्यमंत्री ने जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने करोड़ों जरूरतमंदों को राशन देने का काम किया है। अयोध्या में भगवान रामलला का मंदिर बनाकर पांच सदियों के स्वप्न को साकार किया है। नायब सिंह सैनी ने कहा कि मैरिट के आधार पर बिना खर्ची और बिना पर्ची के युवाओं को नौकरियां दी जा रही हैं। नौकरी में कोई भेदभाव नहीं किया जा रहा है, नौकरी युवाओं को योग्यता के आधार पर मिल रही है। उन्होंने कहा कि इस बार के लोकसभा चुनाव में देश की जनता प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकसित भारत के संकल्प को पूरा करने में साथ देगी और हरियाणा प्रदेश की सभी 10 सीटों पर भाजपा की प्रचंड जीत होगी। करनाल लोकसभा चुनाव में मनोहर लाल एक बड़ी जीत दर्ज करेंगे। करनाल विधानसभा उप चुनाव में भी कमल खिलेगा। इस अवसर पर विधायक हरविंद्र कल्याण, जिलाध्यक्ष योगेंद्र राणा, निवर्तमान मेयर रेनूबाला गुप्ता, शशिपाल मेहता, जगमोहन आनंद, संजय बठला, अमर ठक्कर, राजेश अग्घी सहित अन्य मौजूद रहे।

### चुनाव कार्यालय पहुंचे मुख्यमंत्री, कार्यकताओं में भरा जोश

**प्रदेश** के यशस्वी मुख्यमंत्री एवं करनाल विधानसभा उपचुनाव के भाजपा प्रत्याशी नायब सिंह सैनी अपने करनाल प्रवास के दौरान रेलवे रोड स्थित अग्रवाल धर्मशाला में करनाल विधानसभा उप-चुनाव के भाजपा कार्यालय में पहुंचे। पार्टी कार्यालय में पहुंचने पर पार्टी के वरिष्ठ नेताओं एवं कार्यकताओं ने मुख्यमंत्री का अभिनन्दन किया। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कार्यकताओं का आह्वान करते हुए कहा कि हम सबको एकजुट होकर लोकसभा चुनाव और विधानसभा उप-चुनाव में भाजपा को विजयी बनाना है।

## एसी चोरी मामलें में दो आरोपी गिरफ्तार, मिला पांच दिन का पुलिस रिमांड

**राजन पुरी**



**ऊना:** थाना बंगाणा के तहत बड़ूही स्थित एक दुकान से चोरी हुए 9 एसी के मामले में पुलिस ने व्यक्तियों को लुधियाणा से गिरफ्तार किया है। आरोपियों की पहचान सुरजीत सिंह निवासी, अंबाला हरियाणा व सुखजीत सिंह निवासी अमृतसर, पंजाब के रूप में हुई है। पुलिस ने दोनों अदालत में पेश कर पांच दिन के रिमांड पर लिया है।

]बता दें कि नीरज कुमार निवासी बड़ूही ने बंगाणा पुलिस को शिकायत दी थी कि 23 मार्च को अपनी दुकान खोलने गया, तो पाया कि स्टोर के शटर का ताला खुला हुआ था। चैक करने पर 9 एसी गायब थे। सीसीटीवी फुटेज चैक करने पर एक ट्रक चालक द्वारा ट्रक को खड़ा करके एसी चुराए हैं। एसी चोरी के मामले में पुलिस ने सुरजीत सिंह व सुखजीत को गिरफ्तार कर लिया। मामले की पुष्टि करते हुए पुलिस अधीक्षक ऊना राकेश सिंह ने बताया कि पुलिस ने दोनों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। साथ ही अदालत में पेश कर पांच दिन का पुलिस रिमांड पर लिया गया है।

## अंब की नाबालिगा लापता, भाई ने दर्ज करवाई शिकायत

**राजन पुरी**

**ऊना:** थाना अंब के तहत एक गांव की 17 वर्षीय नाबालिगा अचानक घर से लापता हो गई है। मामले को लेकर लापता के भाई ने पुलिस को शिकायत दी है।

पुलिस ने शिकायत के आधार पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस को दी शिकायत में भाई ने बताया कि मेरी 17 वर्षीय बहन वीरवार दोपहर को अचानक घर से लापता हो गई। काफी तलाश के बाद भी बहन का कोई पता नहीं चल पाया है। भाई ने शक जाहिर कि करीब एक माह पहले घर पर एक युवक आया था। हो सकता है बहन को युवक भगाकर ले गया हो। डीएसपी अंब वसूधा सूद ने बताया कि पुलिस ने शिकायत के आधार पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## दस साल से भाजपा के पास सत्ता, जनता को दें अपने काम का हिसाब:नरेश चौहान

**चमन शर्मा**



**शिमला:** भाजपा को कोसने के आरोपो पर कांग्रेस के प्रदेश उपाध्यक्ष नरेश चौहान ने पलटवार किया है और भाजपा की केंद्र सरकार के दस सालों का हिसाब जनता के सामने रखने की भाजपा नेताओं को नसीहत दी है। उन्होंने कहा कि देश में दस साल से सत्ता भाजपा के पास है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी हैं, जिनको अपने दस साल की सरकार के काम काज का हिसाब जनता को देना चाहिए। चौहान ने कहा कि भाजपा ने वर्ष 2014 और 2019 के लोकसभा चुनावों में जनता से जो वायदे किए थे, जो सपने दिखाएए वह कितने पूरे किए हैं,इसका हिसाब जनता को देना चाहिए। आज दस साल बाद फिर जनता के पास जा रहे हैं, तो बताना चाहिए कि भाजपा ने घोषणा पत्र के अनुसार कितने वायदे पूरे किए हैं। नरेश चौहान ने कहा कि भाजपा के सभी वायदे जुमले ही साबित हुए हैं। वोट के लिए भाजपा के राष्ट्रीय नेताओं ने कहा कि सरकार बनने के बाद 15 लाख रुपए हर आदमी के खाते में आएंगेए जब सत्ता में बैठे तो कहने लगे कि यह चुनावी जुमला था। इसी तरह युवाओं को ठगने का काम भाजपा ने किया है। चुनावों के समय वायदा किया कि हर वर्ष 2 करोड़ युवाओं को रोजगार दिया जाएगा। भाजपा के वायदे के अनुसार दस वर्ष में देश के 20 करोड़ युवाओं को रोजगार मिलना चाहिए थाए जो नहीं मिला। जिससे अब कोई भी भाजपा नेता युवाओं को रोजगार देने की बात नहीं करता है। भाजपा ने किसानों की आय दुगनी करनी, विकास करने, स्मार्ट सिटी बनाने, महंगाई कम करने आदि वायदे किए थे, जो पूरी नहीं हुए। अब भाजपा नेता पूरा प्रयास कर रहे हैं कि लोकसभा का चुनाव जनता के असली मुद्दों पर न आए। जिससे मुद्दों को भटकाते हुए जनता को डराने का प्रयास कर रहे हैं। नरेश चौहान ने कहा

## देश में करीब 27 करोड़ लोग करते हैं तंबाकू का सेवन : डा. अशोक कुमार

**जागरूकता**

**8 राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में नशे के विरुद्ध एक दिवसीय 181वां जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया।**



**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**
**करनाल।**

हरियाणा राज्य नारकोटिक्स कण्ट्रोल ब्यूरो के जागरूकता कार्यक्रम एवं पुनर्वास प्रभारी/ उप निरीक्षक डॉ. अशोक कुमार वर्मा ने राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में नशे के विरुद्ध एक दिवसीय 181वां जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया। उन्होंने विद्यालय के विद्यार्थियों के साथ वातार्लाप के माध्यम से इस गंभीर विषय पर चर्चा की और उन्हें नशे से दूर रहने के लिए प्रेरित करते हुए कहा कि हमें नशा क्यों नहीं करना चाहिए। इसके मनुष्य के मस्तिष्क और शरीर पर क्या प्रभाव पड़ते हैं। परिवार और समाज के साथ साथ राष्ट्र पर क्या प्रभाव पड़ते हैं। इस विषय पर गंभीरता से चिंतन मनन किया गया।

उन्होंने विद्यार्थियों को इस अभियान से जोडकर विषयवस्तु पर चर्चा करते हुए बताया कि प्रतिबंधित नशा तो मनुष्य के लिए घातक है ही, लेकिन तंबाकू का नशा जिसमें बीडी, सिगरेट और हुक्का आता है, कम खतरनाक नहीं है। उन्होंने विश्व स्वास्थ्य संगठन के आंकड़ों पर दृष्टिपात करते हुए कहा कि भारत में लगभग 27 करोड़ लोग किसी न किसी रूप में तंबाकू का सेवन करते हैं, जिससे लगभग 14 लाख लोगों की मृत्यु प्रति वर्ष हो जाती है। भारत में प्रतिदिन 3699 लोगों की मृत्यु केवल तंबाकू से हो रही है।

उन्होंने विभिन्न सत्य घटनाओं के बारे वर्णन करते हुए युवाओं को नशे से दूर रहने को जागरूक किया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों से जीवन में नशा न करने की शपथ ग्रहण करवाई गई।

## शांतिपूर्ण मतदान के लिए मंडल आयुक्त ने संभाली कमान

**मथुरा**

जनपद मथुरा में लोक सभा सामान्य निर्वाचन 2024 के मतदान हुए। मतदान सकुशल, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हो सके, इसके दृष्टिगत मंडलायुक्त श्रीमती रितु माहेश्वरी ने अपर आयुक्त प्रशासन राजेश कुमार के संग जनपद मथुरा के विभिन्न मतदेय स्थलों का निरीक्षण किया एवं शांतिपूर्ण तरीके से चल रहे मतदान की व्यवस्थाओं का जायजा लिया।

मंडलायुक्त ने बल्देव विधानसभा क्षेत्र में नवीन प्राथमिक विद्यालय महुअन, मथुरा विधानसभा क्षेत्र में प्राथमिक विद्यालय औरंगाबाद, अमरनाथ गर्ल्स डिग्री कॉलेज इत्यादि मतदेय स्थलों का निरीक्षण किया। यहाँ चल रही मतदान की व्यवस्थाओं का जायजा लिया। लाइन में खड़े मतदाताओं से बातचीत कर यह जानने का प्रयास किया कि मतदान के दौरान किसी भी तरह की समस्या या परेशानी तो नहीं हो रही है। इसके बाद मंडलायुक्त ने मथुरा कलेक्ट्रेट परिसर में बने वेब कास्टिंग एंड कम्युनिकेशन कंट्रोल रूम का भी निरीक्षण किया। यहाँ से जिले के 50 प्रतिशत मतदेय स्थलों पर सीसीटीवी कैमरे से रखी जा रही नजर/ निगरानी की व्यवस्थाओं का अवलोकन किया।

युवा एवं महिला वर्गों के लिए जनपद मथुरा में प्रेमदेवी अग्रवाल गर्ल्स इंटर कॉलेज में 'युवा बूथ' और बीएसए कॉलेज में 'सखी बूथ' के रूप में बने मतदेय स्थल तथा मांट विधानसभा क्षेत्र में आदर्श मतदान केंद्र बने प्राथमिक विद्यालय पानीगांव का भी निरीक्षण किया और यहां पर चल रही मतदान संबंधी व्यवस्थाओं को देखा।

## करनाल में 7 लाख 5 हजार 983 मीट्रिक टन गेहूं की हुई

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल।** उपायुक्त उत्तम सिंह ने बताया कि जिला की मंडियों में गेहूं की आवक शुरू हो चुकी है। इसके दृष्टिगत जिला प्रशासन द्वारा खरीद के सभी आवश्यक प्रबंध पहले से ही किए जा चुके है। गत दिवस तक जिला की मंडियों व विभिन्न खरीद केंद्रों पर 7 लाख 5 हजार 983 मीट्रिक टन गेहूं की आवक हुई, जिसे सरकारी खरीद एजेंसियों द्वारा खरीदा गया। एजेंसियों को उठान कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने बताया कि जिला की विभिन्न मंडियों एवं खरीद केंद्रों पर गत दिवस तक 7 लाख 5 हजार 983 मीट्रिक टन गेहूं की आवक हुई। इसमें से खाद्य एवं आपूर्ति विभाग द्वारा 2 लाख 84 हजार 145 मीट्रिक टन, हैफेड द्वारा 3 लाख 62 हजार 709 मीट्रिक टन तथा हरियाणा वेयर हाऊस कार्पोरेशन द्वारा 59 हजार 129 मीट्रिक टन गेहूं की खरीद की गई।

## कुटलैहड़ में मतदान टीमों की रिहर्सल 27, 28 व 30 अप्रैल को

**राजन पुरी**



**ऊना:** लोकसभा आम चुनाव और कुटलैहड़ विधानसभा क्षेत्र के अधीन होने वाले उपचुनाव के लिए पुरुष कर्मचारियो की प्रथम रिहर्सल 27, 28 अप्रैल को अटल बिहारी वाजपेई महाविद्यालय बंगाणा में और 30 अप्रैल को महिला कर्मचारियों की प्रथम रिहर्सल एसडीएम ऑफिस के कांफ्रेंस हॉल में आयोजित की जाएगी। लोकसभा आम चुनाव और कुटलैहड़ विधानसभा क्षेत्र के लिए होने वाले उपचुनाव के लिए 11 8 मतदान केंद्रों पर तैनात होने वाली मतदान टीमों का पहला पूर्वाभ्यास 27, 28 और 30 अप्रैल को आयोजित किया जा रहा है। उप निर्वाचन अधिकारी एवं उपमंडल अधिकारी बंगाणा सोनू गोयल ने बताया कि इन तीनों चरणों के पूर्वाभ्यास को सुनियोजित, सुचारू और सुविधाजनक ढंग से आयोजित करने तथा आयोजन स्थल पर अधिकारियों-कर्मचारियों के लिए सभी आवश्यक प्रबंध सुनिश्चित करने के लिए अनेक टीमें बनाई गई हैं। इन टीमों को अलग-अलग जिम्मेदारियां सौंपी गई हैं। एसडीएम ने सभी अधिकारियों को रिहर्सल के दिन उपस्थित रहने और टीम प्रभारियों को पूर्वाभ्यास के दौरान भारत निर्वाचन आयोग के दिशा-निदेर्शों के अनुसार आवश्यक प्रबंध करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि पूर्वाभ्यास के दौरान अधिकारियों-कर्मचारियों को किसी भी तरह की असुविधा नहीं होनी चाहिए तथा उनको मतदान से संबंधित सभी आवश्यक प्रक्रियाओं के बारे में पूर्ण रूप से प्रशिक्षित किया जाना चाहिए। इस मौके पर तहसीलदार बंगाणा अमित कुमार, नायब तहसीलदार अभिराय सिंह शर्मा, लिपिक जीवन ठाकुर सहित अन्य उपस्थित रहे।

## आचार संहिता की आड़ में नई अवैध कॉलोनी ना पनपने दें : अतिरिक्त उपायुक्त

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**



**करनाल।** अतिरिक्त उपायुक्त ने डीटीपी को निर्देश दिए कि जिला में नई अवैध कॉलोनियों को पनपने न दिया जाए। अगर कोई चुनाव आचार संहिता की आड़ में कॉलोनी विकसित करता है तो उसे बख्शा न जाए और उसके खिलाफ सख्त कार्यवाही अमल में लाई जाए।

अतिरिक्त उपायुक्त शुक्रवार को लघु सचिवालय के सभागार में जिला टास्क फोर्स कमेटी की बैठक में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि कुछ लोग चुनाव आचार संहिता की आड़ में नई अवैध कॉलोनियां विकसित करने की फिराक में रहते हैं ऐसे लोगों पर कड़ी नजर रखी जाए और संबंधित विभाग के अधिकारी संयुक्त रूप से कार्रवाई करें। उन्होंने यह भी निर्देश दिए कि जिन अवैध कॉलोनियों को ध्वस्त किया जाता है उनकी भी दुबारा से जांच करते रहें कि वे दुबारा निर्माण कार्य नहीं किया गया। अगर वहां दुबारा से निर्माण कार्य किया गया है तो उनके खिलाफ एफआईआर दर्ज करवाएं।

बैठक में डीटीपी ओमप्रकाश ने बताया कि जनवरी 2024 से लेकर 5 मार्च तक 23 अवैध निर्माण व कॉलोनियों को ध्वस्त करने का शेड्यूल बनाया गया था जिसमें से 19 को ध्वस्त किया गया तथा 4 अवैध कॉलोनियों/निर्माण कार्यों पर पुलिस बल उपलब्ध होने के उपरांत तुरंत कार्यवाही अमल में लाई जाएगी। उन्होंने बताया कि 1 जुलाई 2022 से लेकर 10 अप्रैल 2024 तक 73 शिकायतें प्राप्त हुई, जिनमें से पुलिस विभाग द्वारा 58 में एफआईआर दर्ज की जा चुकी हैं तथा शेष जांच प्रक्रिया में हैं। इसी प्रकार से कंट्रोल्ड एरिया से संबंधित 23 शिकायतें प्राप्त हुई थी, जिनमें से 18 में पुलिस विभाग द्वारा एफआईआर दर्ज की जा चुकी हैं तथा शेष जांच प्रक्रिया में हैं।

डीटीपी ने बताया कि 19 जुलाई 2022 में जिला में पहले से विकसित 60 अवैध कॉलोनियां पाई गई थीं। सरकार की पॉलिसी के अनुसार 46 कॉलोनी वासियों ने नियमित करने के लिए विभाग के पास आवेदन किया है। इनमें से 22 कॉलोनियां नियम व शर्तें पूरी करती हैं और इनमें से 2 कॉलोनियां नियमित हो चुकी हैं, 20 के आवेदन सरकार के पास विचाराधीन हैं तथा शेष 24 कॉलोनियां नियमित होने की शर्तें पूरी नहीं करती। उन्होंने यह भी बताया कि जिन 14 कॉलोनीवासियों ने नियमित होने के लिए अभी तक आवेदन नहीं किया है, उनकी रेजिडेंशियल वेसफयर एसोसिएशन को आवेदन करने के लिए प्रेरित किया जा रहा है।

इस अवसर पर एएसपी प्रबीना पी., एसडीएम करनाल अनुभव मेहता, एसडीएम असंध वीरेंद्र ढुल, एसडीएम इंद्री अशोक कुमार, एसडीएम घरौंडा राजेश सोनी, लोक निर्माण विभाग के कार्यकारी अभियंता रिषी सचदेवा व संदीप सिंह, नगर निगम के कार्यकारी अभियंता सहित अन्य विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

## एमएससी भूगोल तृतीय सेमेस्टर में छाए खालसा कॉलेज के विद्यार्थी

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**



**करनाल।** गुरु नानक खालसा कॉलेज करनाल के एमएससी भूगोल तृतीय सेमेस्टर के विद्यार्थियों ने कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय कुरुक्षेत्र की मेरिट में स्थान बनाकर कॉलेज का नाम रोशन किया है। कॉलेज के प्राचार्य डॉक्टर गुरिंदर सिंह ने बताया कि एमएससी भूगोल के पांच विद्यार्थियों ने मेरिट में स्थान बनाया है जो कि हर्ष के साथ-साथ गर्व का विषय है। प्राचार्य ने बताया कि विद्यार्थी साहिल ने 65 प्रतिशत अंकों के साथ कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय में छठा स्थान प्राप्त किया है। वहीं छात्र प्रतिभा ने भी 65 प्रतिशत अंकों के साथ छठा स्थान प्राप्त किया है। छात्र मुकुल ने 63.4 प्रतिशत अंकों के साथ सातवां, अभिषेक ने 62.8 प्रतिशत अंकों के साथ नौवां तथा गौरव ने 62.4 प्रतिशत अंकों के साथ कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय में 11वां स्थान प्राप्त किया है। कॉलेज प्रबंधन समिति के प्रधान सरदार कंवरजीत सिंह प्रिंस ने सभी मेरिट में आए विद्यार्थियों को मिठाई खिलाकर सभी का अभिनंदन किया और कहा कि सभी विद्यार्थियों को कॉलेज की तरफ से हरसंभव सहायता उपलब्ध करवाई जाती है

ACTION INDIA

# एक्शन इंडिया

Front Page - 2

एक्शन इंडिया ▸ ऊना ▸ 27 अप्रैल 2024 ▸ पृष्ठ 12 ▸ आरएनआई: HPHIN / 2012 / 48072

RKB GROUP Rakesh Bhardwaj Group

फास्ट न्यूज

## जीत निश्चित, मोदी बनेंगे पीएम: हेमा

टीम एक्शन इंडिया

मथुरा: मथुरा से भाजपा सांसद हेमा मालिनी ने शुक्रवार को वृंदावन में मतदान से पूर्व भाजपा की जीत का पूरा भरोसा दिलाया है। उन्होंने स्वयं इस बात को स्वीकार किया है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा किए गये विकास कार्यों से जनता प्रसन्न है। मोदी तीसरी बार प्रधानमंत्री बनेंगे। उन्होंने जनता से अपील की है कि ज्यादा से ज्यादा मतदान करें। भाजपा सांसद ने कहा कि हमारी जीत निश्चित है। मैं चाहती हूं कि लोकतंत्र के इस उत्सव में पूरी जनता शामिल हो। सभी वोट करें, यह देश के प्रति बड़ी जिम्मेदारी है। मोदी जी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने में जनसमर्थन की आवश्यकता होती है। मुझे यकीन है कि आप सभी जाएंगे और अपना वोट डालेंगे। मतदान के लिए अपने रिश्तेदारों को भी प्रेरित करें।

## सीआरपीएफ के डीआईजी पर यौन उत्पीड़न के आरोप

नई दिल्ली: केंद्र सरकार ने सीआरपीएफ के डीआईजी रैंक के एक अधिकारी को बर्खास्त करने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। अधिकारी पर सीआरपीएफ की कई महिला कर्मियों ने यौन उत्पीड़न के आरोप लगाए थे। यूनियन पब्लिक सर्विस कमीशन की सिफारिश पर गृह मंत्रालय ने आरोपी अधिकारी को बर्खास्त करने की प्रक्रिया शुरू कर दी है।

जांच में सही पाए गए आरोप : गृह मंत्रालय ने आरोपी अधिकारी को नोटिस जारी 15 दिनों के भीतर जवाब मांगा है। जवाब मिलने के बाद गृह मंत्रालय बर्खास्तगी का आदेश जारी कर देगा। जिन अधिकारी के खिलाफ बर्खास्तगी की कार्रवाई चल रही है, वो सीआरपीएफ के डिप्टी इंस्पेक्टर जनरल खजान सिंह हैं। फिलहाल वह मुंबई में तैनात हैं। सीआरपीएफ की आंतरिक कमेटी ने खजान सिंह के खिलाफ जांच की थी और जांच में अधिकारी के खिलाफ लगे आरोप सही पाए गए। कमेटी ने जांच रिपोर्ट सीआरपीएफ मुख्यालय भेजी, जहां से इसे यूनियन पब्लिक सर्विस कमीशन भेज दिया गया है। अब यूपीएससी की सिफारिश पर गृह मंत्रालय कार्रवाई कर रहा है।

**अधिकारी ने आरोपों से किया इनकार** : आरोपी अधिकारी के खिलाफ दो मामले हैं, जिनमें से एक मामले में गृह मंत्रालय ने बर्खास्तगी का आदेश जारी कर दिया है। वहीं दूसरे मामले की जांच अभी भी चल रही है। खजान सिंह सीआरपीएफ में मुख्य खेल अधिकारी के तौर पर सेवाएं दे चुके हैं।

खजान सिंह साल 1986 में सियोल में हुए एशियन गेम्स में 200 मीटर तैराकी इवेंट के सिल्वर मेडल विजेता रहे हैं। साल 1951 के बाद भारत का तैराकी में यह पहला पदक था। खजान सिंह ने अपने ऊपर लगे आरोपों से इनकार किया है और दावा किया कि उनकी छवि को खराब करने के लिए ये आरोप लगाए गए हैं। सीआरपीएफ में अभी 3.25 लाख कर्मी हैं। सीआरपीएफ में साल 1986 में पहली बार महिलाओं को युद्धक भूमिकाओं में शामिल किया गया था। इसमें महिला सैनिकों की छह बटालियन हैं, जिनमें करीब 8 हजार महिलाएं कार्यरत हैं।

# कांग्रेस का घोषणापत्र बहुत खतरनाक: योगी

### कांग्रेस पर खूब बरसे उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ

साधा निशाना

**विपक्ष देश में एक बार फिर तीन तलाक और पर्सनल लॉ लागू करने की बात कर रहे हैं: सीएम**

टीम एक्शन इंडिया

**लखनऊ:** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि इंडी गठबंधन देश को विभाजन की ओर ले जाना चाहता है। कांग्रेस के घोषणा पत्र में जिन चीजों का उल्लेख किया गया है, वह दुनिया के सबसे बड़े लोकतांत्रिक देश भारत के लिए खतरनाक संकेत करता है। वह देश को एक बार फिर तीन तलाक और पर्सनल लॉ लागू करने की बात कर रहे हैं। इसका पुरजोर विरोध होगा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने एक बयान में कहा कि दूसरे चरण में आज लोकसभा के 13 राज्यों के 89 लोकसभा क्षेत्रों में चुनाव आज सम्पन्न हो जाएगा। कुल मिलाकर 191 सीटों पर आज शाम तक चुनाव हो जाएंगे। देश के अंदर जो उत्साह है। लोगों के मन में मोदी के कार्यों को लेकर जो उमंग है, सकारात्मक माहौल है, उसे देखते हुए कह सकते हैं कि प्रधानमंत्री मोदी के कार्यों को जनता जनार्दन का आशीर्वाद प्राप्त हो रहा है। फिर एक बार देश के अंदर मोदी की सरकार के संकल्प को पूरा करने में मदद मिलेगी। शुक्रवार को उन्होंने कहा कि देश कार्य को देखना चाहता है। मोदी ने देश को 10 साल में एक नई दिशा दी है। आजादी के समय से लेकर अबतक यह स्वार्मिम काल है। देश के अंदर विभिन्न सेक्टर में कुछ नया करके दिखाया है। भारत दुनिया में अपनी अलग पहचान बनाई है। मेरा मानना है कि मोदी के नेतृत्व में चार जून को जब परिणाम आएंगे तो फिर से मोदी सरकार बनेगी। सीएम योगी ने कहा कि यह कहना है कि चुनाव में महत्वहीन मुद्दे आ रहे हैं, इससे मै पूरी तरह सहमत नहीं हूं। चुनाव के शुरूआत में हम लोगों ने मोदी की गारंटी जो विकास, सुशासन और सुरक्षा से जुड़े मुद्दे ही चुनाव के दौरान जनता के बीच लेकर गए। इस बीच इंडी गठबंधन की कांग्रेस पार्टी का घोषणा पत्र सामने आ गया।

कांग्रेस पार्टी ने अपने घोषणा पत्र जिन चीजों का उल्लेख किया है, वह भारत जैसे दुनिया के सबसे बड़े लोकतांत्रिक देश के लिए बहुत खतरनाक संकेत करता है।



### हमने विकास के मुद्दे पर जोर दिया: सीएम

**योगी** ने कहा कि कांग्रेस का इतिहास, इस पूरे मामले में हमेशा संदिग्ध रहा है। स्वाभाविक रूप से यह मुद्दे प्रासांगिक हो जाते हैं। हमने विकास के मुद्दे पर जोर दिया। मोदी सरकार के 10 साल के कामकाज को लेकर जनता के बीच गए लेकिन कांग्रेस के घोषणा पत्र ने हम सबको अपनी खींचा। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता सैम पित्रोदा का बयान सबने पढ़ा। कर्नाटक में कांग्रेस की सरकार है। कर्नाटक सरकार ने धर्म के आधार पर आरक्षण का बंदर बाट किया है। घोषणा पत्र में भी कांग्रेस ने उल्लेख किया है कि वह सम्पत्ति का सर्वे कराएंगे। सम्पत्ति अपने कब्जे में लेंगे। उन्होंने कहा कि एक तरफ लोग मजहबी आधार पर देश के विभाजन की आधारशिला रखना चाहते हैं। दूसरी तरफ अगर किसी ने मेहनत से सम्पत्ति अर्जित की है, घर बनाया, खासतौर पर हमारी माताएं बहनें गहनें खरीदती हैं, उसे ये(कांग्रेस) अपने अधिकारी में लेंगे। विरासत में मिली चीजों का आधा ये लोग हड़प लेंगे। तीसरा इन लोगों ने पर्सनल लॉ लागू करने की बात की। तीन तलाक को फिर से लागू करने की बात कर रहे हैं।व जोर देते हुए मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि अगर कोई देश को पुनः उस ओर ले जाने की कोशिश करेगा तो उसका विरोध हर हाल में होगा। भारत के अंदर नक्सलबाद पूरी तरह समाप्ति की ओर है। अगर नक्सलवाद और माओवाद को फिर से पनपाने का प्रयास होगा, उसका पुरजोर विरोध होगा।

### 'चूरन चटनी खाने वाले व्यक्ति ने बहुत से लोगों का हाजमा दुरुस्त कर दिया'

टीम एक्शन इंडिया

बदायूं: मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा इटावा के जसवंत नगर में बेचारा और सत्यनारायण की कथा में चूर्ण खाना वाले व्यक्ति बताने के बयान पर बदायूं में सपा के राष्ट्रीय महासचिव शिवपाल यादव ने पलटवार किया है। पूर्व सांसद धर्मेंद्र यादव के आवास पर शुक्रवार को पत्रकारों से बातचीत करते हुए समाजवादी पार्टी (सपा) के राष्ट्रीय महासचिव शिवपाल यादव ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के बयान को लेकर कहा कि मुख्यमंत्री कपड़े तो संतों के पहनते हैं, लेकिन संतों का ज्ञान नहीं है।

# भारत को विकसित राष्ट्र बनाने के लिए दें भाजपा को वोट: बृजेश पाठक

वोट की अपील

**पिछली सरकारों के प्रधानमंत्री को विश्व के लोग गम्भीरता से नहीं लेते थे: डिप्टी सीएम**

टीम एक्शन इंडिया

**सिद्धार्थनगर:** प्रधानमंत्री मोदी के कार्यकाल में भारत की साख दुनिया में बढ़ी है। यह आपके वोट की ताकत से हुआ है। पिछली सरकारों के प्रधानमंत्री को विश्व के लोग गम्भीरता से नहीं लेते थे। जर्मनी के राष्ट्रपति कहते हैं कि मोदी जैसा कोई नहीं। उक्त जानकारी उत्तर प्रदेश सरकार के उप मुख्यमंत्री बृजेश पाठक ने जिले के इटवा तहसील मुख्यालय पर स्थित माता प्रसाद जायसवाल इंटर कॉलेज के प्रांगण में भाजपा द्वारा आयोजित सोशल मीडिया वालंटियर्स सम्मेलन में दिया है।



बतौर मुख्य अतिथि उन्होंने कहा कि दुनिया में भारत का डंका बज रहा है।कांग्रेस की सरकार में भारत की छवि भ्रष्टाचार को लेकर थी।इनके कई मंत्री घोटालों में जेल चले गए। वर्ष 2014 में भाजपा की सरकार बनने पर गरीबों के लिए तमाम कल्याणकारी योजनाएं किसान सम्मान निधि,आयुष्मान कार्ड, निःशुल्क आवास, उज्ज्वला गैस योजना आदि शुरू की गई। सरकार सत्तर वर्ष तक के लोगों को आयुष्मान कार्ड पांच लाख रुपये तक इलाज की गारंटी दे रही है।

## ईवीएम पर सुप्रीम कोर्ट के फैसले को भाजपा ने बताया लोकतंत्र की जीत

टीम एक्शन इंडिया

**नई दिल्ली :** ईवीएम-वीवीपीएटी सत्यापन के लिए शत प्रतिशत पर्ची मिलान की याचिका सुप्रीम कोर्ट द्वारा खारिज किए जाने को भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने लोकतंत्र की जीत बताया है। शुक्रवार को शीर्ष कोर्ट के फैसले पर पार्टी का पक्ष रखते हुए भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता शहजाद पूनावाला ने कहा कि आज लोकतंत्र के लिए बड़ा दिन है, आज लोकतंत्र की जीत हुई है। आज बाबासाहेब अंबेडकर, संविधान, ईसीआई और लोकतंत्र की जीत हुई है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस औ? इंडी गठबंधन जो ईवीएम के खिलाफ अफवाहें और निराधार दावे फैला रहे थे, उनकी हार हुई है।

## पीएम के नेतृत्व में लिखी जा रही विकास की नई गाथा: धामी

टीम एक्शन इंडिया

**देहरादून:** मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में उत्तराखंड में विकास की नई गाथा लिखी जा रही है। उत्तराखंड देश का पहला राज्य है जहां समान नागरिक संहिता (यूसीसी) कानून को लाया गया है और आने वाले दिनों में यह कानून यह देश को भी रास्ता दिखाएगी। गुरुवार सायं मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी हैदराबाद में प्रवासी उत्तराखंडियों की ओर से आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए यह बातें कही। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि "हमारे उत्तराखंड के लोग देश दुनिया में जहां भी हैं उन्होंने अपनी मेहनत और लगन से अपनी एक पहचान वहां बना ली है।" उन्होंने कहा कि मैं पिछले दिनों जब इन्वेस्टर्स समिट के लिए देश विदेश के शहरों में गया तो देखा कि हमारे लोग अपनी संस्कृति, विरासत के साथ अपनी जड़ों से जुड़े हुए हैं। उन्होंने कहा कि उत्तराखंड की टोपी जो यहां सब ने लगाई हुई है उसे प्रधानमंत्री मोदी भी धारण करते हैं और वे जब भी उत्तराखंड आते हैं तो इसे अवश्य ही लगाते हैं। जब मैं लंदन गया तो वहां बहुत सारे संस्कृतिक कार्यक्रम किये इन्हें, देखकर लग ही नहीं रहा था कि मैं इंग्लैंड में हूं। उन्होंने कहा कि एक बार हमारे प्रधानमंत्री मोदी के मुंह से यह शब्द निकले की 21 वीं सदी का तीसरा दशक उत्तराखंड का होगा और आज यह साकार हो रहा है। विकास की दृष्टि से उत्तराखंड में चारधाम ऑल वेदर रोड बनी है तो बहुत जल्द देहरादून दिल्ली की दूरी बस ढाई घंटे में तय हो जाएगी। चारधाम में पिछले साल 56 लाख लोगों ने यात्रा की। "अभी एक सप्ताह हुआ है यात्रा के लिए पंजीकरण खुला है और 15 लाख पंजीकरण हो चुके हैं।" उत्तराखंड से आज देश के तमाम शहरों के लिए सीधी हवाई सेवा चल रही है। "पहाड़ों में जल्द ट्रेन का सपना भी जल्द पूरा होने जा रहा।" केदारनाथ में रोपवे का कार्य भी प्रारंभ किया जा रहा है। बद्रीनाथ का पूरा मास्टर प्लान के तहत काम हो रहा है। हेमकुंड साहिब की यात्रा भी रोपवे से आसान होने जा रही है।



दावा

**मुख्यमंत्री ने हैदराबाद में प्रवासी उत्तराखंडियों की ओर से आयोजित कार्यक्रम में किया प्रतिभाग**

इसी तरह, कुमाऊँ में मानसखंड माला मिशन को विकसित किया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि नकल के खिलाफ हमने राज्य में सबसे कड़ा कानून लाया है। धर्मांतरण रोकने के लिए भी हमने कानून लाया है। हम किसी भी कीमत पर देवभूमि का स्वरूप नहीं बदलने देंगे।

## अपना पंसदीदा उम्मीदवार चुनना सभी का अधिकार: शमी

टीम एक्शन इंडिया

**अमरोहा:** भारतीय तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी ने अपने परिवार के साथ अपने मताधिकार का प्रयोग किया। उन्होंने कहा कि आपको अगर मताधिकार का हक है तो अपने पंसदीदा उम्मीदवार व सरकार को चुनने के लिए मतदान अवश्य करें। भारतीय क्रिकेटर मो. शमी अपने भाई हसीब और भाभी संग डिडौली क्षेत्र के गांव सहसपुर अलीनगर के मतदान केंद्र पर पहुंचे। वोट डालने के बाद मीडिया कर्मियों ने उन्हें पूछा कि किसके पक्ष में आपने मतदान किया है। इस पर वे अपने ही अंदाज में बोले कि किसी को भी पूछने का अधिकार नहीं है कि किसने किसके पक्ष में वोट किया है। ये आपका वोट है और आपको अपनी सरकार चुनने का पूरा हक है। अपने पसंद के प्रत्याशी को वोट दें। जिले के लिए विकास, स्कूल, कॉलेज, मेडिकल कॉलेज, स्पोर्टस क्लब आदि जो सभी हित के लिए होना चाहिए, यही सब कुछ मुद्दे हैं।

मतदान

**अगर मताधिकार का हक है तो अपने पंसदीदा उम्मीदवार व सरकार को चुनने के लिए मतदान अवश्य करें**

## हल्द्वानी में ईडी का छापा, इंटरनेशनल ड्रग्स माफिया से कनेक्शन का मामला

टीम एक्शन इंडिया

**हल्द्वानी:** शहर के तिकोनिया में शुक्रवार सुबह जांच एजेंसी ईडी ने छापा मारा है। बताया जा रहा है कि तिकोनिया के पास एक कॉलोनी में स्थित एक घर में छापामार की कार्रवाई की गई है। हालांकि आधिकारिक तौर पर अभी ज्यादा जानकारी नहीं मिल सकी है। जानकारी के अनुसार अमेरिका में एक 40 साल के भारतीय नागरिक एवं हल्द्वानी के रहने वाले बनमीत सिंह को डार्कवेब पर ड्रग्स बेचने के मामले में दोषी पाया गया है। उसे अमेरिकन अदालत ने 5 साल जेल सजा सुनाई है। इसके अलावा



उसके पास से 1.25 हजार करोड़ रुपये जब्त करने का भी आदेश दिया गया है। गुरुवार सुबह हल्द्वानी के गुरुतेग बहादुर वाली गली में सुरजीत सिंह नरूला पुत्र मनप्रीत सिंह के घर में छापा मारा गया है। बताया जा रहा है बनमीत सिंह ही सुरजीत सिंह का पुत्र है इस इंटरनेशनल ड्रग माफिया के देवभूमि कनेक्शन की कहानी हैरान करने वाली है।

छापा मारा

**हल्द्वानी के गुरुतेग बहादुर वाली गली में सुरजीत सिंह नरूला पुत्र मनप्रीत सिंह के घर में छापा मारा**

हल्द्वानी के रहने वाले बनमीत को अप्रैल 2019 में लंदन से गिरफ्तार किया गया था।

## संदिग्ध बस को पुलिस ने अयोध्या में पकड़ा

टीम एक्शन इंडिया

**अयोध्या:** उत्तर प्रदेश के अयोध्या में गोरखपुर-लखनऊ राष्ट्रीय राजमार्ग पर देवकाली के पास पुलिस ने समुदाय विशेष के 93 बच्चों और मौलवी को लेकर जा रही संदिग्ध बस को पकड़ लिया है। अयोध्या थाने की पुलिस के मुताबिक इंटेलिजेंस इनपुट के आधार पर यह कार्रवाई की गई है। यह बस बच्चों को लेकर बिहार के अररिया से सहारनपुर के देवबंद स्थित किसी मदरसे में जा रही थी। फिलहाल इंटेलिजेंस और पुलिस की टीम बस के चालक-परिचालक और मौलवी से पूछताछ कर रहे हैं।

## लखनऊ में भाजपा को पांच गुना मतदान करेंगे मुस्लिम: बुक्कल

टीम एक्शन इंडिया

लखनऊः भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नेता और विधान परिषद सदस्य बुक्कल नवाब ने शुक्रवार को कहा कि लखनऊ में मुस्लिम वर्ग के मतदाता भाजपा को लोकसभा चुनाव में दो से तीन प्रतिशत मतदान करता था। बदले परिवेश में मुस्लिम भाजपा को पांच गुना मतदान करेंगे। उनका मानना है कि इस बार लोकसभा चुनाव में 15 प्रतिशत के करीब मुस्लिम मत भाजपा को मिलेगा। बुक्कल नवाब ने हिन्दुस्थान समाचार से कहा कि लखनऊ में शिया मुस्लिम तो भाजपा को मतदान करते रहे हैं। इस बार सुन्नी मुस्लिम मतदाता भी कुछ मत करता हुआ दिखेगा। कालीचरण स्कूल के आगे हाता की ओर जो रास्ता आ रहा है, उधर सुन्नी बेल्ट है। वहां पता करिये तो समझ में आयेगा कि सुन्नी मतदाता भी भाजपा के साथ में खड़ा है। लखनऊ में भाजपा को मुस्लिम क्षेत्र में बढ़त पर उन्होंने कहा कि उनके क्षेत्र हुसैनाबाद में कई मुस्लिम घरों में उज्जवला गैस योजना के लाभार्थी है।

## उत्तराखंड संस्कृत शिक्षा परिषद का परिणाम जारी

टीम एक्शन इंडिया

**देहरादून** उत्तराखंड संस्कृत शिक्षा परिषद हरिद्वार की ओर से शुक्रवार को पूर्व मध्यमा द्वितीय वर्ष (हाईस्कूल) एवं उत्तर मध्यमा द्वितीय वर्ष (इंटरमीडिएट) का परिषदीय परीक्षा वर्ष-2024 का परीक्षाफल घोषित किया गया। परिषदीय परीक्षा वर्ष 2024 में पूर्व मध्यमा द्वितीय वर्ष (हाईस्कूल) में कुल 754 एवं उत्तर मध्यमा द्वितीय वर्ष (इंटरमीडिएट) में 722 छात्र-छात्राएं पंजीकृत हैं। उत्तराखंड शासन के संस्कृत शिक्षा सचिव चंद्रेश कुमार यादव ने शुक्रवार को सचिवालय स्थित मीडिया सेंटर में प्रेसवार्ता के दौरान वर्ष 2024 में उत्तीर्ण हुए छात्र-छात्राओं और टॉपर्स की जानकारी दी। हाईस्कूल में उत्तरकाशी के राहुल व्यास ने 440 अंक के साथ टॉप किया है, जबकि इंटरमीडिएट में पौड़ी गढ़वाल के आयुष ममगाई ने 455 अंक के साथ टॉप किया है। उन्होंने बताया कि उत्तराखंड संस्कृत शिक्षा परिषद अब संस्कृत शिक्षा के छात्र-छात्राओं को केवल पुरोहित शिक्षा में ही नहीं, बल्कि पेशेवर रूप से तैयार करेगा। साथ ही संस्कृत शिक्षा विभाग अपना शैक्षणिक कैलेंडर भी जारी करेगा।





घोषणा

**हाईस्कूल में राहुल तो इंटरमीडिएट में आयुष ने किया टॉप, छात्रों को पेशेवर रूप से तैयार करेगा विभाग**

कन्फ्यूजन

### अवमानना कार्यवाही को चुनौती देने वाली याचिका को सूचीबद्ध करने पर विचार करेगी

# सुप्रीम कोर्ट एमपी बार काउंसिल के अध्यक्ष की याचिका पर करेगा

टीम एक्शन इंडिया

**नई दिल्ली :** सुप्रीम कोर्ट अवमानना कार्यवाही के खिलाफ मध्य प्रदेश बार काउंसिल के सदस्यों की याचिका पर विचार करने को तैयार हो गया है। पीठ ने शुक्रवार को कहा कि वह कथित रूप से हड़ताल का आह्वान करने के लिए मध्य प्रदेश उच्च न्यायालय के समक्ष राज्य बार काउंसिल के अध्यक्ष और अन्य के खिलाफ चल रही अवमानना कार्यवाही को चुनौती देने वाली याचिका को सूचीबद्ध करने पर विचार करेगी।

**कई सदस्य अवमानना कार्यवाही का सामना कर रहे :** प्रधान न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़, न्यायमूर्ति जेबी पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ ने मध्य प्रदेश राज्य बार काउंसिल के अध्यक्ष और बार के अन्य सदस्यों की ओर से पेश हुए वरिष्ठ अधिवक्ता विवेक तन्खा के इस कथन का संज्ञान लिया कि बार के कई सदस्य अवमानना कार्यवाही का सामना कर रहे हैं और मामले पर शीघ्र सुनवाई की आवश्यकता है। काउंसिल के अध्यक्ष, बल्कि 103 बार एसोसिएशन भी अवमानना कार्यवाही का सामना कर रहे हैं। मामले में जल्द सुनवाई होनी चाहिए।



कार्यवाही

**काउंसिल के अध्यक्ष, बल्कि 103 बार एसोसिएशन भी अवमानना कार्यवाही का सामना कर रहे हैं**

इस पर सीजेआई ने कहा, 'मैं मामले को देखूंगा।' मध्य प्रदेश उच्च न्यायालय ने राज्य में वकीलों की जारी हड़ताल पर राज्य बार काउंसिल के अध्यक्ष और उसके निर्वाचित सदस्यों के खिलाफ अवमानना का मामला शुरू किया था।

अदालत का कहना था कि राज्य बार काउंसिल ने मुद्दे को सुलझाने की बजाय हड़ताल करने का रास्ता चुना। मध्य प्रदेश राज्य बार काउंसिल के अध्यक्ष ने पिछले साल दो नवंबर के उच्च न्यायालय के अंतरिम आदेश के खिलाफ अपील दायर की है। गौरतलब है कि मार्च 2023 में अधिवक्ता अनिश्चितकालीन प्रदेशव्यापी हड़ताल पर चले गए थे।

## चारधाम यात्रा के दौरान यात्रियों की सुविधा को लेकर पर्यटन विभाग चौकस

टीम एक्शन इंडिया

**देहरादूनः** राज्य में 10 मई से शुरू होने वाली चारधाम यात्रा को लेकर तैयारियां तेज हो गई हैं। पर्यटन विभाग ने यात्रियों को सुविधा का विशेष ख्याल रखने, यात्रा को सरल और सुगम बनाने के लिए संबंधित अधिकारियों को दिए हैं। शुक्रवार को पर्यटन सचिव सचिन कुर्वे ने बताया कि इस बार भी बड़ी संख्या में तीर्थ यात्री चारधाम पहुंचेंगे। चारधाम यात्रियों की सुविधा का विशेष ख्याल रखा जाएगा। यात्रा को सरल और सुगम बनाने के लिए संबंधित अधिकारी को सभी आवश्यक निर्देश दिए गए हैं। पर्यटन सचिव कुर्वे ने बताया कि गढ़वाल कमिश्नर और सभी जिलाधिकारियों को व्यवस्थाओं को दुरुस्त करने के निर्देश दिए गए हैं, जहां धन की जरूरत है, वहां मुहैया करा दिया गया है। केदारनाथ धाम में आस्था पथ और मंदाकिनी पथ के निर्माण कार्यों में तेजी लाने के निर्देश दिए गए हैं। पर्यटन सचिव ने कहा कि यात्रियों की लगने वाली लंबी-लंबी लाइनों से बचने और उन्हें हरसंभव बेहतर सुविधाएं मुहैया कराने के लिए निर्देश दिए गए हैं। वहीं केदारनाथ धाम में चलने वाले घोड़े और खच्चरों के लिए अल्टरनेट रूट को लेकर भी पीडब्ल्यूडी और वन विभाग काम कर रहा है लेकिन इस साल की यात्रा पुराने मार्ग से ही होगी।

